राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 123
लखनऊ, शनिवार 03 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में 'यूपी' बनेगा थीम स्टेट : जयवीर सिंह 03

प्रसूता वार्डों में सर्दी से ठिठुर रही महिलाएं और नवजात 10

# आस्था का सबसे बड़ा धार्मिक व सांस्कृतिक समागम माघमेला आज से, 15 फरवरी महाशिवरात्रि को होगा समापन

## गंगा की रेती पर बस गया तंबुओं का अस्थायी शहर, चार लाख से अधिक कल्पवासियों के जप-तप और संकल्प की साक्षी बनेगी संगम नगरी प्रयागराज

**संगम में प्रवाहित हो रही संयम, साधना और भक्ति की त्रिवेणी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रयागराज के संगम तट में लगे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक, सांस्कृतिक समागम माघ मेले में पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही माघ मेला क्षेत्र में तप, साधना और संयम की त्रिवेणी प्रवाहित होने लगेगी।

भक्ति साधना और संयम की त्रिधारा है कल्पवास की शुरुआत पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ शनिवार को होगी। कल्पवासियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि की वजह से योगी सरकार ने कल्पवासियों के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। माघमेला 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा से प्रारंभ होकर 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित होने वाला माघ मेला धर्म, अध्यात्म, संस्कृति का देश का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के साथ ही ज्ञान, भक्ति और साधना की विविध धाराएं यहां प्रवाहित होने लगेंगीं। माघ मेला क्षेत्र में एक तरफदंड धारण करने वाले दंडी संतों और रामानंदी आचार्य संतो और मुकाम धारी खालसा के संतों की दुनिया होगी तो वहीं होगा चतुष्पीठ के शंकराचार्यों का वैभव। अध्यात्म के इस सागर में यहां कल्पवासियों के जप, तप और संयम की त्रिवेणी अभी से प्रवाहित होने लगी है। पौष पूर्णिमा से पूरे एक महीने तक गंगा और यमुना की रेत पर तंबुओं के शिविर बनाकर ठिठुरती ठंड में साधना करने वाले इन कल्पवासियों की संख्या में इस साल अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मेला प्रशासन का अनुमान है कि 4 लाख कल्पवासी माघ मेले में कल्पवास करेंगे। कल्पवासियों को माघ मेले का प्रथम साधक माना जाता है जिनके बिना माघ मेले के आयोजन की कल्पना भी नहीं संभव है। माघ मेला क्षेत्र में इन्हें बसाना मेला प्रशासन की प्राथमिकता होती है।

**पहली बार क्षेत्र में कल्पवासियों के लिए अलग से भी 950 बीघे में बसाया गया एक नगर**

एडीएम माघ मेला दयानन्द प्रसाद बताते हैं कि इस बार महाकुंभ 2025 के भव्य और दिव्य आयोजन की स्मृति और 12 साल बाद कल्पवास के संकल्प लेने की परम्परा के चलते कल्पवासियों की संख्या बढ़ गई है। इसे देखते हुए पहली बार माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के लिए एक अलग से भी 950 बीघे में एक नगर बसाया गया है जिसे प्रयागवाल नाम दिया गया है। नागवासुकी मंदिर के सामने गंगा नदी के पार इसे बसाया गया है। तीर्थ पुरोहितों और मेला प्रशासन के साथ विचार विमर्श के बाद फैसला लिया गया है। तीर्थ पुरोहितों की मांग, सहूलियत को देखते हुए विभिन्न सेक्टरों में भी कल्पवासियों के लिए तंबू लगाए गए हैं। कल्पवासी की उम्र और अवस्था को देखते हुए इन्हें बसाया जा रहा है। मेला क्षेत्र में मूल रूप से कल्पवास करने वाले इन श्रद्धालुओं को गंगा के तटों के पास ही तंबुओं की व्यवस्था की गई थी ताकि सुबह प्रतिदिन इन्हें गंगा स्नान के लिए दूर तक न चलना पड़े।

**माघ मेला के मुख्य स्नान की तिथियां**

पौष पूर्णिमा 3 जनवरी, मकर संक्रांति 14 जनवरी, मौनी अमावस्या 18 जनवरी, बसंत पंचमी 23 जनवरी, माघी पूर्णिमा एक फरवरी व महाशिवरात्रि 15 फरवरी

**संपूर्ण मेला क्षेत्र में किए गए स्वच्छता के विशेष इंतजाम**

योगी सरकार माघ मेला क्षेत्र को दिव्य, भव्य और स्वच्छ स्वरूप दे रही है। इसके लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र में स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। मेला प्रशासन के मुताबिक विभिन्न सेक्टर में बस रहे कल्पवासियों के शिविर में भी स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। कल्पवासियों से भी अपील की जाएगी कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल शिविर में न करें। बुजुर्ग कल्पवासियों के लिए शीत लहरी से बचाव हो इसके लिए भी प्रशासन कई कदम उठा रहा है। प्रशासन ने कल्पवासियों के शिविर के बाहर अलाव जलाने की व्यवस्था की थी ताकि शीत लहरी से कल्पवासियों का बचाव हो सके।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,36,350/ |
| 22 कैरेट | = | 1,25,000/ |
| 18 कैरेट | = | 1,02,300/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,42,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**दिल्ली हवाई अड्डे पर करीब 21 करोड़ की कोकीन जब्त**

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर दो यात्रियों के पास से लगभग 21 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन जब्त की, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार आरोपियों को 31 दिसंबर को बैंकॉक (थाईलैंड) से आने के बाद रोका गया। उन्होंने बताया कि गुजरात के रहने वाले दोनों आरोपी अलग-अलग उड़ानों से दिल्ली पहुंचे थे। सीमा शुल्क विभाग ने 'एक्स पर एक पोस्ट में बताया, काले रंग के दो ट्रॉली बैग की जांच के दौरान अधिकारियों को उनके भीतर छिपाकर रखे गए पॉलीथीन बैग मिले, जिनमें सफेद रंग का पदार्थ बरामद हुआ।

**जेल में बंद पूर्व सीएम बघेल के बेटे चैतन्य को मिली जमानत**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मामले में विगत पांच माह से जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को आज उच्च न्यायालय बिलासपुर ने जमानत दे दी। चैतन्य बघेल को धन शोधन रोधी अधिनियम (मनी लॉन्ड्रिंग) की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया गया था। उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच ने यह निर्णय सुनाया है। फिलहाल, उन्हें ईओडब्ल्यू और ईडी मामले में जमानत मिली है। अन्य मामलों में जांच जारी है। उनकी जमानत याचिका पर बहस पूरी होने के बाद उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा था।

**सजोर्ड मारिजने बने भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच**

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को सजोर्ड मारिजने को भारतीय महिला हॉकी टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। डच कोच सजोर्ड मारिजने एक बार फिर भारतीय सेटअप में लौटे हैं। इससे पहले उनके कार्यकाल में भारतीय महिला हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया था, जो 36 वर्षों में ओलंपिक में टीम की दूसरी भागीदारी थी। मारिजने के साथ सहयोगी स्टाफ में अर्जेंटीना के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मटियास विला को एनालिटिकल कोच नियुक्त किया गया है।

**एनआईए ने शोपियां व पुलवामा में चलाया तलाशी अभियान**

**श्रीनगर।** एनआईए ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां और पुलवामा जिलों में दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए बम विस्फोट की जांच के तहत तलाशी अभियान चलाया है। एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से आरोपितों में से एक यासिर अहमद डार को तलाशी अभियान में शामिल किया। अहमद को 'व्हाइट कॉलर' आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किया गया था।

# 48 घंटों में और बढ़ेगी गलन

## लखनऊ से आने-जाने वाली व होकर गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनें निर्धारित समय से घंटों की देरी से पहुंचीं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** नए साल की सुबह ही धूप निकला जिससे ठंड से हल्की राहत मिली। उसके दूसरे दिन शुक्रवार 2 जनवरी की सुबह घना कोहरा छाया रहा। सुबह 7 बजे तक विजिबिलिटी 100 मीटर रही। मौसम विभाग के अनुसार दिन में धूप निकलेगी। अगले 48 घंटे में गलन और बढ़ जाएगी।

नए साल की रात तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से -0.8 डिग्री कम रहा। वहीं, अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा जो सामान्य से 0.9 डिग्री ज्यादा रहा। आर्द्रता औसतन 87 दर्ज की गई। अगले 7 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। लखनऊ से आने-जाने वाली और यहां से होकर गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से पहुंचीं।

गोरखधाम 12.50 घंटे देरी से पहुंची वहीं, तेजस 8 घंटे 55 मिनट लेट हुई। 12004 शताब्दी एक्सप्रेस 1 घंटा 48 मिनट, 12180 आगरा-लखनऊ इंटरसिटी 6 घंटे 10 मिनट, 13240 कोटादूपटना एक्सप्रेस 7 घंटे 44 मिनट, 14866 मरुधर एक्सप्रेस 3 घंटे 54 मिनट, 12226 कैफियात एक्सप्रेस 6 घंटे 37 मिनट, 15566 वैशाली एक्सप्रेस 5 घंटे 50 मिनट, 15734 फरक्का एक्सप्रेस 7 घंटे 7 मिनट, 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस 12 घंटे 26 मिनट लेट हुई।

**कक्षा 12 तक के स्कूलों में पांच जनवरी तक छुट्टी**

**शीत लहर को लेकर सभी अधिकारी क्षेत्र में रहें भ्रमणशील : सीएम योगी**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में ठंड और कोहरा का सितम जारी है। प्रदेश में शीत लहर चलने से शरीर कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। इस तरह प्रदेश में भीषण ठंड के प्रकोप को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कक्षा 12 तक के स्कूलों की छुट्टी बढ़ा दी है। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दे दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण शीतलहर को लेकर 12 वीं तक के स्कूलों में छुट्टी बढ़ा दी है। सीएम योगी ने 5 जनवरी तक सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड और आईसीएससी बोर्ड के सभी स्कूलों को 5 जनवरी तक बंद करने के निर्देश दिए है। अभी तक कक्षा 12 तक के स्कूलों में 1 जनवरी तक छुट्टी घोषित थी। लेकिन अब इसे 5 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। वहीं कक्षा 8 तक के स्कूल 14 जनवरी तक बंद रहेंगे।

**पांच तक शीतलहर की संभावना**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा और शीत दिवस जैसी परिस्थितियां बनी रहीं। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वही हिमाचल प्रदेश में लगभग चार महीने से चल रहे लंबे सूखे के बाद, मंडी में हुई हल्की बारिश और मौसम की पहली बर्फबारी ने जिले के किसानों और बाग मालिकों को राहत प्रदान की है। मौसम विभाग ने कहा कि दो जनवरी से पांच जनवरी के बीच अलग-अलग स्थानों पर शीतलहर का असर रहने की संभावना है। विभाग के अनुसार, जब न्यूनतम तापमान सामान्य औसत से 4.5 से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे चला जाता है, तो शीतलहर घोषित की जाती है। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम होने पर शीत दिवस की स्थिति मानी जाती है। मौसम कार्यालय ने यह भी बताया कि दिल्ली के कई इलाकों में रात और सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है।

**फरीदपुर से भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल का निधन**

**बरेली।** फरीदपुर से भाजपा विधायक प्रोफेसर डॉ. श्याम बिहारी लाल का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। बरेली सर्किट हाउस में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर से राजनीतिक और शैक्षणिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर को यहां सर्किट हाउस में राज्य के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की एसआईआर को लेकर बैठक चल रही थी। इसी दौरान डॉ. श्याम बिहारी लाल को अचानक सीने में तेज और असहनीय दर्द उठा। हालत बिगड़ते देख अफसरों और सहयोगियों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में उन्हें मेडिसिटी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने सीपीआर सहित तमाम प्रयास किए, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। अस्पताल के डॉ. विमल भारद्वाज ने बताया कि उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण सफलता नहीं मिली। दुखद संयोग यह रहा कि डॉ. श्याम बिहारी लाल ने एक दिन पहले ही अपना जन्मदिन मनाया था।

# इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से 100 से अधिक भेड़ों की मौत

समृद्धि न्यूज

**फरेन्दा, महराजगंज।** गोरखपुर से आनंदनगर होते हुए नौतनवां जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 100 से अधिक भेड़ों की मौत हो गई। वहीं करीब एक दर्जन से अधिक भेड़ गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची कैम्पियरगंज स्वास्थ्य विभाग की टीम घायल भेड़ों की इलाज में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक गोरखपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन करीब 12 बजे नौतनवां के लिए चली थी। ट्रेन आनंदनगर स्टेशन के पहले लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज के समीप पहुंची थी कि अचानक भेड़ों का एक बड़ा झुंड आ गया। भेड़ों के झुंड को देखकर ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक का प्रयोग किया, लेकिन तब तक करीब 150 भेड़ ट्रेन की चपेट में आ गए और दुर्घटना में करीब सौ से अधिक भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस व रेल विभाग के कर्मचारी घायलों के इलाज में जुट गए। स्टेशन अधीक्षक ओपी त्रिपाठी ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। घटना के बाद ट्रेन निर्धारित समय से चली गई।



**कोहरा बन रहा हादसे का सबब**

खराब मौसम के कारण ट्रेन से जानवरों के साथ हो रहे हादसों में बढ़ोतरी हो गई है। बताते चलें अभी एक सप्ताह पूर्व बरगदवा राम सहाय गांव के पास नौतनवां से आनंदनगर आ रही पैसेंजर ट्रेन की भी चपेट में आकर एक दर्जन गायों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गई थीं। छुट्टा पशुओं की संख्या में बढ़ोतरी के साथ उनके रख रखाव की समुचित व्यवस्था न होने के कारण पशुओं का खुलेआम घूमना भी घटना का कारण बन रहा है। पशुओं का गोसदन भेजने की व्यवस्था भी ध्वस्त हो चुकी है। घटना के बाद भी जिम्मेदार अपने जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे है। रेल पटरी पर हो रही आए दिन दुर्घटना किसी दिन बड़े हादसा का कारण न बन जाए।

**भारतमाला हाई-वे पर ट्रेलर ने आठ लोगों को रौंदा, चार की मौत, चार गंभीर**

**बीकानेर।** जिले के नापासर पुलिस थाना क्षेत्र में भारतमाला हाईवे पर देशनोक-नौरंगदेसर मार्ग पर गुरुवार देर रात एक ट्रेलर ने सड़क किनारे खड़े ऑटो और पिकअप को टक्कर मारते हुए 8 लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। पुलिस के अनुसार इस हादसे में घायल इंद्र सिंह ने बताया कि वे गांधीनगर की तरफ से आ रहे थे। हाईवे पर एक ऑटो पलटा हुआ था। ऑटो वाले ने लाइट दी तो वे रुक गये। वे ऑटो को उठाने का प्रयास कर रहे थे, तभी स्पीड में आए ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इंद्र सिंह ने बताया कि वहां दो से तीन गाड़ियां और खड़ी थीं, जो चपेट में आ गईं।

# बड़ी उपलब्धि : पालघर में पहाड़ी सुरंग-5 का हुआ सफल परीक्षण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में एक अहम उपलब्धि के तहत महाराष्ट्र के पालघर जिले में शुक्रवार को पहाड़ी सुरंग (एमटी)-5 को सफलतापूर्वक खोल दिया गया है। करीब 1.5 किलोमीटर लंबी यह सुरंग विरार-बोईसर स्टेशनों के बीच स्थित है। इससे पहले सितंबर 2025 में ठाणे-बीकेसी के बीच पांच किमी लंबी देश की पहली अंडरग्राउंड हाई-स्पीड रेल टनल पूरी की गयी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां स्थित रेल भवन से ही ऑनलाइन माध्यम से इस समारोह में जुड़े और रेलवे की इस उपलब्धि को देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह 1.5 किलोमीटर लंबी पहाड़ी सुरंग पालघर जिले की सबसे लंबी सुरंगों में शामिल है और यह विरार तथा बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित है। यह महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन परियोजना की दूसरी सुरंग है जिसका कार्य पूरा हो चुका है। इससे पहले ठाणे और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच पांच किमी लंबी भूमिगत सुरंग का कार्य सितंबर 2025 में पूरा किया गया था।



**1500 करोड़ के जमीन घोटाले में सुरेंद्रनगर के पूर्व कलेक्टर गिरफ्तार**

**गांधीनगर।** गुजरात के प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मचाने वाले लगभग 1500 करोड़ रुपये के ज़मीन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुरेंद्रनगर के तत्कालीन कलेक्टर राजेंद्र पटेल को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को गांधीनगर स्थित उनके निवास पर तीन अलग-अलग टीमों ने लंबी पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार करीब तीन घंटे तक चली गहन पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर पूर्व कलेक्टर की गिरफ्तारी की गई है। सूत्रों ने बताया कि अब आरोपित पूर्व कलेक्टर को ईडी विशेष अदालत में पेश कर रिमांड की मांग करेगी।

# लखनऊ, रायबरेली व फतेहपुर के एआरटीओ सस्पेंड

**भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी व कर्मी के खिलाफ सरकार सख्त**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के तहत लखनऊ, रायबरेली, फतेहपुर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन क्रमशः राजीव कुमार बंसल, अम्बुज एवं पुष्पांजलि मित्रा गौतम को निलंबित कर दिया गया है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उक्त अधिकारियों को निलंबित किया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार सख्त है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार स्वीकार्य नहीं है। विशेष सचिव ने बताया कि अधिकारियों के खिलाफ रायबरेली के थाना लालगंज में एसटीएफ द्वारा भारतीय न्याय संहिता-2023, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम-1988 एवं मोटरयान अधिनियम-1988 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गयी थी। एसटीएफ की कार्यवाही में इन अधिकारियों के खिलाफ गंभीर कृत्यों,कदाचार में संलिप्तता के कारण इन अधिकारियों का नाम दर्ज होना सरकारी सेवा आचरण नियमों का उल्लंघनकर्तव्यहीनता और शासकीय राजस्व क्षति पहुंचाने, विभाग की छवि धूमिल करने के दृष्टिगत अधिकारियों के खिलाफनिलंबन की कार्यवाही की गयी है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रायबरेली अंबुज एवं सहायक संभागीय अधिकारी फतेहपुर पुष्पांजलि मित्रा गौतम की जांच उप परिवहन आयुक्त मयंक ज्योति को सौंपी गयी है। सहायक संभागीय अधिकारी राजीव कुमार बंसल की जांच उप परिवहन आयुक्त केडी सिंह को सौंपी गयी है। निलंबन अवधि में उक्त अधिकारी मुख्यालय से संबद्ध रहेगे। निलंबन अवधि में निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्धवेतन पर देय अवकाश वेतन की राशि के बराबर देय होगा।



# लद्दाख के उप राज्यपाल अब 100 करोड़ तक की परियोजना को दे सकेंगे मंजूरी

एजेंसी

**केंद्र सरकार ने लद्दाख के उप राज्यपाल की वित्तीय शक्तियां कीं बहाल**

**जम्मू।** केंद्र सरकार ने लद्दाख के उपराज्यपाल की वित्तीय शक्तियां बहाल कर दी हैं। इसके बाद अब उपराज्यपाल 100 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे।

वित्त मंत्रालय ने लद्दाख, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव और लक्षद्वीप के प्रशासकों और उपराज्यपालों को 100 करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए अधिकार सौंप दिया है। मंत्रालय के अनुसार वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन नियम (डीएफपीआर), 2024 के तहत एलजी और प्रशासकों को शक्तियां प्रदान की गई हैं। मंत्रालय के अनुसार इन शक्तियों का प्रयोग एलजी/प्रशासक संबंधित यूटी के सचिव (वित्त) या वित्तीय सलाहकार के परामर्श से, साथ ही पर्याप्त बजटीय प्रावधान उपलब्ध होने के बाद करेंगे। वित्त मंत्रालय के निर्देश में कहा गया है कि प्रत्यायोजित शक्तियों को फिर से प्रत्यायोजित नहीं किया जा सकता है। यह भी निर्देश दिये गए हैं कि इन शक्तियों के तहत स्वीकृत सभी प्रस्तावों का विवरण जुलाई, अक्टूबर, जनवरी और अप्रैल के अंत तक गृह मंत्रालय के माध्यम से व्यय विभाग को त्रैमासिक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**दो टूक**

**केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को कड़े और स्पष्ट शब्दों में कहा**

# आतंक को बढ़ावा देने वालों से पानी साझा नहीं कर सकता भारत

एजेंसी

**एस. जयशंकर ने कहा कि जो पड़ोसी देश लगातार आतंकवाद का समर्थन करता है, उसके खिलाफ भारत को खुद को सुरक्षित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का पूरा अधिकार है। इस अधिकार का उपयोग कैसे और कब किया जाएगा, यह पूरी तरह भारत का संप्रभु निर्णय है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत को क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए, यह कोई बाहरी ताकत तय नहीं कर सकती।**

**चेन्नई।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को कड़े और स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जो देश लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देता है, वह भारत से जल संसाधनों को साझा करने की मांग नहीं कर सकता। उन्होंने साफ किया कि भारत अपनी सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगा।

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने नागरिकों को आतंकवाद से बचाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि विदेश नीति में यह स्पष्ट रूप से तय होना चाहिए कि कौन मित्र देश है और कौन शत्रु। भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं कर सकता।

विदेश मंत्री ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई देश एक साथ भारत में आतंकवाद फैलाने का प्रयास भी नहीं कर सकता और भारत से उसके जल संसाधनों को साझा करने की अपेक्षा भी नहीं रख सकता। उन्होंने कहा कि एक देश ने यह तय कर लिया है कि वह इच्छानुसार, स्थायी रूप से और बिना किसी पछतावे के आतंकवाद को जारी रखेगा।

जयशंकर ने आगे कहा कि वर्षों से आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण पाकिस्तान को एक अच्छा पड़ोसी देश नहीं कहा जा सकता। ऐसे में वह पड़ोसी होने से मिलने वाले किसी भी लाभ की उम्मीद भी नहीं कर सकता। भारत अपनी सुरक्षा, संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाता रहेगा। विदेश मंत्री के इस बयान को भारत की सख्त और स्पष्ट विदेश नीति का संकेत माना जा रहा है, जिसमें आतंकवाद के मुद्दे पर किसी भी तरह की नरमी की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है।



# सीमावर्ती क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड ने महिला को पटका, मौत

## जिला मुख्यालय से करीब 125 किलोमीटर दूर सुजौली थानाक्षेत्र के भरतापुर गांव से सटे नेपाल सीमाक्षेत्र के गांव में हुई घटना

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले से सटे नेपाल के सीमावर्ती इलाके में जंगली हाथियों के झुंड ने एक महिला को पटक कर मार डाला। हाथियों के गुजरने के बाद कोई जानवर महिला के शव को उठा ले गया और उसका आधा शरीर खा गया। महिला खेत में काम कर वापस लौट रही थी, तभी हाथियों ने अचानक हमला कर दिया। करीब 15 घंटे बाद जंगल से महिला का अधखाया शव बरामद हुआ। उसका एक हाथ गायब था, सिर भी गायब था। शरीर पर कपड़े भी नहीं थे।

बुधवार शाम की यह घटना बहराइच जिला मुख्यालय से करीब 125 किलोमीटर दूर सुजौली थानाक्षेत्र के भरतापुर गांव से सटे नेपाल सीमाक्षेत्र के गांव की है। नेपाल पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला का शव बाघ ने खाया या किसी अन्य जानवर ने इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। बहराइच से सटी नेपाल सीमा के कतर्नियाघाट जंगल के पास 47 वर्षीय नेपाली महिला बालिका सेन खेतों में कुछ अन्य महिलाओं के साथ बुधवार को काम करने गई थीं। बालिका सेन के साथ काम करने वाली महिलाओं ने बताया कि लौटते वक्त अचानक शाम को हाथियों के झुंड ने हमला कर दिया। झाड़ियों को पार कर पहुंची हाथियों के बीच बालिका सेन घिर गईं। हाथियों ने सूंड में फंसाकर महिला को कई बार पटका। अन्य महिलाएं हाथियों के हमले को देखते हुए अपनी जान बचाकर भाग निकलीं। महिला को मारने के बाद झुंड वहां से गुजर गया। रात के अंधेरे में कोई जानवर महिला के शव को उठा ले गया। उधर, महिलाओं की सूचना पर गांव के लोगों ने रात में महिला को खोजने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। वन विभाग और पुलिस को भी सूचना दी गई। अगले दिन सुबह नेपाल क्षेत्र के कतर्नियां जंगल में महिला का शव बरामद हुआ। महिला 10 नंबर करमोहनी राजापुर की रहने वाली थी।



### हाथियों के मूवमेंट पर विशेष नजर : डीएफओ

कतर्नियाघाट के डीएफओ सूरज कुमार ने बताया कि कतर्निया जंगल में वन्यजीवों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। हाथियों के मूवमेंट पर विशेष नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की सलाह दी गई है। सुजौली थाना प्रभारी प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि घटनास्थल नेपाल में होने के कारण शव को नेपाल पुलिस ने कब्जे में लिया है और आगे की कार्रवाई वहीं की जा रही है।



### सीमावर्ती इलाकों में लगातार बढ़ रहा हाथियों का आतंक

पिछले दो सप्ताह से सीमावर्ती जिलों में नेपाली हाथियों का आतंक बना हुआ है। लखीमपुर खीरी और बहराइच के कई इलाकों में हाथी फसलों को रौंद चुके हैं। यहां 30 से 35 हाथियों का दल सक्रिय है। इनसे बफर जोन की मझगईं और पलिया रेंज सबसे ज्यादा प्रभावित है। ये झुंड अब तक करीब 40 एकड़ से ज्यादा गन्ने की फसल तहस-नहस कर चुका है। 45 से अधिक किसान प्रभावित, अब तक मुआवजा नहीं मिला है।

### शव की हालत देख लोग डरे

सुबह बरामद शव का चेहरा गायब था, एक हाथ भी नहीं था। शरीर पर कपड़े भी नहीं थे। ग्रामीणों ने बाघ के हमले की आशंका जताई। हालांकि, वन विभाग ने बाघ के हमले से इनकार कर दिया। वनकर्मियों के अनुसार, बाघ के पगचिह्न नहीं मिले हैं। महिला का शव कोई और जानवर खाया होगा।

### हाथियों के झुंड से दहशत

बीते दिनों अंबेडकर नगर गांव के शंभू कुमार को हाथी ने पटक दिया था, जो अभी जिला अस्पताल में भर्ती हैं। इससे पहले चौखड़ा गांव निवासी राम बहादुर की हाथी कुचलकर हत्या कर चुका है।

# एसपी ने परेड की ली सलामी व परेड का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/ कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया।

परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

इसके अतिरिक्त एसपी ने पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। तत्पश्चात एसपी ने पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बालक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रिसिया में शुक्रवार सुबह एक हादसा हो गया। साइकिल से घूमने निकले 12 वर्षीय बालक अरमान की ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना रेलवे स्टेशन चौराहे के पास हुई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली का चालक वाहन को बैक कर रहा था। इसी दौरान अरमान अपनी साइकिल से वहां से गुजर रहा था और अनियंत्रित होकर गिर गया। ट्रॉली का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बालक की पहचान रिसिया के देवीपुरा निवासी सलमान के 12 वर्षीय पुत्र अरमान के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### टैंपो की टक्कर से किसान की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** तरब गंज थाना क्षेत्र के जमाल खानी गांव के निवासी 58 वर्षीय अवतार पुत्र जग मोहन यादव बृहस्पतिवार की दोपहर में साइकिल से गेहूं की खेत देखने गया था। देर शाम को वापस घर लौट रहा था। प्राथमिक विद्यालय जमाल खानी के पास ही तेज रफ्तार से जा रही टैंपो ने टक्कर मार दिया जिस से घायल हो गया। इलाज के लिए उस का मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। शुक्रवार की सुबह उस की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक घर का अकेला था। उस के कोई बच्चे नहीं है। अपने भाई मदन यादव के दो बच्चों को गोद लिए हुए है ।नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

### वृद्धाश्रम में फल एवं मिष्ठान वितरण वितरण कार्यक्रम आयोजित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** एक जनवरी को नव वर्ष पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, आबर,गौरा रोड बलरामपुर में एक सौहार्दपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित समाज कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 360वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर मिहींपुरवा नगर में शुक्रवार को भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। प्रभात बेला से ही गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर कीर्तन की शुरुआत मिहींपुरवा गुरुद्वारा साहिब से हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पश्चिमी बस अड्डे तक पहुंचा और पुनः गुरुद्वारा परिसर में संपन्न हुआ।

नगर कीर्तन में सजे हुए पंच प्यारे, कीर्तन जत्थे तथा बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे नगर में ÷वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह÷ के गगनभेदी जयकारे गूंजते रहे। जगह-जगह समाजसेवियों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। कीर्तन के दौरान गुरु गोबिंद सिंह जी के त्याग, बलिदान, साहस और आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर देश में अमन-चैन, एकता और भाईचारे की कामना की गई। कार्यक्रम में संत बाबा काला सिंह, दिलबाग सिंह, प्रगट सिंह, बाबा मंजीत सिंह, सैय्यद फैसल, जावेद अंसारी, राहुल मदेशिया, शहनवाज, आकिब अंसारी, उत्कर्ष सिंह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। नगर कीर्तन के शांतिपूर्ण और अनुशासित आयोजन से मिहींपुरवा नगर में सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली।





# सीएम लघु सिंचाई योजना के सहारे कृषक लिख रहे हैं सफलता की कहानी, कृषकों की आय बढ़ोत्तरी का साधन बने उथले नलकूप



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** विकास खण्ड मिहींपुरवा के ग्राम खड़िया निवासी कृषक अवधेश पुत्र राम लाल व विकास खण्ड जरवल के ग्राम तप्पेसिपाह निवासी कृषक जगन्नाथ पुत्र विलाश ने बताया कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना (उथले नलकूप) अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में 18 मीटर गहरे नलकूप की स्थापना से उनकी कृषि आधारित आय में भारी बढ़ोत्तरी हुई है।

कृषकों द्वारा बताया गया कि नलकूप की लागत रू. 21,800=00 के सापेक्ष उन्हें लघु सिंचाई विभाग से रू. 15,400=00 का अनुदान प्राप्त हुआ है। कृषकों द्वारा अपना अनुभव साझा करते हुए जानकारी दी गई कि उथले नलकूप नही होने से वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता था। जिससे उनके द्वारा मात्र दो फसलें धान एवं गेंहूँ ही उगा पाते थे। इन दो फसलों में भी वर्षा की कमी के कारण उत्पादन कम प्राप्त होता था। उथले नलकूप के निर्माण से हर समय सिंचाई हेतु जल उपलब्ध रहता है। स्वयं के पास डीजल पम्पसेट होने से बोरिंग पर लगा कर आवश्यकतानुसार सिंचाई का विकल्प उपलब्ध हो गया है। अब हमें सिंचाई हेतु वर्षा पर निर्भर नही रहना पड़ता है। कृषकों ने बताया कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत उथले नलकूप स्थापित होने से अब वह दो फसलों के बजाय तीन-तीन फसलों का उत्पादन कर रहे है। जिसमें मुख्यतः धान, गेहूं, गन्ना एवं चरी भी उगाते है। खेत के कुछ भागों में सब्जियां उगाकर भी अतिरिक्त आय प्राप्त की जा रही है। किसानों ने बताया कि सुनिश्चित सिंचाई सुविधा प्राप्त होने से उन्हें फसलों के उत्पादन में दो गुना से अधिक वृद्धि होने से उनकी कृषि आय में भी गुणात्मक वृद्धि हुई है। जिससे उनके जीवन में खुशहाली आयी है।

# 9वें भेड़िए को वन विभाग ने मार गिराया, टीम ने मारी गोली

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले में आदमखोर भेड़ियों के आतंक के बीच गुरुवार देर शाम वन विभाग को एक और बड़ी सफलता मिली। कैसरगंज वन रेंज में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने 9वें भेड़िए को मार गिराया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भेड़िया जैसे ही आबादी की ओर बढ़ा, वन विभाग के शार्प शूटर ने उसे गोली मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गुरुवार शाम रेंजर ओंकार यादव अपनी टीम के साथ कैसरगंज वन रेंज के भिरगू पुरवा गांव के पास नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान झाड़ियों के बीच एक भेड़िया दिखाई दिया।

टीम ने पहले उसे घेरकर पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भेड़िया अचानक गांव की दिशा में बढ़ने लगा। हालात की गंभीरता को देखते हुए शूटर को अलर्ट किया गया और तत्काल गोली चलाने का फैसला लिया गया। वन अधिकारियों के मुताबिक, अगर भेड़िया गांव में घुस जाता तो जान-माल के बड़े नुकसान की आशंका थी। कैसरगंज और आसपास के इलाकों में सितंबर से दिसंबर के बीच आदमखोर भेड़ियों के हमलों ने पूरे जिले को दहशत में डाल दिया था। इन हमलों में अब तक 11 मासूम बच्चों समेत कुल 13 लोगों की मौत हो चुकी है। गांवों में शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता था, लोग बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे थे। लगातार हो रही मौतों के बाद मामला शासन स्तर तक पहुंचा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि अगर भेड़िए पकड़ में न आएं और आबादी के लिए खतरा बनें, तो उन्हें शूट किया जाए। इसके बाद वन विभाग ने शार्प शूटरों के साथ विशेष अभियान शुरू किया। ड्रोन, कैमरा ट्रैप और गश्ती टीमों के जरिए पूरे इलाके पर नजर रखी जा रही है। इस अभियान के तहत अब तक कुल 9 आदमखोर भेड़ियों को मारा जा चुका है। प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेशा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भेड़िया आबादी की ओर जा रहा था, इसलिए उसे गोली मारनी पड़ी।

# निवर्तमान जिलाधिकारी नेहा शर्मा का ड्रीम प्रोजेक्ट मॉडल वेंडिंग जोन हुआ धराशाई




समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा के द्वारा जिले को जाम से बचाने के लिए मॉडल वेंडिंग जोन बनवाया गया था और लगभग सौ पटरी के दुकानदारों के लिए यह व्यवस्था बनाई गई थी वैसे मॉडल वेंडिंग जॉन तो उनके मौजूदगी में ही बनकर तैयार हो गया था देर थी तो सिर्फ लॉटरी के द्वारा दुकानदारों को एलाट करने की और तब तक नेहा शर्मा जी का यहां से तबादला हो गया उनके स्थान पर जिले की बगडोर प्रियंका निरंजन जी के हाथ में आ गया उसके बाद तो ऐसा लग रहा है की अब उन दुकानों का एलॉटमेंट खटाई में पड़ गया है क्योंकि जब इस प्रकरण पर नगर पालिका के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी उप जिला अधिकारी विशाल कुमार से दीपावली से पूर्व समृद्धि न्यूज़ ने पूछा था कि इन मॉडल वेंडिंग जोन के दुकानों की अलॉटमेंट की क्या व्यवस्था है तो उनके द्वारा बताया गया था कि दीपावली से पूर्व इन सभी दुकानों की अलॉटमेंट कर दी जाएगी किंतु दीपावली को बीते लगभग 3 महीने हो गए और अभी तक अलॉटमेंट खटाई में ही पड़ा हुआ है ऐसे में तो यही कहा जाएगा कि निवर्तमान जिलाधिकारी नेहा शर्मा का ड्रीम प्रोजेक्ट मॉडल वेंडिंग जोन खटाई में ही पड़ गया।

# यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे सात ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**जांच के दौरान वाहन पाए गए अपंजीकृत ओवरहाइट, ओवरहैंगिंग एवं लेटरल हैंगिंग गन्ना लादकर कर रहे थे परिवहन**

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** एआरटीओ (प्रशासन) आर.सी. भारतीय द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान बजाज चीनी मिल से जुड़े विभिन्न गन्ना क्रय केंद्रों पर संचालित किया गया, जहां नियमों की अनदेखी कर चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की गहन जांच की गई।

अभियान के दौरान 7 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा गया, जो गंभीर रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन कर रही थीं। जांच में पाया गया कि ये वाहन अपंजीकृत थे तथा निर्धारित मानकों के विपरीत ओवरहाइट, ओवरहैंगिंग और लेटरल हैंगिंग गन्ना लादकर चल रहे थे। इसके अतिरिक्त कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पास वैध परमिट नहीं था, जबकि कुछ पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी हुई थी। इस प्रकार की लापरवाही न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। एआरटीओ प्रशासन आर.सी. भारतीय द्वारा इस कार्रवाई के अंतर्गत सभी 7 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया। इन सभी वाहनों पर 50,000 रुपये से लेकर 65,000 रुपये तक का अर्थदंड लगाया गया। कुल मिलाकर यह कार्रवाई यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई।

एआरटीओ प्रशासन ने वाहन स्वामियों और चालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि इस प्रकार के उल्लंघन पाए गए तो और भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण, बिना परमिट, मानक से अधिक ऊंचाई या बाहर की ओर लदे गन्ने के साथ वाहनों का संचालन पूर्णतः अवैध है और इससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने चीनी मिल प्रबंधन से भी अपेक्षा की कि गन्ना परिवहन में लगे वाहनों की नियमित जांच कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वाहन वैध दस्तावेजों के साथ एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप ही सड़क पर चलें। एआरटीओ प्रशासन ने आमजन से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित परिवहन व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके।





# यूपी वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से की शिष्टाचार भेंट



समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन के संघ के द्वारा बीएसए अमित कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोण्डा को नव वर्ष के शुभ अवसर पर शिष्टाचार भेंट की गई।

नव वर्ष के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक , एसपी गुप्ता, व जिला अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा, व जिले के प्रमुख पदाधिकारी के द्वारा, फोटो, प्रतीक चिन्ह शॉल और नववर्ष की डायरी, कलम देकर सम्मानित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह के द्वारा प्रबंधक फाउंडेशन द्वारा संगठित निजी प्राइवेट स्कूलों की जन समस्याओं को लेकर, सहयोग करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर सत्य प्रकाश गुप्त (प्रदेश संयोजक) ऐश्वर्य-प्रियदर्शी ( जिला महासचिव) अमित वर्मा ( कोषाध्यक्ष) पंकज भारती ( जिला मीडिया प्रभारी) नवीन कुमार मिश्रा (जिला अध्यक्ष गोंडा ) खेमचंद( जिला उपाध्यक्ष) विराट गौड, अरविंद श्रीवास्तव, हनुमान प्रसाद जोशी (नगर संरक्षक) विनय कुमार सिंह, अनुपम सिंह प्रबंधक गण मौजूद रहे।

**बैठक** | **प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयुक्त सभागार में हुई समीक्षा बैठक**

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**31 जनवरी तक आवेदन, 22 फरवरी को होगी अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा**



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** आयुक्त, देवीपाटन मंडल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम सिसवा, तहसील मनकापुर, जनपद गोण्डा में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 एवं कक्षा 9 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

प्रवेश प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज आयुक्त सभागार में आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल की अध्यक्षता में समस्त संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रवेश परीक्षा से जुड़ी सभी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रवेश परीक्षा शासन के निर्धारित मानकों के अनुरूप, पूरी पारदर्शिता एवं मेरिट के आधार पर आयोजित की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, परीक्षार्थियों की सुविधा, दिव्यांग छात्रों के लिए अतिरिक्त समय, सुरक्षा व्यवस्था तथा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि यह विद्यालय निर्माण श्रमिकों के बच्चों, कोविड-19 महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित बच्चों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत पात्र बच्चों को गुणवत्तापरक एवं निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यालय उपश्रमायुक्त, देवीपाटन मंडल, गोण्डा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कक्षा 6 में कुल 160 सीटें उपलब्ध हैं, जिनमें 80 बालक एवं 80 बालिकाएं सम्मिलित हैं, जबकि कक्षा 9 में कुल 61 सीटें निर्धारित हैं, जिनमें 31 बालक एवं 30 बालिकाएं शामिल हैं। आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से स्वीकार किए जा रहे हैं। आवेदन पत्र निःशुल्क किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक श्रम विभाग कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट upbocw.in के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों एवं तीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 31 जनवरी 2026 की सायं 5 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। पात्रता शर्तों के अनुसार कक्षा 6 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की जन्मतिथि 01 मई 2014 से पूर्व तथा 31 जुलाई 2016 के बाद की नहीं होनी चाहिए, जबकि कक्षा 9 के लिए जन्मतिथि 01 मई 2011 से पूर्व तथा 31 जुलाई 2013 के बाद की नहीं होनी चाहिए। अभ्यर्थी का संबंधित कक्षा में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। प्रति परिवार अधिकतम दो बच्चे ही पात्र होंगे तथा सभी वर्गों के लिए आरक्षण शासन के नियमानुसार देय होगा। प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनपद गोण्डा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा अवधि दो घंटे की होगी तथा दिव्यांग/सक्षम छात्रों को 40 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाएगा। प्रवेश पत्र 07 फरवरी 2026 से पोर्टल से डाउनलोड अथवा कार्यालय उपश्रमायुक्त, देवीपाटन मंडल, गोण्डा से ऑफलाइन प्राप्त किए जा सकेंगे। आयुक्त ने कहा कि विद्यालय में प्रवेश पूर्णतः मेरिट सूची एवं आरक्षण नियमों के आधार पर किया जाएगा तथा किसी भी विवाद की स्थिति में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

# जीरो पावर्टी की ओर बढ़ रहा यूपी, योगी सरकार का मॉडल ले रहा आकार

समृद्धि न्यूज



**मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित 'जीरो पावर्टी मिशन ने प्रशासनिक इच्छाशक्ति, तकनीक व जमीनी सत्यापन को जोड़ते हुए एक सशक्त मॉडल किया प्रस्तुत हर पात्र परिवार को योजनाओं से जोड़ा अभियान का उद्देश्य**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गरीबी उन्मूलन अब महज नीतिगत घोषणा नहीं रह गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित 'जीरो पावर्टी मिशन ने प्रशासनिक इच्छाशक्ति, तकनीक और जमीनी सत्यापन को जोड़ते हुए एक सशक्त मॉडल प्रस्तुत किया है।

इस अभियान का उद्देश्य स्पष्ट है, हर पात्र परिवार को योजनाओं से जोड़ा जाए। दो चरणों में किए गए इस व्यापक अभ्यास से यह साफ हो गया है कि योगी सरकार संख्या से अधिक पात्रता, पारदर्शिता और परिणाम पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

लखनऊ के गोसाईंगंज में रहने वाले रामसागर, उर्मिला और रामू इसी का जीता जागता उदाहरण हैं, जिन्हें योजना के तहत मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं से लैस किया गया है। समावेशी विकास की ओर निर्णायक कदमप्रदेश सरकार द्वारा जीरो पावर्टी अभियान के तहत लखनऊ के गोसाईंगंज में रहने वाले रामसागर, उर्मिला और रामू को मकान, पानी, सड़क, बिजली, राशन समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश को समावेशी विकास और सामाजिक सुरक्षा के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

**पहला चरण :** 8 मूलभूत योजनाओं में डीबीटी पर फोकसजीरो पावर्टी अभियान के प्रथम चरण में 8 प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत पात्र परिवारों को शत-प्रतिशत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। जिला स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार राशन योजना में 97 प्रतिशत पात्र परिवारों तक लाभ पहुंच चुका है, जो खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। निराश्रित महिला पेंशन योजना में 87 प्रतिशत और दिव्यांग पेंशन में 62 प्रतिशत लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। वहीं पीएम/सीएम जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 63 प्रतिशत पात्र परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच मिला है।

**दूसरा चरण :** वंचित परिवारों का घर-घर सत्यापन15 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए दूसरे चरण में 16 योजनाओं के अंतर्गत वंचित परिवारों का स्थलीय सत्यापन किया जा रहा है, जिसे 15 जनवरी तक पूरा किया जाना है। इस दौरान पीएम उज्ज्वला योजना, शौचालय सहायता योजना, जल जीवन मिशन के अलावा विद्युत कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए पात्र लाभार्थियों के सत्यापन का कार्य पूरी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। सर्वे में सामने आए तथ्यों के आधार पर महिलाओं को बड़े पैमाने पर आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की तैयारी है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में करीब 11 हजार बच्चों को पुनः नामांकन के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 :** फीडबैक से नीति निर्माणराज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार योगी सरकार ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 को योजनाओं की समीक्षा का मजबूत आधार बनाया है। हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों और सुझावों के विश्लेषण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नीतियां जमीनी जरूरतों के अनुरूप हों और किसी भी पात्र परिवार को वंचित न रहना पड़े।

# रेलवे लाइन किनारे अवैध बस्ती पर चला प्रशासन का बुलडोजर

समृद्धि न्यूज

**▸ निराला नगर व डालीगंज इलाके में प्रशासन की सख्त कार्रवाई**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रेलवे लाइन किनारे अवैध रूप से बसाई गई बस्ती पर एक बार फिर प्रशासन का बुलडोजर चला।

लखनऊ के निराला नगर और डालीगंज इलाके में रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या-बांग्लादेशी बताए जा रहे लोगों की बस्ती को हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि रेलवे लाइन के किनारे लंबे समय से अवैध कब्जा कर झोपड़ियां बनाई गई थीं, जिससे सुरक्षा और परिचालन दोनों पर खतरा बना हुआ था। कई बार नोटिस देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके बाद सख्त कदम उठाया गया।

कार्रवाई निराला नगर और डालीगंज इलाके में की गई, जहां रेलवे ट्रैक के बेहद पास झुग्गी-झोपड़ियां बनी हुई थीं। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## खबरें एक नजर में

### सोलर पैनल लगाने जा रह लड़के की ई-रिक्शा की टक्कर से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में 20 साल के लड़के की मौत हो गई। मृतक की पहचान सचिन शर्मा के रूप में हुई है। वह हरदोई का रहने वाला था। यहां इलाके में सोलर पैनल लगाने का काम करता है। हंसखेड़ा स्थित सिंधी कॉलोनी में सुबह करीब 11 बजे सोलर पैनल लगाने जा रहा था। उसे एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने स्कूटी को टक्कर मार दी। वह घायल होकर वहीं गिर गया। मौके से ई-रिक्शा चालक फरार हो गया। सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल सचिन को तत्काल लोक बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, हरदोई के शाहाबाद के सुरेंद्र शर्मा का बेटा सचिन लखनऊ में सोलर पैनल लगाता है। वह काम के सिलसिले में हंस खेड़ा क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने मौके से दुर्घटनाग्रस्त ई-रिक्शा को कब्जे में ले लिया है।

### हनुमानजी के दर्शन किए, फिर चुराई दानपेटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में प्राचीन शीतला माता मंदिर से दानपात्र चोरी हो गया। सुबह जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो देखा कि दानपात्र गायब था। सीसीटीवी खंगाला गया तो चोरी करते एक युवक दिखाई दिया। वह सीधे दानपात्र के पास पहुंचा, लेकिन उसे छूने से पहले उसने हनुमानजी की ओर देखा। इसके बाद दानपात्र के ऊपर रखी सामग्री हटाई और फिर दानपात्र पकड़ते समय दोबारा हनुमानजी की ओर नजर डाली। चोर ने एक बार पसीना पोंछा, कुछ क्षण सोचा और फिर दानपात्र उठा लिया। जाते वक्त वह तीन कदम उल्टे पांव चला, मानो भगवान की ओर पीठ न करना चाहता हो। बाहर निकलते समय उसने मुड़कर एक बार फिर हनुमानजी के दर्शन किए। मंदिर में चोर नंगे पांव पहुंचा था, ऐसा लग रहा कि वह बाहर जूते या चप्पल निकाल कर गया था। घटना कैंटोनमेंट सदर क्षेत्र की है। मामला नेहरू रोड स्थित प्राचीन माता शीतला देवी मंदिर का है। पुजारी ने सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### रालोद की सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने महापौर लखनऊ एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की मांग की है। कड़ाके की ठंड से सबसे अधिक प्रभावित गरीब, असहाय, निराश्रित, बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे हैं, जो फुटपाथों, खुले स्थानों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। रात के समय तापमान में भारी गिरावट के कारण इन लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।राष्ट्रीय लोकदल ने नगर निगम से मांग की है कि जनहित और मानवता के दृष्टिगत शहर के प्रमुख चौराहों, रैन बसेरों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों एवं भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर तत्काल अलाव जलवाने की समुचित व्यवस्था की जाए। राष्ट्रीय लोकदल सदैव आमजन, गरीबों और वंचितों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील रहा है और आगे भी जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करता रहेगा।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में छत से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में छत पर गया था, जहां पैर फिसलने से वह नीचे सड़क पर गिर पड़ा। उसके सिर में गंभीर चोट आई। अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना हसनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुई। मृतक की पहचान हसनगंज मछली मंडी के रहने वाले रवि गौतम (42) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, गुरुवार रात रवि शराब के नशे में घर आए थे। घर पहुंचने के बाद उन्होंने बच्चों को गले लगाया और बेटी के पैर छुए। इसके बाद वे छत पर चले गए। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे छत से नीचे सड़क पर गिर गए। रात का समय होने के कारण तुरंत किसी को घटना की जानकारी नहीं हो सकी। कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने उन्हें सड़क पर पड़ा देखा और बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

### स्थानीय निकाय महासंघ का 19 फरवरी से पुनः आन्दोलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र.स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ अपने 10 सूत्रीय संशोधित मांग पत्र के समाधान हेतु पुनः प्रदेश के मंत्री नगर विकास व प्रमुख सचिव नगर विकास सहित निदेशक स्थानीय निकाय व अन्य जिम्मेदार अधिकारियो को 30 दिसम्बर 25 को पत्र,आन्दोलन की नोटिस प्रेषित कर समयबद्ध निस्तारण की मांग की थी। इसी क्रम में महासंघ ने 19 फरवरी से पुनः आन्दोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। महासंघ के अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने बताया कि 'महासंघ ,नव वर्ष 2026 की प्रदेश वासियो, प्रदेश सरकार व शासन को बधाई देते हुए मांग की है कि हमारे निकाय कर्मचारियो की बहुत लम्बे समय से उनकी समस्याओ का समाधान नही हो पा रहा। जिसके समाधान हेतु महासंघ गत दिनों एक लम्बा ध्यानाकर्षक आन्दोलन किया। जिसके अन्तर्गत लगभग 7-8 बार प्रमुख रूप से प्रमुख सचिव स्तर पर बैठक भी हुई। जिसमें 15 जनवरी 26 तक समयबद्ध निस्तारण का आश्वासन भी जारी किए गए।

### महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के लिए बजट आवंटित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मे उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना एमकेएसवाई के अन्तर्गत अनुदान सं.- 83 में वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसएनए स्पर्श प्रणाली पर भारत सरकार द्वारा जारी केन्द्रांश धनराशि की मदर सेंक्शन के सापेक्ष राज्यांश की धनराशि 9 करोड़ 99 लाख 60 हजार की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोहिया संस्थान में किया अत्याधुनिक कैथ लैब का उद्घाटन**

# हृदय रोग उपचार की बेहतर सुविधाएं देने को हम प्रतिबद्ध

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में अत्याधुनिक कैथ लैब का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सार्वजनिक क्षेत्र में उन्नत हृदय रोग उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कार्डियोलॉजी विभाग को आवश्यकता अनुसार सभी आधुनिक उपकरण एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसी भी मरीज को जीवनरक्षक हृदय उपचार के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े। नवीन रूप से उद्घाटित यह कैथ लैब अत्याधुनिक इमेजिंग एवं इंटरवेंशनल तकनीकों से सुसज्जित है, जिससे हृदय रोग संबंधी प्रक्रियाओं की प्रतीक्षा अवधि में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा कॉर्डियोलॉजी विभाग की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर निदेशक डॉ. सी. एम. सिंह , डॉ. भुवन चंद्र तिवारी, डॉ. विक्रम सिंह , डॉ. अरविंद, डॉ. सुब्रत चंद्र, कॉर्डियोलॉजी संकाय, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**रोगियों की संख्या में हुई उल्लेखनीय वृद्धि**

लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएलआईएमएस), लखनऊ के कॉर्डियोलॉजी विभाग में रोगियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो संस्थान पर आम जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। इस अवधि में कॉर्डियोलॉजी बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में कुल 57,132 रोगियों की जाँच की गई, जबकि 6,392 रोगियों को भर्ती कर उन्नत हृदय उपचार प्रदान किया गया।

इस वर्ष एक और नई कैथ लैब, दो ट्रेडमिल टेस्ट मशीनें, तीन उन्नत इकोकॉर्डियोग्राफी मशीनें तथा एक आईवीयूएस सिस्टम की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है, जिससे आरएमएलआईएमएस अत्याधुनिक सुविधाओं से पूर्णतः सुसज्जित होगा।
– ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम, यूपी

## सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिवस पर कंबल वितरण

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज सिद्धार्थनगर के सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिवस के अवसर पर तुलसियापुर में आयोजित जन्मदिवस अभिनंदन समारोह में प्रतिभाग किया। जनसेवा और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए लगभग चार हजार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए। मंत्री श्री शर्मा ने स्वयं कई गरीब परिवारों को अपने हाथों से कंबल प्रदान कर सेवा भाव का संदेश दिया। नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सांसद जगदंबिका पाल को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जगदंबिका पाल जनता के प्रति पूर्णतः समर्पित जननेता हैं।

# एअर इंडिया के विमान ने लगाए 17 चक्कर घने कोहरे के कारण नहीं हो पाई लैंडिंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक विमान ने शुक्रवार को आसमान में 17 चक्कर काटे। घने कोहरे के कारण उसकी लैंडिंग नहीं हो पाई। आखिर में उसे दिल्ली के लिए डायवर्ट करना पड़ा। लखनऊ में बढ़े कोहरे की वजह से कई उड़ानें घंटों देरी से चल रही हैं।

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, दिल्ली से सुबह 6.30 बजे लखनऊ पहुंचा एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान (आईएक्स-2171) घने कोहरे के कारण चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर नहीं उतर सका। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने कम दृश्यता के कारण इसे लैंडिंग की अनुमति नहीं दी। लखनऊ से वापस दिल्ली डायवर्ट की गई एअर इंडिया एक्सप्रेस की यह उड़ा दिल्ली से लखनऊ सुबह 6.30 बजे पहुंचती है।

इसके बाद यही सुबह 8 बजे रियाद रवाना होती है। लेकिन, आज इस घटना के चलते एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान (आईएक्स-189) रद्द कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, मुंबई से रात 12.35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली इंडिगो की उड़ान (6ई-5264) लगभग 45 मिनट की देरी से पहुंची। रियाद से सुबह 9 बजे आने वाला फ्लाइनेस का विमान (एक्सवाई-333) दोपहर 2.25 बजे तक पहुंचने की संभावना है।

## आपदाओं के जोखिमों को न्यूनीकृत करने को किया जाए उचित प्रबंधन

**लखनऊ।** केंद्रीय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव मनीष भारद्वाज ने पिकप भवन स्थित राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय मे समीक्षा बैठक की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं का गहन अध्ययन करते हुए विभिन्न आपदाओं बाढ़ अग्निकाण्ड हीटवेव शीतलहरी वज्रपात भूकंप इत्यादि से होने वाले जोखिमों क्षतियों को न्यूनीकृत करने हेतु उचित प्रबंधन किया जाए तथा इसकी जानकारी आमजन तक पंहुचाई जाए। राष्ट्रीय प्राद्यौगिकी संस्थानों से सम्पर्क कर विकसित मॉडलों का उपयोग आपदा न्यूनीकरण के लिए किया जाए।

# अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में 'यूपी' बनेगा थीम स्टेट

**▸ उत्तर प्रदेश वोकल फॉर लोकल की भावना को देगा वैश्विक मंच**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय लोक परंपराओं और शिल्प कला के वैश्विक उत्सव सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का 39वां संस्करण 31 जनवरी से 14 फरवरी, 2026 तक हरियाणा में पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर वर्ष 2026 में उत्तर प्रदेश को थीम स्टेट के रूप में चुना गया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अपनी प्राचीन सभ्यता, लोक कलाओं, विशिष्ट हस्तशिल्प व हथकरघा एवं वस्त्र परंपराओं, लोक नृत्य-संगीत, स्थानीय व्यंजनों आदि के माध्यम से न केवल प्रदेश की पहचान प्रस्तुत करेगा, बल्कि कारीगरों की सृजनशीलता को भी दर्शकों के सामने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेगा।

शिल्प मेला में राज्य की हस्तशिल्प एवं हथकरघा परंपराओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक जनपद एक उत्पाद आधारित 40 हस्तशिल्प स्टॉलों को स्थापित किया जायेगा। फिरोजाबाद की कांच की चूड़ियां, कन्नौज के इत्र, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, वाराणसी-लखनऊ-भदोही की जरी-जरदोजी और चिकनकारी सहित अन्य जिलों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश के स्टॉलों के साथ-साथ मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक माहौल तैयार किया जाएगा। यहां हर जिला अपनी कला के साथ सांस्कृतिक दूत की भूमिका निभाएगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात ने बताया कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 2026 उत्तर प्रदेश के लिए अपनी समृद्ध लोक परंपराओं, हस्तशिल्प विरासत और सांस्कृतिक विविधता को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है।

# डीबीटी योजनाओं के लाभार्थियों को फैमिली आईडी से किया जाए आच्छादित : मुख्य सचिव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान योजना से संबन्धित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ समीक्षा बैठक की।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभार्थियों को फैमिली आईडी से आच्छादित किया जाये। उन्होंने फैमिली आईडी डाटाबेस के इंटीग्रेशन के महत्व पर बल देते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं को इस डाटाबेस से लिंक किया जाए तथा निर्धारित अंतराल पर डाटा साझा किया जाए। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि भारत सरकार की योजनाओं से आच्छादित प्रदेश के लाभार्थियों का डाटा प्राप्त करने के लिये सम्बन्धित विभागों द्वारा मुख्य सचिव कार्यालय के माध्यम से केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों से समन्वय स्थापित किया जाए। इसके उपरांत इस डाटा को फैमिली आईडी डाटाबेस से इंटीग्रेट भी किया जाये। उन्होंने फैमिली आईडी डाटाबेस के आधार पर विभिन्न योजनाओं के लिए संभावित लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित योजनाओं से जोड़ा जाए।

**प्रमुख सचिव नियोजन ने फैमिली आईडी योजना पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें विभाग-वार फैमिली आईडी लिंकेज की प्रगति से अवगत कराया। फैमिली आईडी से परिवार के पात्र सभी सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी तरीके से दिये जाने के महत्व को रेखांकित किया। बैठक में फैमिली ई-पासबुक को भी प्रदर्शित किया गया। इस पासबुक में आमजनमानस द्वारा अपने परिवार सदस्यों द्वारा प्राप्त की जा रही सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी सहजता से देखी जा सकती है। ई-पासबुक के माध्यम से फैमिली आईडी डाटाबेस के आधार पर उन योजनाओं सेवाओं की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है, जिनके लिये वह पात्र हैं।**

## नए बिजली कनेक्शन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर नए कनेक्शन लेते समय उपभोक्ताओं से 6016 की राशि जमा कराई गई, लेकिन कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में उनके कनेक्शन को पोस्टपेड मोड में दर्शाकर सिक्योरिटी डिपॉजिट भी वसूल ली गई, जबकि यह पूरी तरह गलत है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) स्पष्ट रूप से कहती है कि प्रीपेड मीटर पर किसी भी प्रकार की सिक्योरिटी राशि नहीं ली जा सकती।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि परिषद द्वारा जब इस मामले की तहकीकात की गई तो आरोप पूरी तरह सही पाए गए।

# एसआईआर में कटे 2.89 करोड़ वोट मानीटरिंग के लिए बनी कमेटी

समृद्धि न्यूज

**▸ कोई वैध मतदाता का नाम कटे नहीं और फर्जी जुड़े नहीं : अजय राय**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव अविनाश पाण्डेय के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के अनुमोदनोपरांत एसआईआर की डिलीटेड लिस्ट की मॉनिटरिंग हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों के सहयोग में वरिष्ठ नेताओं की कमेटी का गठन किया गया है जो कि एसआईआर की गतिविधियों एवं कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन कर काटे हुए नामों का भौतिक सत्यापन और यह सुनिश्चित करेंगे जैसे कि कोई वैध मतदाता का नाम न कटे और फर्जी कोई नाम न जुड़ सके।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संविधान ने देश के आम आदमी को सबसे मजबूत अस्त्र वोट का अधिकार दिया है और पिछले दिनों हमारे नेता राहुल गाँधी ने तथ्यात्मक आंकडों के साथ साबित किया है कि भाजपा और चुनाव आयोग के नापाक गठजोड़ से बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा में वोट चोरी हुई। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश के हर कांग्रेसजन को एक माह निरंतर गरीब, अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक समुदाय की मदद कर उनके वोट की रक्षा करनी है, क्योंकि भाजपा जानती है कि यह वर्ग अधिकांश उनका वोटर नहीं है और वह भाजपा की गरीब विरोधी नीतियों से त्रस्त है।

# मोबाइल कनेक्टिविटी में उत्तर प्रदेश पूर्व और पश्चिम बने उपभोक्ता गतिविधि के प्रमुख केंद्र

समृद्धि न्यूज

**▸ यूपी बन रहा है देश का उभरता दूरसंचार पावरहाउस**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में दूरसंचार क्षेत्र की तेजी से प्रगति हो रही है। प्रदेश में मोबाइल, ब्रॉडबैंड और फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस सेवाओं का विस्तार शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में मजबूती से हो रहा है।

इस विस्तार का सबसे बड़ा कारण सरकारी नीतिगत समर्थन और निजी निवेश है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्र का त्वरित गति से दायरा बढ़ता जा रहा है। इसी का परिणाम है कि देश के अग्रणी दूरसंचार बाजारों में उत्तर प्रदेश का नाम प्रमुखता से शामिल है। योगी सरकार के विकास मॉडल से प्रदेश के डिजिटल क्षेत्र को नया आयाम मिल रहा है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में देश भर में वायरलेस मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या 1173.88 मिलियन रही। अक्टूबर 2025 में यह संख्या 1171.87 मिलियन था। इसमें उत्तर प्रदेश पूर्व और उत्तर प्रदेश पश्चिम दोनों लाइसेंस्ड सेवा क्षेत्रों की भागीदारी विशेष रही है। उपभोक्ता गतिविधि के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी बना हुआ है। नवंबर 2025 तक उत्तर प्रदेश पूर्व में 1.97 मिलियन और उत्तर प्रदेश पश्चिम में 1.35 मिलियन पोर्टिंग अनुरोध दर्ज किए गए हैं। यह आंकड़े यह दर्शाते हैं कि प्रदेश में मोबाइल सेवाओं की मांग अधिक है।फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस विशेष कर 5-जी आधारित सेवाओं में उत्तर प्रदेश की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। नवंबर 2025 के अंत तक देश में कुल 5-जी एफडब्ल्यूए उपभोक्ताओं की संख्या 10.41 मिलियन दर्ज की गई है। इसमें उत्तर प्रदेश पूर्व में 0.79 मिलियन और उत्तर प्रदेश पश्चिम में 0.62 मिलियन उपभोक्ता शामिल हैं। केवल एक महीने के भीतर इन दोनों क्षेत्रों में हजारों नए उपभोक्ताओं का जुड़ना यह संकेत देता है कि सरकार की डिजिटल कनेक्टिविटी नीति का लाभ आम नागरिकों तक पहुंच रहा है।

**शिविर** | **लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में समाधान शिविर का आयोजन**

# नगर निगम समाधान दिवस में समस्याओं का लगा अंबार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें टैक्स असेसमेंट को लेकर परेशान लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। टिकैत राय गंज चौराहे से आई शालिनी ने बताया कि उनका हाउस टैक्स 432 रुपए से बढ़ाकर 1 लाख 60 हजार कर दिया गया। बुजुर्ग पार्वती ने बताया- 27 हजार से ज्यादा हाउस टैक्स आया है।

साल के पहले समाधान दिवस पर लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए नगर आयुक्त गौरव कुमार और मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। इस दौरान कई लोग ऐसे भी रहे, जिनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते वो निराश दिखे। लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा- हमारा प्रयास है कि नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शी, न्यायसंगत और समयबद्ध ढंग से किया जाए। गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों का समाधान कर आम नागरिकों को राहत देना हमारी प्राथमिकता है। मोहम्मद अजीम ने बताया वह अपने ससुराल से जुड़ा मामला लेकर आए हैं। बाबू बनारसी दास वार्ड में उनकी ससुराल है। वहां हाउस टैक्स 14 हजार के करीब आया था। जो बेहद ज्यादा था, यहां आने के बाद जब कागज दिखाए तब इसे काफी कम कर दिया गया। अब 3 हजार की करीब हो गया है। कुल मिलाकर समस्या का समाधान मिल गया। टिकैत राय गंज चौराहे से आई शालिनी ने बताया पहले मेरे यहां हाउस टैक्स 432 रुपए आता था। असेसमेंट करके 1 लाख 60 हजार कर दिया है। यहां आने के बाद साढ़े 6 हजार जमा किया है। जानकीपुरम द्वितीय से पहुंचे दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया उनका गेस्ट हाउस है। उस पर अवैध तरीके से 41 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया। कम से कम 20 बार समाधान शिविर में आ चुके हैं, अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बुजुर्ग महिला पार्वती ने बताया मेहंदी गंज में रहते है। मेरे ससुर के नाम मकान है। 27 हजार से ज्यादा हाउस टैक्स आया है। घर में अकेला सिर्फ एक लड़का है, वो भी बीमार रहता है। कैसे इतना ज्यादा टैक्स भर पाएंगे। इसलिए यहां आई थी। कल्याणपुर के अजीत कुमार यादव ने बताया एक घर पर जल संस्थान की ओर से डबल आईडी जारी कर दी गई। मां किरण और पिता रामधन के नाम पर पर दो-दो वाटर टैक्स आ रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### सरकारी जमीन पर दबंग द्वारा अवैध कब्जा, भरी बुनियाद, महिला ने एसडीएम से की शिकायत, नहीं रुका निर्माण

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** उपजिला अधिकारी के बाद जिलाधिकारी से निर्माण कार्य रुकवाएं जाने की मांग की गयी। सरकारी भूमि को ही खाली करने में असमर्थ दिख रहे हैं प्रशासनिक अधिकारी। जलालाबाद क्षेत्र के गांव याकूबपुर निवासी महिला शांति देवी पत्नी नंगू ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद मंगलवार दिन के 2:30 बजे बताया कि गांव की गाटा संख्या 14 सरकारी जमीन है इससे पूर्व यह आरजी शांति देवी के नाम थी जो कि उसके पति की विरासत के बाद उसे मिली थी जिस संबंध में कोर्ट में मामला विचारा धीन चल रहा है और उसकी यथा स्थिति का स्टे हो चुका है उसके बाद भी दबंग भूमि माफिया छोटे लाल पुत्र झम्मन लाल निवासी मोहल्ला बाबू नगर में अपनी दबंगई के बल पर अवैध तरीके से दुकान व मकान बनवा रहे हैं।

### नए साल की शुरुआत जरूरतमंदों की मदद से



**शाहजहांपुर।** जेसीआई ने संस्था द्वारा नए साल का शुभारंभ अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ चाय और बिस्किट बांटकर किया। इसके साथ ही इस साल पड़ रही कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए नए अध्यक्ष नवनीश कटियार के निर्देशानुसार पुराने व गर्म कपड़े भी वितरित किए गए। सदस्य नितेश गुप्ता ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी नए साल की शुरुआत संस्था द्वारा भीषण ठंड के दौरान चाय बांटने से हुई। जेसीएसआई ने नए साल के दौरान जरूरतमंदों की मदद की। संस्था ने शाहजहांपुर सुभाष टावर (घंटाघर) पर स्वच्छता का संदेश देते हुए चाय और बिस्किट वितरित किया। इस अवसर पर आईपीपी कामेश वर्मा, अध्यक्ष नवनीश कटियार, सचिव सचिन अग्रवाल, संयुक्त सचिव अमित वर्मा, कोषाध्यक्ष अमन मलिक, कार्यक्रम निर्देशक अभिनव ओमर व अंकित गुप्ता, सचिन बाथम, अमित शर्मा, भुवन बंसल, मयंक गर्ग, अभिषेक जयसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे एवं सहयोग किया।

### सार्थ फिटनेस क्लब में आयोजित हुई पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता



**बंडा, शाहजहांपुर।** नगर के पूरनपुर रोड स्थित सार्थ फिटनेस क्लब में पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई उम्मीदवारों ने भाग लिया। जहां 50 किलो से 75 किलोग्राम के वजन की श्रेणी में अमृत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा डॉ विजय राणा, संजय सिंह ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही 75 किलोग्राम से ऊपर की वजन श्रेणी में मनदीप सिंह सभी राउंड में अव्वल रहे तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अफ़रीद ने द्वितीय व लक्ष्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मनकीरत सिंह ने सबसे ज्यादा पुशअप लगाने की ट्रॉफी अपने नाम दर्ज की। प्रतियोगिता के बाद सभी को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया साथ ही मनदीप सिंह को 1 माह की नि:शुल्क सदस्यता प्रदान की गई। आयोजन में सार्थ फिटनेस क्लब के मालिक शिखर गुप्ता मौजूद रहे। वहीं प्रतियोगिता के दौरान अजय सिंह (मालती इंडस्ट्रीज), अंकित जायसवाल (एल एन एंटरप्राइज), अभिषेक सिंह, शीर्ष गुप्ता, सहमनदीप, हर्ष शर्मा व अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### जमीनी विवाद में मारपीट, आरोपी का चालान



**शाहजहांपुर।** जमीनी विवाद को लेकर एक भाई ने दूसरे भाई के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में एक भाई चोटिल गया। पीड़ित ने मामले की तहरीर सेहरामऊ दक्षिणी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को चालान कर दिया हैं। थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव मंसूरपुर निवासी जसविंदर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 29 दिसंबर को वह घर पर था, तभी जमीन के विवाद को लेकर उसका भाई सुखविंद सिंह घर पर आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर सुखविंद लाठी डंडा और फाबड़ा लेकर मारपीट करने लगा। जिससे वह चोटिल हो गया। इसके बाद आरोपी सुखविंद सिंह जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुखविंदर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल कराया और आरोपी का पकड़कर चालान कर दिया हैं।

### एसडीएम के आदेश की अवहेलना कर दबंग कर रहे अवैध कब्जा

**जलालाबाद,शाहजहांपुर।** पीड़िता सरोजनी ने बताया बाद संख्या 142/2025 सरोजनी देवी बनाम राजकुमार शर्मा आदि सिविल जज जूनियर डिवीजन तहसील जलालाबाद में लंबित है जो कि न्यायालय में विचाराधीन है उपजिलाधिकारी न्यायालय में भी लंबित है जबकि उपजिलाधिकारी द्वारा यथा स्थिति बनाए रखने और कोई भी कार्य न करने का आदेश जारी किया गया था। पीड़िता सरोजनी देवी पत्नी स्वव साधुराम ऊर्फ शिवकुमार शर्मा निवासी मोहल्ला जमदग्नि नगर जलालाबाद जिला शाहजहांपुर की कृषि भूमि ग्राम सराय साधौ, रोड के किनारे स्थित है, जिसकी गाटा संख्या 410, रकबा 0.283 हेक्टेयर है। उक्त भूमि में परिवार के ही राजकुमार शर्मा पुत्र मुन्ना लाल,निवासी मोहल्ला जमदग्नि नगर जलालाबाद सतीश शर्मा ,राजेश शर्मा पुत्रगण रामऔतार शर्मा निवासी मोहल्ला दयाल नगर जलालाबाद सहखातेदार हैं, जिन्होंने बिना किसी विधिक बंटवारे के भूमि का एग्रीमेंट कर दिया तथा जबरन भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में पीड़िता ने 26 दिसंबर को उपजिलाधिकारी जलालाबाद को लिखित शिकायत पत्र देकर कार्य रुकवाए जाने की माँग की उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश भी पारित किया गया, परंतु इसके बावजूद दबंगों ने दिनांक 01 जनवरी की रात्रि में कोहरे का फायदा उठाकर भूमि पर मिट्टी डालने का अवैध कार्य किया। दबंगों का कहना है कि उन्हें किसी अधिकारी के आदेश से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। वे इसी संरक्षण के बल पर खुलेआम कानून की अवहेलना कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त सहखातेदारों द्वारा पूर्व में पीड़िता के पुत्र एवं पुत्री के साथ घर में घुसकर मारपीट भी की गई थी, जिसके संबंध में थाना जलालाबाद में मुकदमा पंजीकृत है। पीड़िता बुजुर्ग एवं असहाय महिला है दबंगों के भय से पीड़िता का परिवार अत्यंत डरा हुआ है। यदि शीघ्र प्रशासनिक हस्तक्षेप नहीं हुआ तो कोई भी गंभीर अप्रिय घटना घटित हो सकती है। अवैध रूप से डाली गई मिट्टी को हटवाकर यथास्थिति बहाल कराए जाने की गुहार लगाई।

# बैठक में डायट प्रिंसिपल अनुपस्थित, डीएम ने किया स्पष्टीकरण तलब

- डीएम की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा के कार्यों व योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों एवं एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई।डीएम ने निपुण परीक्षा की समीक्षा करते हुए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि निपुण परीक्षा में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत अनिवार्य होना सुनिश्चित किया जाए। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी विद्यालयों में दिव्यांगजन, बालक,बालिका शौचालय, मूत्रालय, टायलीकरण, रसोईघर एवं बाउंड्री वॉल सहित सहित अन्य संबंधित अपूर्ण पैरामीटर को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। जर्जर भवनों की ध्वस्तीकरण एवं नीलामी का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऐसे जर्जर भवनों में पढ़ाई ना हो। बैठक में डायट प्रिंसिपल के अनुपस्थित होने पर डीएम ने स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय में पुस्तकों का वितरण शत-प्रतिशत होना चाहिए, अन्यथा वितरण न होने पर संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अपार आईडी बनने में सबसे ज्यादा जलालाबाद, कलान एवं सदर में पेंडिंग होने पर डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि खंड शिक्षा अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर अगली बैठक तक बनवाना सुनिश्चित कराएं। विद्यालयों में फल वितरण एवं न्यूट्रिशन पर विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर परशुरामपुरी में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

- मुख्य अतिथि सीता त्रिवेदी ने विषय कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण पर अपने विचार किए व्यक्त

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जलालाबाद मे स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि को प्राथमिक विद्यालय बझेड़ा की प्रधानाध्यापिका सीता त्रिवेदी रही। अध्यक्ष के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका माधुरी सिंह,एवं वक्ता के रूप में बहन सुनैना गुप्ता मौके पर मौजूद रही। सभी अथितियों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिका रूबी ने किया। तो वही मुख्य सीता त्रिवेदी ने विषय कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण पर अपने विचार रखे और आई हुई सभी माताओं एवं बहिनों का मार्गदर्शन किया। तो वही कार्यक्रम में 257 महिलाएं उपस्थित रही। इसके साथ ही विद्यालय की अध्यापिका बबली ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से आई हुई माताओं एवं बहिनों से उत्तर प्राप्त किए। विद्यालय के इस कार्यक्रम में नगर की मातृशक्ति ने पूरी सक्रियता से भाग लिया। तो वही कार्यक्रम के समापन में आए हुई सभी अतिथि को विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश दीक्षित ने उपहार देकर सम्मानित किया। वही कार्यक्रम रूबी, पूनम, ज्योति, अंशिका, पल्लवी, आरती, तान्या, पूजा, बबली, सपना, पारुल, रेनू, प्रियंका आदि माताएं एवं बहनें उपस्थित रही।

### जबरदस्ती घर पर कब्जा करने का आरोप

**खुटार,शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव लक्ष्मीपुर निवासी मुरली ने थाना खुटार में तहरीर देकर बताया कि मेरे बड़े भाई व उनके दो लड़के उनकी पत्नी जो की जबरन मेरे घर पर कब्जा करना चाहते हैं।जो कि जबरदस्ती मुझे घर से भगा रहे हैं जब मैंने उनसे फैसले की बात कही तो सभी एक राय होकर अभद्रता करने लगे वह मारपीट पर आमदा हो गए पीड़ित ने थाना खुटार में तहरीर देकर न्याय के गुहार लगाई।

## मुख्य परिवीक्षा अधिकारी-संयुक्त निदेशक महिला कल्याण ने किया औचक निरीक्षण

- वन स्टाप सेंटर, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्डलाइन आदि की व्यवस्थाएं देखीं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



महिला कल्याण निदेशालय लखनऊ की मुख्य परिवीक्षा अधिकारी-संयुक्त निदेशक आकांक्षा अग्रवाल द्वारा जनपद स्थित विभिन्न महिला एवं बाल संरक्षण संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सखी वन स्टॉप सेंटर,चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट 1098 ,हब फॉर वूमेन एंपावरमेंट,जिला बाल संरक्षण इकाई,राजकीय बाल गृह बालक,राजकीय बाल गृह शिशु व राजकीय संप्रेषण गृह किशोर शामिल रहा। मुख्य परिवीक्षा अधिकारी-संयुक्त निदेशक ने संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा,रजिस्टरों एवं केस फाइल्स की जांच, निवासरत महिलाओं,बालिकाओं,बालकों,शिशु, किशोर से संवाद एवं फीडबैक एवं कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी आदि ली। उन्होंने डीपीओ गौरव मिश्रा को संस्थाओं की कार्यप्रणाली में और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संवेदनशीलता, पारदर्शिता और समयबद्ध सेवा सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के समय जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा भी उपस्थित रहे एवं निरीक्षण कार्य में समुचित सहयोग प्रदान किया।

## कोटेदार पर कम राशन देने का आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील के गंगसरा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में कोटेदारों की गंभीर मनमानी सामने आ रही है। क्षेत्र के राशनकार्ड धारकों का आरोप है कि कोटेदार प्रति राशनकार्ड एक किलो राशन कम देकर वितरण कर रहे हैं।

राशनकार्ड धारकों का कहना है कि जब इस कटौती का विरोध किया जाता है तो कोटेदार खुलेआम यह कह देते हैं कि उन्हें अधिकारियों को पैसे देने पड़ते हैं। कोटेदारों का कहना है कि यदि वे प्रति राशनकार्ड एक किलो राशन कम नहीं करेंगे तो उन्हें अपने घर से राशन पूरा करना पड़ेगा। नाम न छापने की शर्त पर कई राशनकार्ड धारकों ने बताया कि गंगसरा क्षेत्र के लगभग सभी कोटेदार यही तरीका अपनाए हुए हैं। किसी भी कोटेदार के यहां राशन लेने जाएं, सभी एक किलो राशन कम ही देते हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि वे पढ़े-लिखे नहीं हैं और उन्हें शासन द्वारा निर्धारित राशन की सही मात्रा की जानकारी नहीं है, जिसका फायदा कोटेदार उठा रहे हैं। कार्ड धारकों के अनुसार कोटेदार का कहना है कि जितना राशन हम दे रहे हैं, उतना ही मिलता है। जिससे ग्रामीण मजबूरी में कम राशन लेकर लौटने को विवश हैं। इस मामले ने शासन की राशन वितरण व्यवस्था और संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना है कि प्रशासन इस गंभीर आरोप पर संज्ञान लेकर जांच करता है या नहीं, और जरूरतमंदों को उनका पूरा हक कब मिलेगा।

## एसपी राजेश द्विवेदी को सेलेक्शन ग्रेड पर मिली पदोन्नति

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बरेली जोन कार्यालय में आयोजित गरिमामय पिपिंग सेरेमनी में एसपी राजेश द्विवेदी को सेलेक्शन ग्रेड पर पदोन्नति मिली। बरेली स्थित जोन कार्यालय में एक गरिमामय पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता रमित शर्मा अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन द्वारा की गई। इस अवसर पर अजय कुमार साहनी पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान एसपी शाहजहांपुर राजेश द्विवेदी को सेलेक्शन ग्रेड प्राप्त होने के उपलक्ष्य में उनके कंधों पर रैंक प्रतीक चिन्ह स्टार एवं कॉलर बैंड लगाकर औपचारिक रूप से पदोन्नति प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, बरेली जोन द्वारा राजेश द्विवेदी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा, अनुशासन एवं प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। उनके नेतृत्व में जनपद में पुलिसिंग के स्तर में निरंतर सुधार हुआ है तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हुआ है। पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र द्वारा भी श्री द्विवेदी को पदोन्नति हेतु शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की गई कि वे भविष्य में भी पूरी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता एवं पेशेवर दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पुलिस विभाग की छवि को और सशक्त बनाएंगे। पिपिंग सेरेमनी के दौरान जोन कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, शाखा प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिन्होंने एसपी राजेश द्विवेदी को सेलेक्शन ग्रेड पर पदोन्नति मिलने पर मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। उक्त पदोन्नति जनपद पुलिस परिवार के लिए गर्व का विषय है, जिससे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों में कार्य के प्रति उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ है।

## खुटार थाना प्रभारी को दी गई विदाई

- खुटार से परौर किया गया तबादला

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**



थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद रावत के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत राजेंद्र प्रसाद रावत का तबादला थाना परौर में किया गया है। खुटार में तैनाती के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था और जनसुनवाई को प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में कई जटिल मामलों का सफल खुलासा हुआ, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बना। विदाई समारोह में वक्ताओं ने उन्हें ईमानदार, अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया। इस अवसर पर दीपक सिंह, कुलदीप सिंह, अजय कुमार, आयुष त्रिवेदी, राहुल शुक्ला, पवन पांडे, जितेंद्र कुमार, पारुल मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, विनोद सिंह, वीरेंद्र मिश्रा, डब्लू भारती, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। तथा भाजपा नेता डॉ. प्रदीप शुक्ला एवं किसान नेता स्वर्ण सिंह ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस



**खुटार, शाहजहांपुर।** शुक्रवार दोपहर नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी करीब पैतालीस वर्षीय अजय कुमार पुत्र जयप्रकाश का शव उनके बंद मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है शव करीब दो तीन दिन पहले का बताया जा रहा है शव की हालत भी खराब हो चुकी है।

बताया जा रहा है कि मृतक अजय कुमार मंद बुद्धि का व्यक्ति था जिसका विवाह हुआ था लेकिन उसकी पत्नी करीब बीस वर्ष पहले छोड़ कर चली गई थी और मृतक की कोई संतान भी नहीं है जिसकी वजह से वह अपने मकान में अकेले ही रहता था मृतक तीन भाइयों में बीच का था। वहां मौजूद लोगों के द्वारा बताया गया कि आठ नौ दिन पहले मृतक को बिजली कटिया से करंट लगा था चार पांच दिन से उसे लोगों ने घर के बाहर नहीं देखा पड़ोस में रह रहे मृतक के बड़े भाई अनिल कुमार ने बंद मकान से दुर्गंध आने की वजह से पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान में पड़े विच्छिप्त शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है और अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बंद बाथरूम में गैस गीजर बना छात्र की मौत का कारण

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर में गैस गीजर से हुई छात्र की मौत के बाद नव वर्ष का पहला दिन परिवार के लिए मातम भरा रहा। वहीं डॉक्टरों ने गीजर इस्तेमाल में सावधानियां बरतने की अपील की। नववर्ष के पहले दिन बाथरूम में गैस गीजर छात्र की मौत का कारण बना। इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि गैस गीजर जलने के लिए ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा की जरूरत होती है। बंद बाथरूम या हवादार जगह में ऑक्सीजन तेजी से खत्म हो जाती है। जब ऑक्सीजन पर्याप्त नहीं रहती तो गैस पूरी तरह नहीं जल पाती है और कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का निर्माण होता है। यह गैस रंग हीन और गंधहीन होती है। इसलिए व्यक्ति को खतरे का एहसास नहीं होता। सांस के साथ गैस शरीर में पहुंचकर खून में ऑक्सीजन का परिवहन रोक देती है। जिससे चक्कर घबराहट और बेहोशी होती है और कुछ ही मिनट में व्यक्ति की दम घुटने से मौत हो सकती है। गैस गीजर का बंद बाथरूम में इस्तेमाल बहुत खतरनाक है। यदि इसका इस्तेमाल आवश्यक हो तो गैस गीजर की पूरी यूनिट बाथरूम के बाहर खुली जगह में लगानी चाहिए। ताकि केवल पानी की टोटी बॉथरूम तक जाए। इस तरह की व्यवस्था ऑक्सीजन की कमी और गैस के रिसाव से बचाव करता है। डॉक्टर ने लोगों से अपील की है कि घर में गीजर के पास नियमित वेंटिलेशन, गैस रिसाव जांच और समय-समय पर मेंटेनेंस सुनिश्चित करनी चाहिए।

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र नाजिर से उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। हुस्ना बेगम पत्नी स्व. मुशीर खां नि.ग्रा.-पिलखना, थाना- रौजा, जनपद-शाहजहांपुर।

## '...दुआ में उठने वाले हाथों को चलो फिर ढूंढ लाते हैं'

- तिलहर में हुआ अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन
- गणमान्यों व पत्रकारों को किया गया सम्मानित
- गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखे हैं फूल मियां: प्रदीप गुप्ता

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर के प्रसिद्ध वली सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के 191वें उर्स के मौके पर मुख्य अतिथि व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता सर्राफ के सानिध्य में ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन हुआ। इस मौके पर शायर , कवि गणमान्य अतिथियों व पत्रकारों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

गुरुवार को रात साढ़े आठ बजे मोहल्ला कच्चा कटरा में चल रहे उर्स शरीफ के दौरान सज्जादा नशीन इक़बाल हुसैन उर्फ फूल मियां की जानिब से शहर काजी अकरम सलीम की अध्यक्षता व शायर असरार नसीमी बरेलवी के संचालन में आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा व कवि सम्मेलन शुरू हुआ। जिसमें दूर दराज शहरों से आए मशहूर शायरों व कवियों ने अपने कलाम पेश कर जमकर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में सज्जादा नसीम इक़बाल हुसैन ने मुख्य अतिथि कंछल गुट व्यापार मंडल के प्रदेश संयुक्त महासचिव प्रदीप गुप्ता सर्राफ, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, मिश्रा गुट व्यापार मंडल अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, भाजपा नेता अरुण यादव चैनू, रामौतार गुप्ता के अलावा वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रबल, इमरान सागर, मो एजाज, अमुक सक्सेना, अनुज यादव व धर्मेंद्र यादव को शॉल ओढ़ाकर व प्रमाणपत्र और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, सैयद शाह शमसुद्दीन मियां की गद्दीनशीनी की खिदमत मे नगर में गंगा जमुनी तहजीब बरकरार रखते हुए अपनी सराहनीय भूमिका निभाते आ रहे हैं । जबकि इससे पूर्व आपके पिता जनाब अनवार मियां साहब तथा आपके दादा हाफिज हातिम अली शाह मियां साहब इस किरदार को बखूबी निभाते रहे ।श्री गुप्ता ने सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के सालाना उर्स के जरिए नगर में गंगा जमुनी तहजीब बरकरार रखने के लिए गद्दीनशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां को सम्मानित किया।

मुशायरे में लखनऊ से आए शायर इरफान लखनवी ने कहा- अंधेरा मांग रहा था जिया सितारों से, तो जुगनू ने भी कुछ रोशनी निकाली है।

सलीम ताबिश ने कहा- खुद बढ़ के मदद अपनी जो कौम नहीं करती, अल्लाह भी फिर उसकी इमदाद नहीं करता।

खालिद सुल्तानपुरी ने कहा- वह रुत जो थी सुहानी लौट आई, गुलों पर शादमानी लौट आई, करिश्मा है ब्यूटी पार्लर का बुढ़ापे में जवानी लौट आई ।

आसिफ निगार ने कहा- शिकवा किसी से कोई शिकायत नहीं रही, अब हमको बेवफा तेरी चाहत नहीं रही ।

शाद पीलीभीती ने कहा- जमाने में कहीं जाएं तो हरसू बोल पड़ती है, हमेशा दो सगी बहनों की खुशबू बोल पड़ती है।

अगर उर्दू को कुछ कहदें बुरा लगता है हिंदी को, अगर हिंदी के कुछ कह दें तो उर्दू बोल पड़ती है ।

ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान ने सुनाया - तिश्नगी के ये बवंडर और मैं दूर तक खारा समुन्दर और मैं।

गिन रहे हैं रोज़ तारीखें बची, कील पर लटका कलेन्डर और मैं।

कवि अजय अवस्थी अनुरागी ने सुनाया - गली चलते बुजुर्गो से वो दिन भर बंदगी करना, दुआ में उठते हाथों को चलो फिर ढूंढ लाते हैं।

शिफा तिलहरी ने कहा-उसकी गलियों से गुजर हो तो संभाल कर चलना इश्क के रास्ते दुश्वार हुआ करते हैं। इनके अलावा मोहम्मद अल्वी, अफसर सिद्दीकी, बिलाल राज, शकील सैंथली, अजहान वारसी, गजनफर सैंथली, फैसल फैज, शमशाद आतिफ, वाजिद हुसैन वाजिद, इब्ने हसन, साजिद सफदर आदि शायरों ने भी अपने-अपने कलाम पेश किए मुशायरा देर रात तक चलता रहा। जिसमें मनोज प्रबल तिलहरी, मास्टर शाहिद अली, राहतुल्ला खान, मसूद हसन खान, मोहम्मद शरीफ, राघवेंद्र सिंह समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समान पर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन फूल मियां ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ, डीएम ने दिए ट्रैफिक नियमों के पालन के टिप्स

- अटल आडिटोरियम में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ कर प्रचार वाहन किए गए रवाना

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 1 से 31 जनवरी तक प्रदेश भर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के क्रम में अटल ऑडिटोरियम में सड़क सुरक्षा माह का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सीडीओ डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार, एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, सीओ ट्रैफिक संजय कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन सचिव संजीव कनौजिया उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिह ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा किसी भी परिस्थिति में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने को प्रेरित किया। स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी स्लोगन, पोस्टर, पेटिंग्स आदि बनाने हेतु प्रेरित किया गया तथा यह भी निर्देशित किया गया कि अच्छे स्लोगन, पोस्टर, पेटिंग्स आदि को सड़क सुरक्षा माह के समापन पर पुरस्कृत किया जाए।सीडीओ डा.



अपराजिता सिंह द्वारा सड़क दुर्घटना के उपरान्त इमरजेन्सी केयर की जानकारी दी गयी तथा इमरजेन्सी केयर के मोबाइल नम्बर की जानकारी भी दी गयी। जनता से अपील की कि घायलों को गोल्डन ऑवर में नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाने जिससे घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सके। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा किसी भी परिस्थिति में यातायात नियमों का उल्लंघन न करने हेतु प्रेरित किया गया। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण के साथ सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाने को किए गए प्रयासों की जानकारी दी एवं जनवरी 2026 माह में विभिन्न स्टेक होल्डर विभाग यथा पुलिस विभाग, एनएचएआई, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एव लोक निर्माण विभागों के द्वारा किये जाने वाले कार्यकमों के बारे में जानकारी दी। मोटरयान निरीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए ही वाहन संचालन किया जाना चाहिए तथा किसी भी परिस्थिति में यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाना चाहिए। छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों से अपील की कि वह स्वयं भी सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी रूप से कमी लाई जा सके। अंत में उपस्थित सभी लोगों को डीएम ने सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई । समारोह के पश्चात जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद की समस्त तहसीलों में सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु परिवहन विभाग के 5 प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम संचालन डा. इन्दु अजनबी ने किया। इस दौरान एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार सिंह, मोटरयान निरीक्षक विकास यादव, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे।

## अवैध खनन कर मिट्टी ले जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** बृहस्पतिवार की रात दो बजे लघुशंका के लिए घर से बाहर निकली महिला को मिटटी भरी ट्रॉली लेकर जा रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से हो रहा अवैध खनन महिला की मृत्यु की वजह बन गया। थाना क्षेत्र के गाँव लधोला निवासी 58 वर्षीय शिवना पत्नी जगने रोज की तरह घर के बाहरी हिस्से में पड़े छप्पर में सो रहीं थीं। रात दो बजे के आसपास वह लघुशंका के लिए घर से बाहर निकलीं। इसी दौरान गाँव के बाहर हो रहे खनन की मिट्टी भरी ट्रॉली लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आवाज सुनकर घर में सो रहा महिला का पुत्र संगपाल तथा अन्य स्वजन बाहर आ गए। चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि शव को पीएम हेतु भेजकर वाहन को कब्जे में लिया गया है। घटना की जाँच की जा रही है। मृतका के पुत्र संगपाल ने बताया कि उसका गाँव खीरी जनपद की सीमा के निकट स्थित है। दो-तीन दिन से गाँव के बाहर बैक हो लोडर के द्वारा अवैध मिटटी खनन कर क्षेत्र के चाँदा गाँव निवासी कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली के द्वारा आसपास के गांवों में बिक्री कर रहे हैं। बीती रात कुछ ट्रालियों द्वारा गाँव में मिटटी डाली जा रही थी। खनन कार्य में लगे ट्रैक्टर चालक बेहद तीव्र गति से वाहन चलाते हैं।

# योगी सरकार में ग्राम पंचायत सुनारा बुजुर्ग की बदली तस्वीर

- कभी इस गांव की गालियां गंदगी से भरी रहती थी, लेकिन अब हर गली इंटरलॉकिंग
- गांव की जनता का कहना है कि अभी तक किसी भी प्रधान ने गांव में इतना कार्य नहीं कराया

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एक ऐसा गांव जहां की प्रत्येक गाली कीचड़ से बजबजा रही थी जहां राहगीरों, ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को कीचड़ से होकर निकलना पड़ता था। कितने ग्राम प्रधान हुए लेकिन इस गांव की इस समस्या का समाधान नही कर सके। लेकिन योगी राज में इस बार ग्राम प्रधान ने वह करके दिखलाया जो अभी तक ग्राम पंचायत में किसी भी प्रधान ने नही किया किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के प्रत्येक मार्ग जलमग्न थे ओर उनमें गन्दगी बजबजाती थी लेकिन इस बार ग्राम प्रधान ने सभी गलियों की गंदगी दूर कर दी साथ ही आवास से लेकर जल, शौचालय निर्माण कार्य भी कराएं। पुवायां ब्लाक से 5 किलोमीटर दूर एक ग्राम पंचायत है। जिसका नाम सुनारा बुजुर्ग है। जहां की ग्राम प्रधान मीरा पाण्डेय है जिन्होंने वो करके दिखलाया है जो अभी तक ग्राम पंचायत में किसी भी प्रधान ने अपनी पूरी पंचवर्षीय में करके नही दिखाया है। ग्राम पंचायत के लोगों ने बताया है कई बार ग्राम प्रधान के चुनाव हुए ओर कई प्रधान बने लेकिन गांव की स्थिति प्रत्येक गालियां में नालियाँ टूटी, तभी हर गली में जलमग्न के साथ ही कीचड़ भरा रहता था। लेकिन इस बार गांव की ग्राम प्रधान मीरा देवी ने वह करके दिखलाया है को अभी तक ग्राम पंचायत में अभी तक प्रधान नही कर सके।






### कभी यह मार्ग कीचड़ में रहता था तब्दील

ग्राम सुनारा बुजुर्ग के गांव सुनारा खुर्द की बीच बाली गली कीचड़ में तब्दील रहती थी। लेकिन कभी भी किसी भी प्रधान ने इस गली पर ध्यान नही दिया। गांव सुनारा खुर्द के ग्रामीण काफी परेशान हुए। जिसके बाद इस ग्राम पंचायत की प्रधान मीरा देवी पत्नी विमलेश पाण्डेय बनी तो उन्होंने सबसे पहले इस मार्ग को ही बनवाया क्योकि इस मार्ग से गांव के बच्चे राहगीरों का रहन सहन रहता था। इस कार्य से गांव सुनारा खुर्द के ग्रामीण खुश हुए उन्होंने कहा कि इन्होंने वह करके दिखाया है जो अभी तक कोई भी ग्राम प्रधान नही कर सका।

### ग्राम पंचायत में जनता के लिए घर-घर जल की सुविधा

ग्राम पंचायत सुनारा बुजुर्ग गांव में भाजपा सरकार के जल मिशन योजना के तहत ग्राम पंचायत के प्रत्येक मे घरों में पानी की सुविधा दी है। प्रत्येक मकान में टंकी लगी है। ओर जनता को पानी का लाभ मिल रहा है। जनता का कहना है इससे पहले ये किसी भी ग्राम प्रधान नही नहीं किया जो इस पंचवर्षीय में ग्राम प्रधान में विकास की गंगा बहा दी।

### ग्राम पंचायत में कराया विकास कार्य, जनता सन्तुष्टः प्रधानपुत्र



ग्राम पंचायत सुनारा बुजुर्ग के प्रधानपुत्र विकास पाण्डेय का कहना है कि सरकार के सहयोग से ग्राम पंचायत के गांव सुनारा खुर्द, सुनारा बुजुर्ग व चुराह की प्रत्येक गली को इंटरलॉकिंग किया इससे पहले गांव की प्रत्येक गली में कीचड़ से भरी रहती थी। जब जनता ने मेरी माता मीरादेवी प्रधान चुना तो सबसे पहले इन्ही गलियों को कीचड़ मुक्त बनाया। इसके अलावा ग्राम पंचायत में विधवाओं, विकलांगो व गरीबों के लिए करीब 60 से 70 आवास योजना का लाभ दिलाया।

# बालों का नया बैंड भी आती थी दिखाने पर गैर से निकाह बताने नहीं आई

- ओपन माइक मुशायरे में देर रात तक बही अदब की रवानी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तिलहर क्षेत्र में साहित्य और शायरी के चाहने वालों के लिए एक यादगार शाम उस वक्त देखने को मिली, जब पिज़्ज़ारो कैफे की ओर से भव्य ओपन माइक मुशायरा आयोजित किया गया। इस मुशायरे में शहर और आसपास के इलाकों से आए श्रोताओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा शायर एवं पत्रकार अर्शीयान खां 'अर्श' की मौजूदगी ने महफ़िल को खास बना दिया। वहीं मुशायरे का कुशल और प्रभावशाली संचालन फरमान चिश्ती द्वारा किया गया। इस अदबी आयोजन के आयोजक मो. फरदीन रहे, जबकि संयोजक सलमान वारिस ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि अर्शीयान अर्श ने सुनाया अरसा हुआ के मुझको सताने नहीं आई,कहने के लिए भी वो मनाने नहीं आई। बालों का नया बैंड भी आती थी



दिखाने, पर गैर से निकाह बताने नहीं आई। फरमान चिश्ती ने सुनाया खुद तो बर्बाद हो गया लेकिन,मेरी बिगड़ी बना गया कोई। सलमान वारिस ने सुनाया यह तो दुनिया है बिछड़ना भी यहां लाज़िम है,साथ रहे कर भी कोई साथ नहीं रहता है। इसके अलावा अजीम, सैफ,साद, शादाब हैदर वाहिदी,फैजान सहित अन्य शायरों ने अपने कलाम से मोहब्बत, ज़िंदगी, समाज और जज़्बातों को बखूबी पेश किया। एक से बढ़कर एक शेर और नज़्मों पर बार-बार तालियों की गूंज सुनाई दी और श्रोता वाह-वाह करते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी शायरों, अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# बिना चेहरा प्रमाणीकरण के अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण न किया जाएः डीएम

- डीएम की अध्यक्षता में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की जिला पोषण समिति, विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत सभी लाभार्थियो का चेहरा प्रमाणीकरण (एफआरएस) को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराने एवं एफआरएस से अनुपूरक




पुष्टाहार के वितरण करने के निर्देश दिए। एफआरएस के माध्यम से पोषाहार वितरण में परियोजना भावलखेड़ा की प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नारजगी व्यक्त करते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी भावलखेड़ा को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना चेहरा प्रमाणीकरण के अनुपूरक पुष्टाहार का वितरण न किया जाये। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप पर समस्त लाभार्थियों की वजन, लम्बाई फीड करने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा प्रतिदिन केन्द्र खोलने, समस्त लाभार्थियों की आभा आईण्डी एवं अपार आईडी एक सप्ताह में बनाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने परियोजना कार्यालय से पोषाहार रोस्टर के अनुसार मैप स्वंय सहायता समूह द्वारा ससमय उठान कराते हुए आंगनबाडी केन्द्र पर चेहरा प्रमाणीकरण के माध्यम से 10 जनवरी तक शत-प्रतिशत वितरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अपूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्य सेविका एवं ब्लॉक समन्वयक मौजूद रहे।

# सीओ कार्यालय गेट पर जमीनी विवाद को लेकर किसान यूनियन के दो जिलाध्यक्ष भिड़े, हाथापाई

**पुवायां, शाहजहांपुर।** जमीनी विवाद को लेकर किसान यूनियन के दो जिलाध्यक्ष कोतवाली पहुंचे। दोनों के बीच नोंक-झोंक के बाद पुलिस ने मामला शांत करा दिया। जिसके बाद सीओ कार्यालय गेट पर दोनों पक्षों जमकर एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की नोंक-झोंक के बाद हाथापाई हो गई पुलिस ने मामला शांत कराया।

बड़ागांव चौकी क्षेत्र के लालपुर निवासी हरिपाल सिंह ने एक एकड़ भूमि को गांव अनंतापुर निवासी भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ता महिपाल सिंह को 2021 में बिक्री कर दी जिससे एक वर्ष बाद बरेली जिले के भुता थाना क्षेत्र के गांव डभरा निवासी सूरजभान की पत्नी मनीषा देवी को बेंच दी। जिसके बाद उक्त खरीददार फसल करने लगे। इस बार हरिपाल ने उक्त लोगों को जमीन न करने की धमकी दी। तभी उन्होंने खुद की सुरक्षा के लिए कोर्ट से स्टे आदेश करा लिया। गुरुवार सुबह भाकियू चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव व हरिपाल सिंह सैकड़ों लोगों के साथ खेत पर सरसों की फ़सल जोतने के लिए पहुंच गए। तभी महिपाल ने पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान हरिपाल सिंह की सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ उक्त लोगों ने विवाद करने लगे। दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया। भाकियू भानु गुट के जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादव व भाकियू चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव के साथ दोनों पक्षो कोतवाली मे नोंक-झोंक शुरू हो गई पुलिस की सख्ती के बाद मामला शांत कराया गया। जिसके बाद चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव व भानु गुट के जिलाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह यादव कार्यकर्ताओं के साथ सीओ कार्यालय पहुंचे। दोनों पक्षों में गेट पर जमकर नोंक-झोंक के बाद हाथापाई शुरू हो गई। मौके पर पुलिस कर्मियों ने मामले को शांत कराया।

# जूता-चप्पल व रेडीमेड की दो दुकानों से लाखों की चोरी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बीती रात चोरों ने लोहा टीन से बनी दो दुकानों को पीछे से काटकर लाखों रुपए का सामान चुरा लिया। सुबह दुकान खोलने पर चोरी का खुलासा हुआ। लोगों की भरी भीड़ लग गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया । फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। नगर से सटे गांव डभौरा में तिलहर - निगोही मार्ग पर स्थित टीन के खोखा नुमा जूता चप्पल तथा दूसरी रेडीमेड कपड़े की दुकान को चोरो ने अपना निशाना बनाया। पीड़ित व्यापारी अहमद हुसैन ने बताया कि उनकी लोहे टीन से बनी दुकान को पीछे से काटकर करीब 90 हजार रुपए के जूते 40 हजार के



बैग और 30 हजार के अंडरगारमेंट्स ले गए हैं। वहीं दूसरी दुकान स्वामिनी किरण प्रजापति ने बताया कि उनके यहां से करीब एक लाख रुपए के कपड़े व दो हजार रुपए नगदी चोर ले गए हैं। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया टीन खोखा की चादर से बनी दो दुकानों को काटकर अज्ञात चोर कुछ सामान चुरा ले गए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# थाना प्रभारी जैतीपुर का हुआ गैर जनपद स्थानांतरण

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना प्रभारी गौरव त्यागी का गैर जनपद स्थानांतरण हो गया है। उन्होंने 14 महीने तक जैतीपुर थाने की कमान संभाली और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया। उनके स्थानांतरण के अवसर पर थाना परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में ढोल-नगाड़ों का भी प्रबंध किया गया था। समारोह के दौरान थाना प्रभारी गौरव त्यागी के कार्यकाल में किए गए योगदान की सराहना की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व और समर्पण की प्रशंसा करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और फूल माला पहन कर सम्मानित किया गया। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने सभी कर्मचारियों



का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि उनके साथ काम करना हमेशा यादगार रहेगा। इस विदाई समारोह में उप निरीक्षक सूरज पाल पचौरी, रोहिताश कुमार, रामू आर्य, इतेश तोमर, कांस्टेबल तरुण सिरोही, राहुल यादव के साथ बृजेश मिश्रा, मदनपाल सिंह, सुनील यादव, राकेश गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 10 थाना प्रभारियों का कार्य क्षेत्र बदला

**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश द्विवेदी ने जनपद के 10 थानों के प्रभारियों का तबादला किया हैं। जिसमें थाना खुटार के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार को थाना परौर भेजा गया है जबकि पुलिस लाइन में तैनात श्यामवीर सिंह को खुटार का प्रभारी बनाया हैं। इसी प्रकार प्रभारी विषेश जांच प्रकोष्ठ अवधेश कुमार सिंह को थाना कटरा का प्रभारी निरीक्षक बनाया है और थाना कटरा में तैनात जुगलकिशोर को कोतवाली तिलहर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। प्रभारी आईजीआरएस शिवदीन को थाना कलान भेजा गया, जबकि कलान में तैनात प्रभारी निरीक्षक प्रभाषचंद्र को प्रभारी आईजीआरएस बनाया गया। मदनापुर में अपराध निरीक्षक प्रिंस शर्मा को प्रभारी निरीक्षक जैतीपुर बनाया गया। जैतीपुर में तैनात गौरव त्यागी का गैर जनपद स्थानांतरण होने के कारण पुलिस लाइन भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक तिलहर राकेश कुमार को प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ बनाया गया और प्रभारी निरीक्षक परौर अशोक कुमार सिंह को अपराध शाखा भेजा गया।

## विचार गोष्ठी आज

**शाहजहांपुर।** भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर 3 जनवरी आज को पूर्वाह्न 10 बजे निगोही रोड अशोक विहार स्थित सम्राट अशोक पार्क में विचार गोष्ठी होगी, जिसमें 'समाज उत्थान में सावित्रीबाई फुले की भूमिका' विषयक विचार रखे जाएंगे। राम सिंह अध्यक्ष पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने दी।


**उत्तर रेलवे**

**ई—ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ—उ०रे०—मण्डल—वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.01.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.01.2026 at 12:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS/SJK Date: 01.01.2026 16/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जबरदस्त कड़ाके की ठंड में भी ध्यान की ऊष्मा

- हार्टकुलनेस मेडीटेशन से जागृत होती ग्रामीण चेतना
- गांव-गांव आध्यात्म की अलख जगाने निकले रामचंद्र मिशन के प्रशिक्षक और स्वयंसेवक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कड़ाके की ठंड, शीतल हवाओं और कुहासे की चादर के बीच भी यदि कोई शक्ति मनुष्य को निरंतर गतिमान रखती है, तो वह है आध्यात्मिक संकल्प। इसी संकल्प का जीवंत उदाहरण इन दिनों देखने को मिल रहा है, जब रामचंद्र मिशन के प्रशिक्षक और स्वयंसेवक ग्रामीण अंचलों में गांव-गांव पहुंचकर आध्यात्मिक जागरण का दीप प्रज्वलित कर सहज मार्ग साधना पद्धति हार्टफुलनेस मेडीटेशन के बारे में जानकारी देने के साथ ही ध्यान साधना भी करा रहे हैं। रामचंद्र मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों की टीम ने आज जिले के सिंधौली और कांट विकास खंड के दर्जनों गांवों में दस्तक दी। सिंधौली ब्लाक के कटौल, हुसैनपुर माधोपुर, खिरिया, रसूलपुर, बरेंडा, डींगुरपुर, मुरैना, चेना रुरिया, भटपुरा रसूलपुर, चांदा, मंडेरी, लधोला, इमलिया हमीरपुर, शेखूपुर सरैंया तथा ब्लाक कांट के विक्रमपुर, टांडा पर्वतपुर, रामखेड़ा, बक्करपुर, अमौरा, चौहानापुर, रावतपुर, अभायन, बरुआ बुजुर्ग,




उमरिया, इमलिया, गनचपा, रसेम, नगला जाजू सहित सभी गांवों में लोगों को एकत्र कर उन्हें सहज मार्ग साधना पद्धति के बारे में बताने के साथ ही जीवन में ध्यान साधना के महत्व के बारे में बताया और ध्यान भी कराया। रामचंद्र मिशन के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों के इस अभियान में वे ध्यान, आत्मचिंतन और हार्टफुलनेस मेडीटेशन की सरल विधियों के माध्यम से ग्रामीण जनजीवन को मानसिक शांति, आंतरिक संतुलन और नैतिक मूल्यों से जोड़ रहे हैं। गांवों की चौपालों, विद्यालय परिसरों , पंचायत भवनों और साधारण घरों में आयोजित इन सत्संगों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता हो रही है। मिशन के प्रशिक्षक यह संदेश दे रहे हैं कि आध्यात्म किसी एकांत साधना तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो हर व्यक्ति को करुणा, संयम और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाती है। हार्टफुलनेस मेडीटेशन करने के बाद तमाम ग्रामीणों का कहना है कि इन कार्यक्रमों से उन्हें न केवल मानसिक शांति मिली है, बल्कि जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित हुआ है। युवाओं से लेकर वृद्धजनों तक, सभी इस आध्यात्मिक संवाद से स्वयं को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। अभियान को सफल बनाने में आभा श्रीवास्तव, दीक्षा, जया श्रीवास्तव, यतिंद्र कुमार, महेश पाल, देवतोश श्रीवास्तव, भगवान सिंह, तनु सैनी, दीपक, अचिंत्य, मीनू, शालू यादव, नीरज पांडे, अवनीश तिवारी, सुनीता वैजंत, संजीव ,एस के यादव, लक्ष्मण प्रसाद, एस के शर्मा, मनिक चंद्रा, वीरेंद्र कुमार, बबीता सिंह, हेमा, अनीता, उमेश शुक्ला, सुदर्शन, मोहन लाल, हंसराज, संजय सिंह, रोशनी, शैलेन्द्र कुमार, चाहत जादौन, अतुल विश्नोई, रत्नेश तिवारी, अजय चौधरी सहित तमाम प्रशिक्षक और दर्जनों स्वयंसेवक शामिल रहे।

## मेहनतकशों की बेकद्री

बाजार आने-जाने के झंझट से बचा लोगों के घरों में तुरत-फुरत जीवन उपयोगी सामान पहुंचाने वाले गिग-वर्कर्स की जटिल कार्यपरिस्थितियां और पसीने का मोल न मिलना, बेहद चिंता की बात है। अपना व परिवार का पोषण करने वाले ये युवा अकसर सरपट मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियां चढ़कर ऊंची मंजिलों में दरवाजों तक सामान पहुंचाते देखे जा सकते हैं। बेहद कम मेहनताना, कंपनी मालिकों के दबाव व ग्राहकों की उपेक्षा झेलते गिग वर्कर्स ने नये साल की पूर्व संध्या पर हड़ताल करके अपनी बदहाली को ही उजागर किया है। संवेदनशील कार्य परिस्थितियों और नौकरी की असुरक्षा के चलते गिग-वर्कर्स हड़ताल पर थे। हालांकि, नये साल पर काम के दबाव व पूरी तरह संगठित न होने के कारण इनकी हड़ताल का कुछ ही इलाकों में असर देखा गया। पूरे देश में सामान की आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसा भी कोई समाचार नहीं मिला है। लेकिन गिग-वर्कर्स की विषम कार्य-परिस्थितियों की ओर पूरे देश का ध्यान जरूर गया है। पिछले दिनों आप के राघव चड्ढा और राजद के मनोज कुमार झा जैसे सांसदों ने गिग वर्कर्स के शोषण का मुद्दा संसद में उठाया था। निस्संदेह, देश की गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन में अपनी क्षमता साबित की है। विडंबना है कि भारत युवाओं का देश कहा जाता है, लेकिन हम उनकी आकांक्षाओं का रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। दरअसल, गिग-वर्कर्स की प्रमुख मांग है कि उनके काम का बेहतर भुगतान हो और उनके लिये बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनायी जाएं। उनकी इस हड़ताल ने इन मुद्दों पर देश का ध्यान खींचा है। लेकिन देश के प्रमुख खाद्य वितरण करने वाली कंपनी ने 31 दिसंबर को इस हड़ताल के बावजूद ऑर्डर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की। वहीं थके-हारे बाइकर्स अपनी अनगिनत शिकायतें व्यक्त करते रहे। दरअसल, विडंबना यह है कि खूब काम लेने के बावजूद गिग-वर्कर्स को पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी के दायरे से बाहर आजीविका कमाने वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है। दरअसल, गिग-वर्कर्स को नई अर्थव्यवस्था में नियोक्ता एक कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने के दायित्व से बचने का प्रयास करते हैं। लेकिन नियोक्ताओं की हायर व फायर की रणनीति के चलते, ये असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को बाध्य होते हैं। इसके बावजूद ये आज शहरी जीवन व्यवस्था के लिये अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दौड़ते रहते हैं। वे सामान दस मिनट तक दरवाजे पर पहुंचाने के दबाव में हांफते-भागते, मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियों पर सामान चढ़ाते अकसर नजर आते हैं। आम तौर पर उपभोक्ताओं का व्यवहार भी अच्छा नहीं होता। देरी होने पर इन्हें झिड़का जाता है। सामान में नुक्स निकालकर इन्हें दौड़ाया जाता है। आज भारत में इनकी संख्या सवा करोड़ से अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इन कामगारों की संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक हो सकती है। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन फ़िलहाल स्थिति यह है कि मेहनताने में कटौती, जरा सी चूक पर आर्थिक दंड तथा समय से पहले पहुंचाने के दबाव से गिग-वर्कर्स त्रस्त हैं। मुश्किल परिस्थितियों में काम करते रहने के बावजूद ये कामगार हड़ताल में बड़ी संख्या में भाग नहीं ले पाये। दरअसल, प्लेटफॉर्म अकसर प्रोत्साहन और अतिरिक्त वेतन के जरिये श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन को दबा देते हैं।

# समुद्र की गहराइयों से उठती नारी शक्ति की गूंज

योगेश कुमार गोयल

भारत के सैन्य इतिहास में कुछ क्षण केवल घटनाएं नहीं, राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बन जाते हैं। पिछले दिनों जब भारत की सर्वोच्च कमांडर और राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय नौसेना की अत्याधुनिक पनडुब्बी 'आईएनएस वाघशीर' पर सवार होकर समुद्र की गहराइयों में प्रवेश किया, वह क्षण भारत के सैन्य इतिहास में प्रतीकात्मक मील का पत्थर बन गया। उनकी यह यात्रा केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं थी बल्कि यह भारत की समुद्री शक्ति, रक्षा आत्मनिर्भरता, महिला नेतृत्व और हिंद महासागर क्षेत्र में देश की निर्णायक भूमिका का सशक्त प्रदर्शन थी।

राष्ट्रपति मुर्मु न केवल भारत की पहली महिला राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने पनडुब्बी यात्रा की बल्कि इसका गहरा प्रतीकात्मक अर्थ यह है कि भारत अब तकनीकी, रणनीतिक और नेतृत्व, तीनों स्तरों पर नया आत्मविश्वास अर्जित कर चुका है। लगभग 19 वर्ष पहले फरवरी 2006 में राष्ट्रपति 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने आईएनएस सिंधु रक्षक में समुद्री यात्रा की थी। तब से लेकर अब तक भारत का रक्षा परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। जो राष्ट्र तब विदेशी प्रणालियों पर निर्भर था, वह आज आत्मनिर्भरता और उन्नत तकनीकी क्षमता के साथ समुद्र की गहराइयों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा इस ऐतिहासिक निरंतरता को नया आयाम देती है। यह केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं बल्कि भारतीय राष्ट्रपति की एक सक्रिय, संलग्न और रणनीतिक भूमिका का प्रतीक है, जहां सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं उन चुनौतियों और अवसरों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करता है, जिनसे हमारे सशस्त्र बल प्रतिदिन जूझते हैं।

'आईएनएस वाघशीर' प्रोजेक्ट-75 स्कॉर्पीन कार्यक्रम की छठी और अंतिम पनडुब्बी है, जो भारतीय नौसेना में जनवरी 2025 में शामिल हुई थी। इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने फ्रांस की कंपनी 'नेवल ग्रुप' के तकनीकी सहयोग से किया। यह सहयोग अब केवल तकनीक हस्तांतरण का मॉडल नहीं रहा बल्कि 'मेक इन इंडिया' की वास्तविक सफलता का उदाहरण बन चुका है। भारत आज न केवल जटिल नौसेना प्रणालियों को जोड़ने में सक्षम है बल्कि उनमें नवाचार करने की दिशा में भी अग्रसर है। तकनीकी रूप से वाघशीर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में गिनी जाती है। लगभग 67 मीटर लंबी और 1,565 टन वजनी यह पनडुब्बी 350 मीटर तक गोता लगाने और पानी के नीचे 37 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम है। आईएनएस वाघशीर का उन्नत स्टील्थ डिजाइन इसे दुश्मन के सोनार और रडार से लगभग अदृश्य बनाता है। वायर-गाइडेड टॉरपीडो और एंटी-शिप मिसाइलें इसे दुश्मन के



तकनीकी, रणनीतिक और नेतृत्व, तीनों स्तरों पर नया आत्मविश्वास अर्जित कर चुका है। लगभग 19 वर्ष पहले फरवरी 2006 में राष्ट्रपति 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने आईएनएस सिंधु रक्षक में समुद्री यात्रा की थी। तब से लेकर अब तक भारत का रक्षा परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। जो राष्ट्र तब विदेशी प्रणालियों पर निर्भर था, वह आज आत्मनिर्भरता और उन्नत तकनीकी क्षमता के साथ समुद्र की गहराइयों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा इस ऐतिहासिक निरंतरता को नया आयाम देती है। यह केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं बल्कि भारतीय राष्ट्रपति की एक सक्रिय, संलग्न और रणनीतिक भूमिका का प्रतीक है, जहां सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं उन चुनौतियों और अवसरों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करता है, जिनसे हमारे सशस्त्र बल प्रतिदिन जूझते हैं।

किसी भी युद्धपोत को ध्वस्त करने की क्षमता देती हैं। उच्च-संवेदनशील सोनार और रडार प्रणालियां इस पनडुब्बी को खुफिया जानकारी, निगरानी और विशेष अभियानों के लिए आदर्श प्लेटफॉर्म बनाती हैं। 50 दिनों तक समुद्र में तैनाती की क्षमता से यह लंबी अवधि के मिशन संचालित कर सकती है।

भविष्यवादी तत्व इसकी मॉड्युलर संरचना है, जो इसे आने वाले वर्षों में 'एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन' प्रणाली से लैस करने की सुविधा प्रदान करेगी। इस तकनीक के जोड़ने के बाद वाघशीर को सतह पर आए बिना लंबे समय तक गहराइयों में तैनात किया जा सकेगा, जिससे इसकी स्टील्थ और मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा कारवार स्थित आईएनएस कदंब नौसैनिक अड्डे से प्रारंभ हुई, जो भारत के समुद्री सामर्थ्य का केंद्र बन चुका है। 'प्रोजेक्ट सीबर्ड' के तहत विकसित यह अड्डा 45 वर्ग किलोमीटर में फैला विशाल सामरिक बेस है। पूर्ण निर्माण के बाद यह स्वेज नहर के पूर्व में पृथ्वी का सबसे बड़ा नौसैनिक अड्डा होगा, जहां 50 से अधिक युद्धपोतों को रखने की क्षमता होगी। यह आधार केवल एक सैन्य सुविधा नहीं बल्कि भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टि का प्रतीक है। यहां से भारत न केवल अपने समुद्री तट की सुरक्षा करता है बल्कि पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र पर सामरिक निगरानी भी रखता है। कारवार का विकास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की निर्णायक भूमिका के अनुरूप है, जहां व्यापारिक मार्ग, ऊर्जा आपूर्ति और सामरिक नियंत्रण सब कुछ समुद्र पर निर्भर है। राष्ट्रपति की यात्रा का सबसे भावनात्मक क्षण वह रहा, जब उन्होंने पनडुब्बी में तैनात नौसैनिकों से संवाद किया। पनडुब्बी सेवा, सामान्य नौसैनिक जीवन से कहीं अधिक कठिन होती है, जहां सीमित स्थान, पूर्ण गोपनीयता, महीनों तक अंधकार और हर क्षण अप्रत्याशित खतरे रहते हैं। वातावरण में राष्ट्रपति का स्वयं आकर सैनिकों का अभिवादन करना उनके मनोबल को अतुलनीय शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने नौसैनिकों के अनुशासन, तकनीकी दक्षता और त्याग की प्रशंसा करते हुए कहा कि 'भारतीय सैन्य शक्ति का असली आधार उसकी मानव शक्ति है।'

यह कथन भारत की उस सैन्य नीति को उजागर करता है, जो आधुनिक हथियारों जितनी ही ऊर्जा अपने जवानों की प्रतिबद्धता में देखती है। आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाली महिला, जो देश की सर्वोच्च संवैधानिक पद पर हैं, उनका अत्याधुनिक पनडुब्बी में उतरना सांस्कृतिक परिवर्तन का प्रतीक भी है। भारत की सशस्त्र सेनाओं में महिलाओं की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है।

साल 2014 में जहां महिला अधिकारियों की संख्या लगभग 3,000 थी, वहीं आज यह 11,000 से अधिक हो चुकी है। साल 2020 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद 500 से अधिक महिला अधिकारियों को स्थायी आयोग दिया गया। साल 2022 से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला कैडेट्स के प्रवेश से नए युग की शुरुआत हुई। राष्ट्रपति मुर्मु का सुखोई-30 एमकेआई, राफेल और अब पनडुब्बी में तीनों सशस्त्र शाखाओं का प्रत्यक्ष अनुभव, यह केवल नारी सशक्तिकरण का प्रतीक नहीं बल्कि यह संदेश भी है कि 21वीं सदी का भारत नेतृत्व को लिंग की सीमाओं से परिभाषित नहीं करता।

विचार

# इंदौर : स्वच्छता की चादर से ढंकी गंदगी

प्रमोद भार्गव

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है लेकिन अब इसकी आई सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढंक दिया गया था। जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। अब दूषित पेयजल से हुईं 10 से ज्यादा लोगों की मौत ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने में क्यों असफल हो रहे हैं।

मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है। क्योंकि हम बिना भोजन के जीवित रह सकते हैं लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। नर्मदा नदी से पाइपलाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित पानी लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। लेकिन धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई।



लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 1000 लोग अस्पतालों में भर्ती हुए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा के जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से मिल रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़ी। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वाचन क्षेत्र से चुने जाते हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेबार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर अपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। लेकिन साफ है, भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था।

दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं है, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए

**दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं है, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं। इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल, भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायतें आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है। इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं।**

संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं। इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल, भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायतें आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है। इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती। लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। दरअसल, नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पेयजल पीने के लिए अभिशप्त हैं। दुनियाभर में हर साल 50 लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर असमय मौत के शिकार हो रहे हैं।

## चांदी के बाजार में चीन का नया खेल

रजनीश कपूर

दुनिया के चांदी बाजार में इस समय जो उथल-पुथल दिख रही है, उसमें चीन की नीतियां निर्णायक भूमिका निभा रही हैं और यही स्थिति वैश्विक निवेशकों के लिए गंभीर चेतावनी बन गई है। यह केवल सामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि आपूघ्त, स्टॉकपाइल और निर्यात नियंत्रण के जरिए कीमतों व भावनाओं को प्रभावित करने का जटिल खेल है। 2025 में चीन ने चांदी पर राज्य-नियंत्रित निर्यात लाइसैंसिंग सिस्टम लागू किया, यानी बिना सरकारी मंजूरी के कोई कंपनी चांदी बाहर नहीं भेज सकती।

शुरुआत में यह कदम 'घरेलू उद्योग की सुरक्षा' और 'संसाधन-संरक्षण' के नाम पर उठाया गया लेकिन इसका तात्कालिक असर वैश्विक बाजार में आपूर्ति-संकट और तेजी से बढ़ती कीमतों के रूप में दिखा। इसी साल अक्तूबर में चीन ने अचानक रिकॉर्ड 660 टन चांदी एक महीने में निर्यात कर दी, जो इतिहास में सबसे बड़ा मासिक आंकड़ा माना जा रहा है। यह कदम पहले लगाए गए निर्यात नियंत्रणों से उलट था और इसे एक घबराए हुए बाजार को शांत करने तथा वैश्विक कीमतों की दिशा तय करने की कोशिश के रूप में देखा गया। शंघाई फ्यूचर्स एक्सचेंज के आंकड़े दिखाते हैं कि 2021 के आसपास लगभग 3,900-5,000 टन तक पहुंचा चीन का चांदी स्टॉक 2025 के अंत तक गिरकर लगभग 700-800 टन के आसपास ही रह गया। यानी 80-85 प्रतिशत तक की गिरावट। जब दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक खपत वाली अर्थव्यवस्था के गोदाम इस तरह खाली होने लगते हैं और साथ ही निर्यात नीति बार-बार बदली जाती है, तो बाजार में 'वास्तविक कमी' और 'संचालित कमी' के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। अनुमान है कि 2024 में चीन ने लगभग 3,300 टन चांदी का उत्पादन किया, जबकि घरेलू खपत 19,000 टन के आसपास पहुंच गई, यानी लगभग 15,700 टन का वाषक घाटा। यह संरचनात्मक घाटा और घटते स्टॉकपाइल चीन को नीति के जरिए अंतर्राष्ट्रीय कीमतों और सप्लाई-चेन पर अतिरिक्त दबाव बनाने का मौका देता है। यह पहली बार नहीं है जब चीन किसी महत्वपूर्ण खनिज या धातु की आपूर्ति को भू-राजनीतिक (जियोपॉलिटिक्स) या आघ्थक हथियार की तरह इस्तेमाल किया हो। दुर्लभ धातुओं में 2008-2010 के बीच चीन ने निर्यात पर कोटा और पाबंदियां लगाकर कीमतों को आसमान पर पहुंचा दिया और जापान के साथ विवाद के दौरान सप्लाई रोक कर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने की कोशिश की थी।

कमोडिटी बाजारों में 'कोर्नरिंग' या 'मैनिपुलेशन' की कोशिशों का इतिहास बेहद कड़वा रहा है। 1979-80 में हंट ब्रदर्स ने भारी मात्रा में फ्यूचर्स और भौतिक चांदी खरीदकर दुनिया की एक-तिहाई चांदी पर नियंत्रण करने की कोशिश की, जिससे कीमतें लगभग 6 डॉलर से बढ़कर 50 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गईं। जैसे ही नियामकों ने पोजीशन लिमिट कड़ी की और मार्जन बढ़ाए, बाजार ध्वस्त हुआ, 'सिल्वर थर्सडे' के नाम से मशहूर क्रैश में कुछ ही दिनों में कीमत आधे से भी कम पर आ गई और लाखों निवेशक बर्बाद हुए। इसी तरह, दुर्लभ धातुओं के बाजार में चीन की 2010 की पाबंदियों ने वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को झटका दिया, उनकी लागत अचानक बढ़ गई और निवेश निर्णयों में भारी अनिश्चितता पैदा हुई। ये उदाहरण बताते हैं कि जब भी कोई सरकार या शक्तिशाली समूह किसी कमोडिटी को नियंत्रित करने की हद तक अपने हाथ में लेने लगता है, तो शुरुआती दौर में कीमतें ऊंची होकर 'लाभ' का भ्रम पैदा करती हैं लेकिन अंततरू परिणाम क्रैश और अव्यवस्था के रूप में सामने आते हैं। आज की स्थिति में चांदी की कीमतों में तेज उछाल के पीछे दो समानांतर धाराएं काम कर रही हैं। एक तरफ वास्तविक औद्योगिक मांग, जैसे कि सोलर पैनल, इलैक्ट्रिक वाहन, इलैक्ट्रॉनिक्स, मैडिकल उपकरण, जिसके लिए चांदी लगभग अपरिवर्तनीय है। दूसरी तरफ चीन सहित बड़े खिलाड़ियों की नीतिगत चालें, जैसे कि निर्यात पर रोक, अचानक बड़े निर्यात और कमोडिटी एक्सचेंजों पर 'पेपर' व 'फिजिकल' बाजार के बीच बढ़ती खाई।



## राशिफल

**मेषः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है।

**कन्या :-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य खराब होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। धन प्राप्ति का योग है।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# 21वीं सदी की सबसे परिपक्व व प्रभावी महाशक्ति बनता भारत

- डॉ. मयंक चतुर्वेदी

इक्कीसवीं सदी की वैश्विक राजनीति सैन्य ताकत, खुले टकराव या वैचारिक ध्रुवीकरण तक सीमित नहीं रह गई है। यह सदी उन देशों की भी है, जिनके लिए युद्ध, धमकी और विचारधारात्मक वर्चस्व कोई मायने नहीं रखता है, ये तो अपनी उपयोगिता, विश्वसनीयता और साझीदारी-क्षमता से शक्ति अर्जित कर रहे हैं। दरअसल हाल ही में यूट्यूब पर सामने आए एक वीडियो में प्रसिद्ध यूनानी अर्थशास्त्री और राजनेता यानिस वारुफाकिस का एक तटस्थ विश्लेषण इसी तथ्य को रेखांकित कर रहा है। यह वीडियो 29 दिसंबर 2025 को अपलोड हुआ है और इसमें भारत की एक वैश्विक शक्ति बनने की खामोशी से चल रही यात्रा को बेहद बारीक अवलोकन के साथ प्रस्तुत किया गया है।

इस विश्लेषण का केंद्रीय तर्क यह है कि 21वीं सदी की सबसे परिपक्व और प्रभावी महाशक्ति रणनीति किसी अमेरिका या चीन की नहीं है, वह भारत की है। भारत को इन्होंने सिर्फ एक उभरती अर्थव्यवस्था होने तक भर नहीं किया है, वे इससे आगे की बात करते हैं और एक ऐसे रणनीतिक खिलाड़ी के रूप में देखते

**इस विश्लेषण का केंद्रीय तर्क यह है कि 21वीं सदी की सबसे परिपक्व और प्रभावी महाशक्ति रणनीति किसी अमेरिका या चीन की नहीं है, वह भारत की है। भारत को इन्होंने सिर्फ एक उभरती अर्थव्यवस्था होने तक भर नहीं किया है, वे इससे आगे की बात करते हैं और एक ऐसे रणनीतिक खिलाड़ी के रूप में देखते हैं जो अनेक देशों के साथ एक साथ कई शक्ति केंद्रों में समानांतर रिश्ते निभाते हुए भी अपनी निर्णय-स्वतंत्रता से समझौता नहीं करता है। यही वह बिंदु है, जहाँ भारत पारंपरिक महाशक्ति मॉडल से अलग दिखाई देता है। वीडियो में भारत की विदेश नीति को स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी यानी रणनीतिक स्वायतता का आदर्श उदाहरण बताया गया है। भारत एक ओर क्वाड का सदस्य है, जहाँ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सुरक्षा सहयोग करता है तो दूसरी ओर ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य होकर चीन और रूस के साथ आर्थिक-राजनीतिक मंच साझा करता है।**

हैं जो अनेक देशों के साथ एक साथ कई शक्ति केंद्रों में समानांतर रिश्ते निभाते हुए भी अपनी निर्णय-स्वतंत्रता से समझौता नहीं करता है। यही वह बिंदु है, जहाँ भारत पारंपरिक महाशक्ति मॉडल से अलग दिखाई देता है। वीडियो में भारत की विदेश नीति को स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी यानी रणनीतिक स्वायत्तता का आदर्श उदाहरण बताया गया है। भारत एक ओर क्वाड का सदस्य है, जहाँ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सुरक्षा सहयोग करता है तो दूसरी ओर ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य होकर चीन और रूस के साथ आर्थिक-राजनीतिक मंच साझा करता है। सामान्यतः यह स्थिति 'असंभव' मानी जाती है, क्योंकि ये दोनों गुट वैश्विक राजनीति में प्रतिद्वंद्वी समझे जाते हैं। किंतु भारत ने दिखा दिया है कि स्पष्ट प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ यह संतुलन संभव है और लाभकारी भी। यहाँ एक महत्वपूर्ण तुलना सामने आती है। अमेरिका अपने साझीदारों से वफादारी की अपेक्षा करता है और चीन अपने सहयोगियों से अधीनता। भारत इसके उलट संप्रभु समानता और आपसी हितों पर आधारित साझीदारी की बात करता है। यही कारण है कि वह सहयोग करता है पर न किसी के अधीन होता है न किसी को अधीन करता है। यह शैली भारत को दबाव-मुक्त बनाती है और वैश्विक राजनीति में उसे एक अलग पहचान देती है। ऊर्जा नीति इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। 2024 में पश्चिमी प्रतिबंधों और दबावों के बावजूद भारत ने रूस से रिकॉर्ड स्तर पर सस्ता कच्चा तेल खरीदा, जिससे उसकी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 40 प्रतिशत पूरा हुआ। इससे भारतीय उपभोक्ताओं को अरबों डॉलर की बचत मिली। पश्चिमी देशों ने इसे सैंक्शन बस्टिंग कहा। वहीं भारत ने इसे व्यावहारिक और जनहितकारी स्मार्ट इकोनॉमिक्स के रूप में प्रस्तुत किया। इसी दौरान अमेरिका और यूरोप के साथ रक्षा, सेमीकंडक्टर और हाई-टेक सहयोग भी जारी रहा। यानिस वारुफाकिस की भाषा में कहें तो यही संतुलित बहुपक्षवाद है। विनिर्माण के क्षेत्र में भी भारत किसी से टकराव नहीं करता है, आकर्षण की नीति पर चल रहा है। एप्पल का चीन के बाहर सबसे बड़ा iPhone उत्पादन भारत में होना, Samsung का भारत को वैश्विक निर्माण केंद्र बनाना और Tesla की प्रस्तावित फैक्ट्री वस्तुतः ये सभी संकेत हैं कि भारत वर्ल्ड फैक्ट्री बनने की दिशा में चुपचाप आगे बढ़ रहा है। महत्वपूर्ण यह है कि भारत अब केवल असेंबली नहीं, बल्कि डिजाइन, शोध और नवाचार का केंद्र भी बन रहा है। गूगल की एआई रिसर्च, Microsoft की क्लाउड डेवलपमेंट और Amazon की लॉजिस्टिक इनोवेशन का भारत की ओर आना इसी ÷इंटेलेक्चुअल कैपिटल माइग्रेशन÷ का प्रमाण है। भारत की दीर्घकालिक शक्ति उसकी जनसांख्यिकी में निहित है। 60 करोड़ से अधिक युवा जनसंख्या के साथ आज भारत आगे बढ़ रहा है, जबकि चीन, जापान और यूरोप वृद्धावस्था और श्रम-कमी से जूझ रहे हैं। हर वर्ष भारत से निकलने वाले इंजीनियर, डॉक्टर और प्रोग्रामर संख्या में अधिक होने के साथ ही वैश्विक मानकों पर गुणवत्ता में भी प्रतिस्पर्धी हैं। यही कारण है कि कंपनियों के शीर्ष नेतृत्व में भारतीय मूल के सीईओ दिखाई देते हैं। यह संयोग नहीं माना जाना चाहिए, यह तो उस शैक्षिक-सांस्कृतिक वातावरण का परिणाम है जोकि पूर्व और पश्चिम दोनों को समझने की क्षमता देता है। साथ ही, यह युवा जनसंख्या भविष्य का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी है। जब ये करोड़ों युवा मध्यवर्गीय क्रय-शक्ति तक पहुँचेंगे, तब भारत का आंतरिक बाजार मानव इतिहास का सबसे बड़ा बाजार बन सकता है। उस समय वैश्विक कंपनियों के लिए भारतीय शर्तों को स्वीकार करना विकल्प नहीं, आवश्यकता होगी। भारत की आर्थिक और रक्षा रणनीति भी इसी बहुध्रुवीय सोच को दर्शाती है। विदेशी निवेश में भारत किसी एक देश पर निर्भर नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### धोखाधड़ी एवं जालसाजी के मुकदमे में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार




**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून–व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंटियों की धरपकड़ एवं संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग का विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौड़ के निर्देशन में थाना कुलपहाड़ पुलिस द्वारा प्रभावी एवं सतर्क कार्रवाई करते हुए थाना कुलपहाड़ पर पंजीकृत मुकदमा धारा 318(4)/338/ 336(3) भारतीय न्याय संहिता में प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त प्रदीप पुत्र इंद्रजीत की गिरफ्तारी की गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह मय हमराह उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव,कांस्टेबल हवन कुमार,कांस्टेबल दिनेश सिंह एवं कांस्टेबल अनिल कुमार द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना एवं सतत चेकिंग के दौरान ग्राम सेला खालसा क्षेत्र से अभियुक्त प्रदीप सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह यादव उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सेला खालसा थाना कुलपहाड़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मुकदमे में धोखाधड़ी,जालसाजी तथा जाली दस्तावेजों के प्रयोग से संबंधित गंभीर आरोप पंजीकृत हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी से प्रकरण में विवेचना को गति प्राप्त होगी तथा अन्य तथ्यों के अनावरण की संभावना है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### नगर पंचायत द्वारा संचालित अलाव बने सर्दी से बचाव का सहारा



**कुलपहाड़/महोबा।** इस समय सर्दी का सितम लगातार जारी है, घने कोहरे और सर्द हवाओं के कारण लोग परेशान हैं। सुबह कोहरे की वजह से वाहन भी सड़कों पर रेंगते नजर आ रहे हैं। बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। ठंड के कारण खरीददार नहीं आ रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए नगर पंचायत द्वारा विभिन्न जगहों पर अलाव जलाकर लोगों को कुछ राहत देने का काम किया जा रहा है, जहां शाम होते ही लोग तापते हुए दिखाई देते हैं। बताते चलें कि विगत करीब दो सप्ताह से कड़ाके की सर्दी ने लोगों को परेशान कर दिया है। सुबह घने कोहरे व धुंध में दूर तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। सड़कों पर वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं। ठंड के कारण परिषदीय विद्यालय में छुट्टियां चल रही है। लोग अपने घरों से निकलने में कतरा रहे हैं। शुक्रवार को पूरे दिन आसमान में धुंध छाई रही। सूर्यदेव के दर्शन भी नसीब नहीं हुए। तहसील में फरियादियों के न पहुंचने पर सन्नाटा पसरा रहा। सर्दी से बचने के लिए नगर पंचायत द्वारा कई जगह अलाव की व्यवस्था की गई है। ताकि लोगों को सर्दी से कुछ राहत दी जा सके। वहीं कुछ दुकानदार भी अपनी दुकानों के सामने आग जलाकर राहगीरों व ग्राहकों को सर्दी से राहत पहुंचाने में लगे हुए हैं। शुक्रवार को धूम न निकलने के कारण दिन में भी अलाव की व्यवस्था की गई। नगर के रोडवेज बस स्टैंड परिसर में मुसाफिरों व राहगीरों को अलाव तापते हुए देखा गया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बे के कान्हा गौशाला का निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने किया। वहीं गायों को गुड़ चना खिलाकर सर्दी से बचाने के निर्देश दिए। कस्बे के कान्हा गौशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर शुक्रवार को निरीक्षण किया। जहां गायों को गुड़ चना खिलाकर उनके सर्दी के बचाव के इंतजाम के बारे में जानकारी ली। पड़ रही कड़ाके की ठंडी में अलाव जलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पशु ठंड से मौत न हो निरीक्षण के दौरान सोनू कबीर अनिरुद्ध पांडे आदि मौजूद रहे।

### सर्दी के मरीज बढ़े, ओपीडी में उमड़ रही भीड़



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सर्दी का कहर बढ़ने से मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। शुक्रवार को 12:30 बजे तक ओपीडी में मरीजों की संख्या 160 हो गई। ज्यादातर मरीज सर्दी, जुखाम, बुखार, खांसी के ग्रसित आए हुए थे। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर तरुण पाल ने बताया कि सर्दी में इजाफा होने से मरीजों की संख्या बढ़ी है। सर्दी की चपेट में आकर सिर दर्द, बदन दर्द, पेट दर्द, बुखार के मरीज अस्पताल आ रहे हैं। ओपीडी में मरीजों की संख्या 200 का आंकड़ा पार कर रही है। ओपीडी में मरीजों का उपचार कर रहे। चिकित्साधिकारी डॉक्टर परवेज कादरी ने बताया कि सर्दी से बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग ग्रसित होकर अस्पताल आ रहे हैं।

### रंजिश के चलते चार लोगों ने युवक को जमकर पीटा, मौत

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में तीन दिन पहले पुरानी खुन्नस के चलते हुए मामूली कहासुनी होने पर कुछ युवकों ने एक युवक के सिर पर धारदार हथियार मार घायल कर दिया था। परिजन घायल को इलाज के लिए ग्वालियर ले गए थे। शुक्रवार की दोपहर युवक की मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। युवक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी रमजान (30) पुत्र शम्मी का विवाद 31 दिसम्बर की शाम पड़ोस में रहने वाले युवकों से हो गया था। उस दौरान पड़ोसी युवकों ने रमजान के साथ मारपीट करते हुए सिर में धारदार हथियार मार गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर सीएचसी ले गए। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। शुक्रवार को इलाज के दौरान ग्वालियर में युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी कोहराम मच गया। नाराज परिजनों ने पुलिस ने आरोप लगाया कि घटना के दिन सूचना देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया चार लोगों के विरुद्ध मुकादमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मृतक अपने पीछे मां कुरैशा, पत्नी सायना के अलावा तीन वर्षीय पुत्र फैजान सहित अन्य परिजनों को रोता हुआ छोड़ गया है।

### अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे 7 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**राठ, हमीरपुर।** क्षेत्र के गौहानी वन क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे सात लोगों के विरुद्ध वन विभाग के दरोगा ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है तथा कटी हुई लड़कियों को वन विभाग कार्यालय रेंज में रखवा दिया गया है। राठ वन क्षेत्र के दरोगा राम लखन यादव ने राठ कोतवाली में मुकदमा दरजी करते हुए बताया कि 22 दिसंबर वर्ष 2025 की शाम करीब 3ः00 बजे गौहानी राठ वन ब्लॉक में गश्त के दौरान महोबा जनपद के खरेला थाना क्षेत्र के बल्लाय गांव का निवासी सतीश, सचिन, अंकुर, ऋषि, अनीश, मनीष और अंकित अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे थे। बताया कि सभी लोगों के विरुद्ध राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर उत्तर प्रदेश ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों के संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

**बिवांर, हमीरपुर।** नए वर्ष की पार्टी करने जा रहे बाइक सवार युवकों को ऑटो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए,सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मौदहा सीएचसी में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने पर पहले सदर अस्पताल फिर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा गया है। कस्बे के पुरवा मोहाल निवासी विपिन कुशवाहा 30 पुत्र कल्लू कुशवाहा अपने पड़ोसी विनोद 17 पुत्र लल्लू अहिरवार गुरुवार को नव वर्ष पर दोपहर करीब 12 बजे घर से मौदहा कस्बे नव वर्ष की पार्टी करने बाइक से जा रहे थे। दोनों बाइक सवार सिलौली गांव के आगे मोड़ के पास पहुंचे थे, तभी मौदहा से बिवांर की ओर जा रहे ऑटो ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मौदहा सीएचसी में भर्ती करवाया है। जहां विनोद की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। यहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया। जहां रात में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मृतक हीरानंद इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारह का छात्र था, मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा था। मौदहा कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# जिलाधिकारी ने गौसंरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा बृहद गोसंरक्षण केन्द्र पचपहरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंनें निराश्रित गौ-वंशों के लिए भूसा,पीने योग्य पानी,हरा चारा,साफ सफाई की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान गौ वंशों को बढ़ती ठंड/शीतलहर से बचाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोवंश को ठंड से बचाने और उचित आहार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सहयोग से गोबर-आधारित उत्पादों के निर्माण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इन उत्पादों में मूर्ति, दीपक, उपले, और पेंट आदि को शामिल किया जाए। उन्होंने इन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने पचपहरा के गोआश्रय स्थल को गो-टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ रंजन सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**खरेला/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक खरेला नन्हेलाल द्वारा गठित टीम के उपनिरीक्षक अवनीश कुमार यादव व उपनिरीक्षक राजकुमार मय हमराह कर्मचारीगण द्वारा अभियुक्त भानसिंह पुत्र अमरचन्द लोधी निवासी ग्राम कुडार थाना खरेला को टिकरी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खरेला पर मुकदमा धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेजा गया।

## सर्दी से बचाव को लेकर जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत प्रांगण में उपजिलाधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार,पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत,नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर कमलेश सक्सेना द्वारा गरीब बेसहारा,जरूरतमंद लोगों को कम्बलों का वितरण किया गया कम्बल पाकर लोगों में सर्दी से बचाव हेतु राहत महसूस की गई। बताते चलें कि विगत कई दिनों से सर्दी का सितम जारी है लेकिन दो दिनों से सर्द हवाओं के साथ हाड़ कपाऊ सर्दी ने सभी को परेशान कर रखा है इसे देखते हुए नगर पंचायत कार्यालय में गरीबों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार, पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर कमलेश सक्सेना आदि द्वारा गरीब बेसहारा लोगों को कम्बलो का वितरण किया गया। इस ठिठुरन भरी सर्दी के मौसम में गरीब बेसहारा लोगों द्वारा राहत महसूस की गई । इस अवसर पर समाजसेवी राकेश अरजरिया, सभासद अरविन्द यादव, अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, अजीत कुशवाहा, राजा यादव, कौशल्या अनुरागी, रवीन्द्र उपाध्याय, संजय नामदेव, सुरेश साहू आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्तिथियों में नवविवाहिता ने जहर खाकर दी जान

- परिजनों ने ससुरालीजनों पर लगाए दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या के आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**





संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की जहरीले पदार्थ के सेवन करने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर जहर देकर मारने का आरोप लगा कार्रवाई करने की मांग की है। तो वहीं ससुरालीजनों ने आरोपों को बेबुनियाद बता मोबाइल चलाने को लेकर पति से हुए विवाद के बाद जहर खाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मामना निवासी राहुल राजपूत की 24 वर्षीय पत्नी साधना राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने से हालत बिगड गई। साधना की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेडिकल कॉलेज जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। नवविवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर जहरीला पदार्थ देकर जान से मारने का आरोप लगा कार्रवाई करने की मांग की है। तो वहीं ससुरालीजनों द्वारा आरोपों को बेबुनियाद बता मोबाइल चलाने को लेकर पति राहुल से हुए विवाद के बाद पत्नी साधना द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने का आरोप लगाया गया है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतका के पिता हरी सिंह और चाचा वीरेन्द्र ने बताया कि शादी के एक साल बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और आएदिन उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना होना आम बात हो गई थी कई बार शिकायत करने के बावजूद ससुरालीजनों के आचरण में सुधार नहीं हो रहा था और अब उन्होंने बेटी को जहरीला पदार्थ देकर जान से मार दिया है। तो वहीं दूसरी तरफ मृतका साधना के ससुर जगदीश राजपूत ने बताया कि मोबाइल चलाने को लेकर बहु साधना और बेटे राहुल का विवाद हो गया था जिसके बाद बहू ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया हम लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था हम लोग उसे लेकर मेडिकल कॉलेज जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई है।

## बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर चला विशेष अभियान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना व जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर मुख्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत के अंर्तगत जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। भारत में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान प्रस्तावित है, जिसके अंर्तगत द्वितीय चरण में 01 से 31 तक प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत धार्मिक स्थल, विवाह संबंधी सेवाप्रदाताओं जागरूक किया जाना है। शुक्रवार को जनपद मुख्यालय में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम, जिला सेवा विधिक प्राधिकरण एवं कोतवाली द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए मुख्यालय के मुख धार्मिक स्थल/विवाह संबंधी सेवा प्रदाता को बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। जिसमें लोगों को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो ऐसे विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसे आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें। साथ ही लोगों को महिला कल्याण विभाग संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना मुख्यमंत्री बाल विकास योजना महिला हेल्पलाइन नंबर वन स्टाप केंद्र आदि के बारे में विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई।

## कड़ाके की ठंड में नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी के प्रधानाचार्य ने जरुरतमंद छात्र-छात्राओं को बांटे स्वेटर

- निजी खर्च से 25 छात्र-छात्राओं को वितरित किए गर्म स्वेटर, खिल उठे चेहरे

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए नेहरू इंटर कॉलेज पनवाड़ी के प्रधानाचार्य मोतीलाल अहिरवार ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किए। प्रधानाचार्य ने यह स्वेटर अपने निजी खर्च से खरीदे और विद्यालय में अध्ययनरत 25 छात्र-छात्राओं को प्रदान किए। स्वेटर वितरण कार्यक्रम विद्यालय परिसर में सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोतीलाल अहिरवार ने कहा कि वर्तमान समय में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ ठंड से जूझना पड़ता है। ऐसे में समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व बनता है कि वह जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है, जिससे समाज और देश का भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है। स्वेटर पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। बच्चों ने प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में स्वेटर मिलने से उन्हें काफी राहत मिलेगी और वे बिना किसी परेशानी के पढ़ाई कर सकेंगे। विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानाचार्य द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस मानवीय पहल से विद्यालय में सकारात्मक माहौल देखने को मिला और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को सर्दी से राहत मिली।

### ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल आयोजित

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के चकोठी व बरुआ गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कड़ाके की सर्दी के कारण 3 शिकायतें ही आई। जिनका मौके पर निस्तारण किया गया। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकोठी में एडीओ एसबी जगदम्बा पाल की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के बालेश ने शौचालय की मांग की। जिस पर सूची मे नाम दर्ज किया गया। बरुआ गांव में ग्राम प्रधान रूचि यादव की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम चौपाल में दो शिकायतें आई। जहां रानी व महादेवी ने पीएम आवास की मांग की। जिस पर दोनों के पात्रता सूची में नाम पहले से दर्ज पाए गए। दोनों ग्राम पंचायतों में शिकायतकर्ता गिने चुने ही पहुचे। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान, सचिव, कोटेदार, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार महासंघ में शामिल नहीं होंगे फर्जी और यूट्यूबर पत्रकारः असद खान

- पत्रकार महासंघ ने नववर्ष पर छोटे-बड़े पत्रकार का मतभेद खत्म कर सभी को किया सम्मानित
- पत्रकारों की गंभीर बीमारी और बेटियों की शादी में पत्रकार महासंघ करेगा 50-50 हजार की मदद

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नववर्ष 2026 के आगमन को लेकर पत्रकार महासंघ ने सदर नगर पालिका स्थित अम्बेडकर पार्क में बैठक आहुत की। जिसमे पत्रकारों के दुख सुख में साथ खड़े रहने सहित विभिन्न मुद्दों पर विशेष चर्चाकर तीन नई सफल घोषणा की गई। इस दौरान संघ के बड़े और छोटे पत्रकारों में मतभेद को मिटाकर सभी को सम्मानित किया गया साथ ही प्रीति भोज का कार्यक्रम किया गया। जिसमे सभी पत्रकारों ने लुफ्त उठाया। पत्रकार महासंघ की पांच सदस्यीय टीम के वरिष्ठ पत्रकार प्रेमदत्त दीक्षित, अरुण श्रीवास्तव, उमाशंकर मिश्रा, असद खान ऊर्फ गोलू पठान एवं अनुराग मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में असद खान ने कहा कि पत्रकार महासंघ वह संघ है जो पत्रकारों के हित और उनके दुख सुख में बराबर की हिस्सेदारी रखता है।कहा कि इस संघ में किसी फर्जी पत्रकार, यूट्यूबर आदि को सम्मलित नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार पी.डी दीक्षित ने कहा कि पत्रकार महासंघ में द्वेषभावना को छोड़कर वे इस संघ में सम्मलित हो सकतें है जिन्हे लगता है कि शासन प्रशासन में पत्रकारों के सम्मान को वापस लाना है।उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि आगामी दिनों में पत्रकार महासंघ मुख्यालय से एक विशाल रैली का आयोजन करेगा जो जनपद की चारों तहसील का भ्रमण करते हुए वापिस मुख्यालय में समाप्त होगी।इस दौरान संघ की पांच सदस्यीय टीम ने किसी भी पत्रकार के गंभीर बीमारी में और पत्रकार की बेटी के विवाह में 50-50 हजार रूपये की मदद करने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने आगामी दिनों में भीषण सर्दी को देखते हुए जनपद के गरीब असहाय निराश्रित लोगों के लिए 500 कंबल वितरण करने की भी घोषणा की है। टीम की इस घोषणा से संघ के पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर बड़े छोटे पत्रकारों का मतभेद खत्म कर सभी सदस्यों का मल्यार्पणकर सम्मानित किया गया। बैठक के उपरांत दाल, चोखा, टिक्कण रायता आदि का प्रीति भोज किया गया। इस अवसर पर गणेश शंकर विधार्थी, राजेश सिंह, पंकज मिश्रा, प्रशांत शुक्ला, राजेश शर्मा, श्रीप्रकाश शुक्ला, विनोद शुक्ला, ओमप्रकाश दोहरे, सुशील त्रिपाठी, सैय्यद अतहर, ब्रजकिशोर कटियार सहित संघ के वरिष्ठ और कनिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

## दो किमी तक घसीटने वाले ऑटो चालक का हुआ पोस्टमार्टम

- साथी की हालत गंभीर कानपुर में भर्ती

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बीती रात हाईवे पर ऑटो को टक्कर मार कर चालक को कुचल कर मौत के घाट उतारने तथा उसके साथी को घायल कर ऑटो को करीब दो किमी तक घसीट तक ले जाने के मामले में शुक्रवार को मृतक चालक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। घायल साथी की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका जबड़ा टूट गया है और सिर में गंभीर चोट लगी है। वह कानपुर में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। गुरुवार को रात करीब 8:00 बजे कबरई से गिट्टी लाद कर कानपुर की ओर जा रहे डंपर ने फैक्टरी एरिया में पुराने शिखा होटल के समीप इंगोहटा की तरफ जा रहे ऑटो में जोरदार टक्कर मारकर उसको घसीटता हुआ दो किमी तक ले गया। इस घटना में डंपर से कुचलकर इंगोहटा निवासी ऑटो चालक अंकित कुशवाहा (21) की मौत हो गई और उसका साथी रोहित कुशवाहा (25) गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसको रात में ही कानपुर रेफर किया गया था। इसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसका जबड़ा टूट गया है और सिर पर गंभीर चोट लगी है। शुक्रवार को ऑटो चालक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों की सुपुर्द किया गया। शाम को शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और अविवाहित था। यह ऑटो चलाकर परिवार को सहयोग करता था। माता-पिता, बड़ा भाई मजदूरी करते हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि चालक और डंपर हिरासत में है, अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि डंपर में पीछे नंबर प्लेट नहीं है और चालक के साथ हेल्पर भी नहीं था। इस वजह से चालक को ऑटो के फंसने की भनक नहीं लगी और वह ऑटो को घसीटता हुआ थाने के समीप तक ले गया।रास्ते में दो राहगीर सुरेंद्र कुमार एवं सीताराम को भी घायल कर दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार अगर डंपर चालक घटना के बाद उसको खड़ा कर देता तो ऑटो चालक की जान बच जाती और साथी भी घायल नहीं होता।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुलपहाड़ जनपद, महोबा

पत्रांक-366/एन.पी.के./निविदा सूचना/2025-26 दिनांक-02.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत पूर्व से निर्मित शौचालयों एवं यूरिनलों का मरम्मत कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित है। ठेकेदार अपने सीलबन्द टेन्डर कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक-08.01.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक डाल सकते है। उक्त प्राप्त समस्त निविदायें अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक-09.01.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे खोली जायेगी।

पंजीकृत ठेकेदार पंजीयन प्रमाण-पत्र/रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति सहित लिखित आवेदन के साथ स्वयं उपस्थित होकर निविदा प्रपत्र दिनांक 07.01.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, कुलपहाड़ में निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त कर सकते है। अन्य नियमों व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य का विवरण**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख रू. में) | अर्नेस्ट मनी 02 प्रतिशत | निविदा मूल्य+18% जीएसटी | | | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | निविदा मूल्य | जी.एस.टी. टैक्स 18% | योग | |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित शौचालयों एवं यूरिनलों का जीर्णोद्धार का कार्य | 4.23 | 8460.00 | 400.00 | 72.00 | 472.00 | 01 माह |

**प्रवेन्द्र कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**वैभव अरजरिया**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

# सुनील सिंह ने किया कलमकारों का सम्मान

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के प्रसिद्ध अवसानेश्वर मंदिर पर त्रिवेदीगंज क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन कर जन प्रतिनिधियों कलमकारो छायाकारो का सम्मान किया गया। सैकड़ो की संख्या में पहुंचे जरूरतमंदों के बीच कम्बलों का वितरण के अलावा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया गया। इससे पहले गुरुवार को श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू हुआ था, आज शुक्रवार को अखंड पाठ के समापन के बाद वैदिक मंत्रों के बीच हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कंबल वितरण के बाद अपनी संबोधन में श्री



सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जरूरतमंदों को कंबल वितरण करके मन को बहुत खुशी हासिल होती है। इस अवसर पर एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावतक्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एसडीएम राजेश विश्वकर्मा पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रवेश सिंह गोमती यादव भाजपा नेता पंकज दीक्षित युवा भाजपा नेता शक्ति सिंह पूर्व सांसद

**सैकड़ो की संख्या में पहुंचे जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण के उपरान्त हुआ भंडारे का आयोजन**

प्रतिनिधि राजकुमार सिंह प्रधान सचिन सिंह अंबेश प्रताप सिंह सतीश चौहान प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह प्रधान गौरव सिंह प्रधान आसाराम वर्मा प्रधान कुलदीप सिंह प्रधान लल्लन बाबू प्रधान भानु बाजपेई राहुल सिंह चौहान मनोज सिंह संदीप सिंह राजकुमार झुनझुनवाला वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण साहू मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा राहुल दीक्षित मोहित सिंह अतुल गिरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने गरीबों को बांटे कंबल, वरिष्ठ नागरिकों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मान

**महराजगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी व बसपा नेता मुरैनी ग्राम पंचायत के खेरवा गांव निवासी द्वारिका सिंह ने कड़कड़ाती हुई ठंड मे गरीबों को कंबल वितरित किया तो वरिष्ठ नागरिकों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया।

मुरैनी ग्राम पंचायत के दुर्गा मंदिर पर समाजसेवी बसपा नेता द्वारिका सिंह के द्वारा 100 कंबलों का वितरित किया गया तो वही मुरैनी मे ही लगभग 400 कंबलों का वितरित किया गया। द्वारिका सिंह ने बताया कि 500 कंबल ग्राम पंचायत के लोगों को दिए गए हैं साथ ही 100 अंग वस्त्र वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान किए



गए हैं ।इस ठंड में हमारा यही प्रयास है कि कोई गरीब ठंड की परेशानी न झेलें इसलिए लगातार कंबल वितरित कार्यक्रम किया जा रहा है 500 कंबल और 100 अंग वस्त्र आज दिए गए हैं। वही वरिष्ठ समाजसेवी बसपा नेता द्वारिका सिंह ने लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था भी करवाई और कंबल प्रदान किया। इस मौके पर हिमांशु सिंह दशरथ सिंह विजय सिंह देवेंद्र तिवारी पप्पू गोस्वामी सोभनाथ सिंह अजय शुक्ला राजेंद्र दीक्षित कुलदीप सिंह सौरभ सिंह सूर्यभान सिंह भगवान बक्श सिंह रणधीर सिंह जगदीश प्रसाद शुक्ला कोटेदार मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने तहसील प्रशासन के साथ गरीबों को बांटे कम्बल

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने शुक्रवार को महमूदाबाद के सद्भाव मंडप में तहसील प्रशासन द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम में एक हजार गरीबों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार गरीबों को निशुल्क राशन, आवास, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड से नि:शुल्क इलाज और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी विभिन्न योजनाएं प्रदान कर रही है, जिससे देश विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा, खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार अन्नू सिंह और दिनेश पांडे ने बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विरौली ग्राम प्रधान अनिल वर्मा सहित कई भाजपा पदाधिकारी तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# नववर्ष पर व्यापारियों ने चाय-टोस्ट का किया वितरण



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल डलमऊ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नव वर्ष के अवसर पर स्टॉल लगाकर चाय व टोस्ट का वितरण किया गया हजारों की संख्या में लोगों ने चाय व टोस्ट का आनंद लिया नव वर्ष के अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल इकाई डलमऊ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने कस्बे की बाजार में खरीदारी करने आए लोगों एवं राहगीरों को ठंड से राहत दिलाने के लिए स्टॉल लगाकर गरमा गरम चाय एवं टोस्ट का वितरण किया। दूर दराज से आए राहगीरों और कस्बा वासियों ने चाय एवं टोस्ट का आनंद लिया और एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ठंड से राहत दिलाने के लिए एक छोटा सा प्रयास किया गया है जिसमें राहगीरों को चाय एवं टोस्ट का वितरण किया गया है जिसमें भारी संख्या में लोगों ने चाय व टोस्ट का आनंद लिया सर्वप्रथम व्यापार मंडल अध्यक्ष में भगवान की पूजा अर्चना की तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उन्होंने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी इस अवसर पर व्यापारी सरयू प्रसाद सोनकर,अरविंद अग्रवाल,पुरुषोत्तम शुक्ला,आशीष सोनी, टेसू दीक्षित, रानू शर्मा,पथवारी शंकर,संदीप मिश्रा,दिनेश मौर्य,संतोष कौशल,रामू गुप्ता, श्यामू गुप्ता,सीताराम कौशल, मुकेश सोनी, अरविन्द गुप्ता,आशुतोष गुप्ता,शक्ति।शक्तिमान अग्रहरि,विनेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## क्षेत्र की युवा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेंट किया स्वनिर्मित कृषि यंत्र

**बछरावां,रायबरेली।** विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाछूपुर मजरे कसरावा गांव निवासी एक युवा ने समाजवादी पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को स्वनिर्मित एक कृषि यंत्र भेंट किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बृहस्पतिवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के बाछूपुर गांव निवासी समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ता शिवा विश्वकर्मा ने स्वनिर्मित लकड़ी का एक ट्रैक्टर राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेंट स्वरूप दिया है और उक्त स्वनिर्मित कृषि यंत्र के बारे में उन्हें जानकारी भी प्रदान की है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शिवा की कारीगरी एवं उनके हुनर से प्रसन्न होकर उन्हें 21000 रुपए इनाम स्वरूप भेंट किए हैं और उनका मनोबल बढ़ाया है।

# सवारी बैठाने को लेकर टेंपो चालकों में मारपीट

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

टेंपो स्टैंड पर दो रिक्शा चालकों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक रिक्शा चालक घायल हो गया।

जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। 1 जनवरी बृहस्पतिवार रात्रि 8 बजे के आसपास पीड़ित ई रिक्शा चालक के द्वारा थाने में तहरीर के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई है। मारपीट की घटना शाम 4:00 बजे के आसपास की बताई गई है। कस्बे में डिग्री कॉलेज के सामने मौजूद टैक्सी स्टैंड पर दो ई रिक्शा चालक सवारी बैठाने को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों में गाली गलौज करते हुए मारपीट होने लगी।

जानकारी प्राप्त हुई है घायल बैटरी रिक्शा चालक अर्जुन सोनी पुत्र



सुशील कुमार निवासी ग्राम राजामऊ रिक्शा में अपनी सवारी को बैठा रहा था। तभी दूसरा ई रिक्शा चालक बउवा शुक्ला पुत्र प्रेम शंकर निवासी ग्राम राजामऊ पीछे से आकर सुशील कुमार को गाली गलौज देते हुए मारपीट आमादा हो गया। उक्त रिक्शा चालक जब तक कुछ समझ पाता, तब तक उसके ऊपर लाठी डंडे से वार कर दिया गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टैक्सी स्टैंड पर मौजूद अन्य लोगों के द्वारा घायल अवस्था में रिक्शा चालक को बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज किया गया है। इलाज के उपरांत पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया इंटरलॉकिंग मार्गो का लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित विभिन्न इंटरलॉकिंग एवं डामरीकृत मार्गों का लोकार्पण



विधायक दिनेश रावत व जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह द्वारा लोकार्पण कर आम जनमानस को समर्पित किया गया। इस क्रम में क्षेत्र की ग्राम पंचायत आलापुर में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन,ग्राम हुसैनाबाद में लगभग 10 लाख की लागत से नवनिर्मित 180 मीटर इंटरलॉकिंग रोड, इसी गांव में लगभग 18 लाख की लागत से नवनिर्मित 250 मीटर डामर रोड, ग्राम पंचायत शरीफाबाद के ग्राम मल्लाहनपुरवा में लगभग 20 लाख की लागत से 900 मीटर खड़ंजा निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। नेता द्वय ने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हम सतत संकल्पित हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह मोनू , प्रधान राम सिंह, बाबूलाल यादव, महामंत्री रूपचंद चौरसिया, मंडल कोषाध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि , पार्टी पदाधिकारी,कार्यकर्ता व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# आंग्ल नववर्ष पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सेवा परिषद के द्वारा गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी नई बस्ती के कैंप कार्यालय मे देर रात पदाधिकारियो ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ जश्न मनाते हुए आंग्ल नववर्ष का स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी संचालन जिला महासचिव विजय शुक्ला व संयोजन उप सचिव डॉ विकास जैन ने किया। रंगारंग कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। स्वागत की श्रखला में अतिथियों का पटका पहना स्वागत किया गया। नववर्ष के स्वागत कार्यक्रम पर पदाधिकारियों ने कविता, गीत,





चुटकुलो तथा नृत्य के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां दी।

परिषद के जिला सलाहकार राजीव मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित ने काव्य प्रस्तुति की व जिला मंत्री संजय पाण्डेय, जिला उपसचिव डॉ विकास जैन, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, दीपाली जायसवाल, व्याख्या जैन, आरती मिश्रा ने पुराने गीतों की प्रस्तुति कर कार्यक्रम को रंगमंय बना दिया, वही प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने अपने चुटकुलो के माध्यम से सभी को खूब हसाया जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, विधि परामर्श केंद्र सदस्य अंकित श्रीवास्तव ने अपने नंव वर्ष पर शुभकामना सन्देश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप नव वर्ष गीत पर नृत्य किया।

# ग्राम चौपालों में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतो मे चौपाल का आयोजन किया गया। इन चौपालो मे कुल पांच शिकायते प्राप्त हुईं,जिनमे से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।ग्रामीणो को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।पहली चौपाल ग्राम पंचायत रामपुर भवानीपुर में आयोजित हुई।इसकी अध्यक्षता प्रधान गजाला खातून संचालन सचिव मनीष शुक्ला ने किया। इस चौपाल मे दो शिकायते सामने आईं,जिनका तत्काल समाधान कर दिया गया।इसी क्रम मे दूसरी चौपाल रसूलपुर ग्राम पंचायत में हुई।यहां प्रधान प्रतिनिधि रामतेज बाबा ने अध्यक्षता की संचालन सचिव आशीष यादव ने की रसूलपुर मे तीन शिकायते प्राप्त हुईं,जिनमे से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।ग्राम सचिवो ने उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की।पंचायत सचिव मनीष कुमार शुक्ला ने बताया कि रामपुर भवानीपुर की चौपाल में परिवार रजिस्टर से संबंधित दो शिकायतें आई थीं,जिनका मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।उन्होने यह भी बताया कि कुछ अन्य समस्याएं भी सामने आईं,जिन्हे आगे की कार्रवाई के लिए नोट कर लिया गया है।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी,अनस सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीएचसी का राज्य से आई टीम ने किया वृहद निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर का राज्य स्तरीय दो सदस्यीय कायाकल्प टीम ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं, ओपीडी, लैब और अन्य महत्वपूर्ण विभागों की जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण करने वाली टीम में डॉ. दिलीप वर्मा और राजेश यादव शामिल थे। उन्होंने चिकित्सालय की इमरजेंसी, एक्सरे वार्ड, ओपीडी, खून जांच लैब, ऑक्सीजन प्लांट, नेत्र विभाग, डेंटल विभाग और मरीजों के वार्डों का गहनता से जायजा लिया। इसके अतिरिक्त, टीम ने एम्बुलेंस लॉग बुक, लॉन्ड्री लॉग बुक और सिक्योरिटी गार्ड रजिस्टर जैसे अभिलेखों की भी जांच की। इस दौरान सीएमएस डॉ. ए. के. प्रियदर्शी, अधीक्षक डॉ. इकबाल, डॉ. नेमश्री सोनकर और डॉ. धीरेन्द्र पटेल डॉ. गौरव नारायण, डॉ. रामकुमार, डॉ. हसन सलीम, डॉ. अजीत सिंह और देवेन्द्र नाथ मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक भी मौजूद थे।

# एआरटीओ कार्यालय पर ऑटो, ई-रिक्शा पदाधिकारियों संग हुई कार्यशला

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

परिवहन विभाग द्वारा 01 से 31 जनवरी तक चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आज शुक्रवार को उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर मे बस, ट्रक, आटो, ई-रिक्शा, टैक्सी चालक यूनियन पदाधिकारियो के साथ जीरो फैटेलिटी हेतु संवेदीकरण जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने चालको को जागरुक करते हुये कहा कि सड़को पर तेजी से बढ़ती दुर्घटनाओं के कारण यह काफी जरुरी है, कि इसके लिए निवारक उपाय अपनाएं जायें। क्योंकि मात्र इन्हीं के द्वारा ही हम मानवीय कारणों से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोक



सकते हैं। नियमों की पूरी जानकारी रखे और सदैव इनका पालन करें। हेलमेट, सीटबेल्ट, ओवरस्पीडिंग, ड्रिंक एण्ड ड्राइव एवं वाहन चलाते वक्त मोबाईल का प्रयोग न करने एंव अन्य सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला मे यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने कि दुर्घटना का मुख्य कारण थकान, लापरवाह चालक, नशाकर तेजी से वाहन चलाना है। सुरक्षित ड्राइविंग के लिये आवश्यक है कि लंबी दूरी तय करते समय थकान होने पर वाहन रोककर खुद को और वाहन को सामान्य स्थिति मे आने दे। ताकि नींद के मारण संभावित दुर्घटना न होने पाये। कार्यशला मे ट्रक एसोसिशन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद वर्मा समेत स्टैण्ड् के चालक मौजूद रहे।

# एसडीएम ने जन्नत अस्पताल पर कसा शिकंजा, डीएम को भेजा पत्र

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र में संचालित निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किए जा रहे खिलवाड़ पर जन्नत अस्पताल के विरुद्ध एसडीएम अनुराग सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कड़ी कार्यवाही की सिफारिश की है।

उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह आज शुक्रवार को दरियाबाद थाना क्षेत्र के जटौती कुर्मियान गांव स्थित जन्नत हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने अस्पताल के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जन्नत हॉस्पिटल का पंजीकरण बाराबंकी नगर क्षेत्र में



मेजर पेट्रोल पंप के पते पर दर्ज है, जबकि जटौती कुर्मियान गांव में इसकी एक अलग शाखा सड़क किनारे संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीज शिवबरन भर्ती मिला, जिसे आईबी इन्फ्यूजन लगाया जा रहा था, लेकिन मौके पर कोई चिकित्सक, फार्मासिस्ट या प्रशिक्षित नर्स मौजूद नहीं मिली। अस्पताल में केवल एक चौकीदार मिला, जिसने बताया कि डॉक्टर ताल अस्पताल में इलाज करते हैं। एसडीएम को अस्पताल परिसर में कहीं भी चिकित्सक का नाम, डिग्री या पंजीकरण से संबंधित कोई बोर्ड नहीं मिला। भर्ती मरीज शिवबरन के ओपीडी पर्चे पर भी किसी डॉक्टर का नाम या मुहर अंकित नहीं थी। इसके अलावा जांच रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज भी संदिग्ध पाए गए। एसडीएम ने मरीज की ओपीडी पर्ची और उपलब्ध जांच रिपोर्ट को जब्त कर उच्च अधिकारियों को जांच के लिए भेज दिया है। एसडीएम अनुराग सिंह ने कहा कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और फर्जी तरीके से संचालित अस्पतालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण और योग्य चिकित्सकों के अस्पताल चलाना कानूनन अपराध है। तहसील क्षेत्र में दर्जनों अस्पताल और जांच सेंटरों की भरमार है विना मानक और रजिस्ट्रेशन के संचालन किया जा रहा है यही नही कुछ अस्पतालों के डॉ के नाम रजिस्ट्रेशन भी है किन्तु उक्त डॉक्टर कभी भी अस्पताल नही आता और उनके नाम पर झोलाछाप लोग इलाज करते है आज की इस आकस्मिक निरीक्षण से अन्य अस्पतालों के संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## एसडीएम सहित राजस्व कर्मियों और वकीलों में हाथापाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना तहसील परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एसडीएम सहित राजस्व कर्मियों और अधिवक्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक के बाद हाथापाई की स्थिति बन गई। बताया जाता है कि मुसाफिरखाना एसडीएम अभिनव कन्नौजिया के खिलाफ अधिवक्ताओं का बीते कई दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी था। अधिवक्ता एसडीएम पर वरिष्ठ वकीलों के साथ अभद्र व्यवहार करने और न्यायिक कार्यों में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान शुक्रवार को एसडीएम और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की अधिवक्ताओं से भिड़ंत हो गई। अधिवक्ताओं का कहना है कि वे पहले भी एसडीएम के स्थानांतरण की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी नाराजगी के चलते आक्रोश और अधिक बढ़ गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर सीओ समेत कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। फिलहाल तहसील परिसर में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# बाइक से गिरकर पति की मौत, पत्नी घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को जामो थाना क्षेत्र के अंतर्गत लालूपुर ढबिया निवासी दिलीप पांडेय उम्र 40 वर्ष पुत्र राम मूरत पांडेय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी ललिता गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को दिलीप पांडेय अपनी पत्नी ललिता के साथ बाइक से मुसाफिरखाना जा रहे थे। बंधवा रेसी के पास पहुंचने पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दोनों



गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दिलीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी ललिता को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही जामो थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में चौपाल आयोजित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड हरगांव की ग्राम पोखरा में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर उनका त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों द्वारा पेयजल, आवास, विद्युत आपूर्ति, सड़क, स्वच्छता, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा, स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही दर्ज किया गया तथा प्रत्येक समस्या के शीघ्र निस्तारण हेतु समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही न की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर लाभ प्रदान किया जाए। जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से आच्छादित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम स्तर पर स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्रामीणों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। जन चौपाल में संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ट्रकों की भिड़ंत में दोनो चालक घायल, एक की हालत गंभीर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रायबरेली-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे घने कोहरे के चलते बड़ा हादसा हो गया। चौकी शंकरगंज के अंतर्गत राजा मऊ पुल पर ट्रकों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिससे मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही मोहनगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जेसीबी मशीन से क्षतिग्रस्त ट्रकों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद काफी देर बाद आवागमन बहाल हो सका। इस दुर्घटना में दोनो ट्रक चालकों को चोटें आई हैं, जिनमें से एक चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी तिलोई एवं थाना प्रभारी मोहनगंज पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घने कोहरे को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है, वहीं पुलिस ने वाहन चालकों से सावधानी बरतने और कम गति में वाहन चलाने की अपील की है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या 275492500 मेरा नाम कोयली यादव अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा नाम रामसरन पुत्र राम मिलन लिखा है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। इसलिए मेरे एलआईसी पॉलिसी संख्या में मेरा नाम रामसरन अंकित किया जाए।

**कोयली यादव उर्फ रामसरन पुत्र राममिलन ग्राम छत्रपाल जिगनिया पोस्ट प्रेमीदास कुटी जिला-बहराइच।**
**मो. 9005022309**

# नगर को मिलेगी मेजर जंक्शन की सौगात, 3.50 करोड़ से होगा निर्माण



छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के पूर्वी बाईपास पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं और पल-पल पर लगने वाले जाम की समस्या से शहरवासियों को अब बहुत जल्द निजात मिलने वाली है। नए वर्ष में पूर्वी बाईपास पर मेजर जंक्शन के निर्माण की सौगात मिलेगी। इसके लिए एनएचएआई के मुख्यालय से 3.50 करोड़ का बजट भी आवंटित कर दिया गया है। जीटी रोड हाइवे चौड़ीकरण के बाद सबसे बड़ी समस्या नगर के पूर्वी बाईपास पर बढ़ गई थी। यहां आए दिन दुर्घटनाएं और पल-पल पर जाम की समस्याओं से लोग जूझ रहे थे। पिछले लंबे अरसे से मेजर जंक्शन के निर्माण की मांग की जा रही थी। आखिरकार एनएचएआई ने यह गंभीर समस्या हल करने के लिए मेजर जंक्शन के निर्माण को मंजूरी दे दी। बहुत शीघ्र इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। मेजर जंक्शन के बनने से कानपुर, दिल्ली, तालग्राम और सौरिख की तरफ आने जाने वाले वाहनों को जाम से पूरी तरह से निजात मिल जाएगी इसके साथ ही पैदल आने-जाने वाले के लिए भी आवागमन सुरक्षित हो जाएगा। मेजर जंक्शन में प्रत्येक जगह जाने वाले वाहनों की अलग-अलग लेन बनाई जाएगी। ब्लॉक की तरफ कानपुर की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए एक स्टे लेन बनाई जाएगी।

### डेढ़ वर्ष पहले हटवाया गया था अतिक्रमण

छिबरामऊ। नगर के पूर्वी बाईपास पर जिस जगह मेजर जंक्शन बनना था वहां का अतिक्रमण हाईकोर्ट के आदेश पर करीब डेढ़ वर्ष पहले हटवाया गया था। दरअसल 31 मई 2024 को हाईकोर्ट के आदेश के बाद 19 जून 2024 को जिला प्रशासन ने उस जगह की दुकानों को तोड़कर पूरी तरह से अतिक्रमण हटवा कर मुक्त कराई गई जमीन एनएचएआई के सुपुर्द कर दी थी।

### मुक्त हुई जमीन पर फिर हुआ अतिक्रमण

छिबरामऊ। एनएचएआई की चुनौतियां अभी कम नहीं हुई है। रोड चौड़ीकरण के बाद मेजर जंक्शन के लिए चिह्नित की गई जमीन के अतिक्रणमुक्त हुई जमीन पर फिर हुआ अतिक्रमणमण को हटाने के लिए हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी थी। लंबी कार्रवाई के बाद अतिक्रमण हटवा कर जमीन का समतलीकरण कराया गया। उसके बाद मेजर जंक्शन का निर्माण एक बार फिर से लटक गया। इसके बाद उस खाली पड़ी जमीन पर प्राइवेट व रोडवेज वाहनों ने बतौर पार्किंग इसका प्रयोग शुरू कर दिया और यहां पर फास्ट फूड के स्टाल भी लगने लगी हैं। उधर ब्लॉक की तरफ जहां हाईवे की स्टे लेन बनना है वहाँ पर एक कार मिस्त्री ने अपना टिन का बना खोखा जबरन रखवा दिया है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई है।

शीघ्र शुरू कराया जाएगा निर्माण छिबरामऊ। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि मेजर जंक्शन का काम जल्द शुरू कराया जाएगा। रोड सेफ्टी टीम के चेक करने के बाद नशे में कुछ बदलाव करके दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बाद में भी कुछ सुझाव शामिल किए गए हैं जिससे एस्टीमेट में कुछ संशोधन होना है। फरवरी माह के अंदर मेजर जंक्शन का निर्माण शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।

## घर का ताला तोड़ लाखों के जेवरात सहित सामान चोरी

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम रम्पुरा खोजीपुर में घर का ताला तोड़ लाखों के जेवरात सहित सामान चोरी कर लिया गया। बताया जा रहा है कि परिवार अपने पड़ोस में रह रहे रिश्तेदारों के घर हुई मौत में शामिल होने गया था तभी चोरों ने घटना को अंजाम दे दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा खोजीपुर निवासी राहुल शाक्य पुत्र रामसेवक ने बताया कि उनकी बहन नीलम पत्नी संजीव उसी गांव में रहती है। बृहस्पतिवार की शाम उसके पड़ोस में रह रहे रिश्तेदारों में युवक का देहांत होने की सूचना मिलने पर बहन वहां चली गई। तभी घर खाली देख चोरों ने घर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। दरवाजा खुला होने की जानकारी मिलने पर जाकर देखा तो अंदर सारा सामान बिखरा तथा सेफ व अलमारी खुली पड़ी थी।

## गौशाला में साफ-सफाई न मिलने पर बीडीओ नाराज



ग्राम इन्दुयागंज गौशाला का निरीक्षण करते बीडीओ उमाशंकर साहू मौजूद सचिव

समधन, समृद्धि न्यूज। शासन के तमाम सख्त दिशा निर्देशों के बाबजूद गौशाला में साफ–सफाई के अलावा अन्य व्यवस्थाएं सन्तोष जनक न मिलने पर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुऐ तत्काल दुरस्त करने के निर्देश दिये है। शनिवार को क्षेत्र के ग्राम इंन्दुयागंज स्थित गौशाला का शुक्रवार को तालग्राम खण्ड विकास अधिकारी उमाशंकर साहू ने आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां गोवंश परिसर में गन्दगी व खड़ंजा उखड़ा देखने के साथ भूसा दाना की हकीकत देखी तो मौके पर भूसी का चोकर करीब तीन बोरी मिला पशु आहार व हरा चारा न मिलने पर गहरी नाराजगी जताते हुऐ कहा कि गोवशो के रखरखाव व भूसा दाना के साथ हरा चारा प्रतिदिन दिन मुहैया कराने के प्रधान व सचिव को निर्देश दिए हैं बीडीओ उमाशंकर साहू ने कहा कि जिन गोशालाओ में गोवशो के रखरखाव वाले स्थान पर साख सफाई के साथ उनको भूसा दाना व हरा चारा प्रतिदिन देने के प्रति प्रधान व सचिव व्यवस्थाओं को करने में संवेदनशील नहीं है वहां तत्काल दुरस्त करे नहीं तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## वाहनों पर किराया सूची करें चस्पा, निर्धारित दरों पर ही वसूले किराया

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 के द्वितीय दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बस, ट्रक, ऑटो, ई–रिक्शा, टैम्पो व टैक्सी चालकों तथा यूनियन पदाधिकारियों के साथ जीरो फैटेलिटी के उद्देश्य से संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) देवेन्द्र सिंह ने चालकों को यात्रियों से शालीन व्यवहार रखने, वाहनों पर किराया सूची चस्पा करने व निर्धारित दरों पर ही किराया वसूलने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी वाहनों में प्राथमिक उपचार किट व अग्निशमन यंत्र रखने तथा उनकी नियमित जांच कराने पर जोर दिया। यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने व ओवरलोडिंग न करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 50 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए तथा रोडवेज बसों में रिफ्लेक्टर व यातायात नियमों की जानकारी देने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

# नववर्ष पर पूर्व सैनिकों, वरिष्ठजनों का सम्मान कर हुआ कंबल वितरण

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नव वर्ष के अवसर पर ग्राम लड़ैता के निजी गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेरणादायक सम्मान और सहायता समारोह में कैप्टन सतीश यादव के पुत्र ग्राम प्रधान पवन कुमार यादव ने गांव के सभी पूर्व सैनिकों और वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया। इसके साथ ही, भीषण ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। प्रधान पवन कुमार यादव ने सभी उपस्थित लोगों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा हमारे पूर्व सैनिक राष्ट्र का गौरव हैं और वरिष्ठ जन हमारे समाज की नींव। इनका सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है। साथ ही सर्दी में



जरूरतमंदों की मदद करना भी हमारी प्राथमिकता है। समारोह में, पूर्व सैनिकों को उनकी वीरतापूर्ण सेवाओं और वरिष्ठ जनों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को कंबल वितरण की इस मानवीय पहल की ग्रामवासियों ने खूब सराहना की। इस दौरान पूर्व सैनिक कश्मीर अली, छेदा लाल मिश्रा, सुशील चंद्र यादव, वरिष्ठ जर्न दिनेश बाथम, रामसेवक सक्सेना, राजू कमल पूर्व प्रधान, रामौतार कमल, जनाब बंदे अली, रईस अली, दीन मोहम्मद सहित तमाम वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

# बिना सर्जन के हुए ऑपरेशन की जांच करने हॉस्पिटल पहुंची टीम

▸ डॉक्टर के ड्राइवर पर लगा ऑपरेशन करने का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

सौ शैया अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही सामने आई है। 23 दिसंबर को एक महिला मरीज का ऑपरेशन बिना किसी योग्य सर्जन के किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसको लेकर अस्पताल पहुंची दो सदस्यीय जांच टीम ने सभी के बयान दर्ज किए। चौंकाने वाली बात यह है कि ऑपरेशन करने वाला युवक डॉक्टर का ड्राइवर बताया जा रहा है। इसके अलावा ऑपरेशन के दौरान मौजूद चिकित्सक और स्टाफ बिना मास्क तथा उचित ऑपरेशन ड्रेस के थे, जिससे मरीज की जान को गंभीर



खतरा उत्पन्न हो सकता था। जो स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को उजागर करता है। हालांकि इन सभी आरोपों की टीम जांच कर रही है। यह अस्पताल आए दिन सुर्खियों में रहता है और यहां की सेवाएं पूरी तरह राम भरोसे चल रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया और मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) स्वदेश गुप्ता को जांच के निर्देश दिए। सीएमओ ने अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) डॉ. महेंद्रभान सिंह और मो. इरशाद की दो सदस्यीय टीम गठित कर अस्पताल भेजी। जांच टीम के पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। टीम ने सभी संबंधितों के बयान दर्ज किए और रिपोर्ट तैयार कर सीएमओ को सौंपने की बात कही। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों तक भेजी जाएगी तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। वहीं वीडियो बनाकर वायरल करने वाली स्टाफ नर्स कामिनी शाक्य ने आरोप लगाया कि उसे नौकरी से निकालने और उसके बच्चे के अपहरण की धमकियां मिल रही हैं। यह मामला मरीजों की जान से खिलवाड़ और अस्पताल की अनियमितताओं को उजागर करता है।

### सौ शैया अस्पताल बना कमाई का अड्डा

छिबरामऊ। वायरल वीडियो में महिला स्वास्थ्य कर्मी वीडियो बनाते समय पैसों की बात कर रही है, जिससे साफ जाहिर होता है कि अस्पताल में मरीज के ऑपरेशन या अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पैसे वसूले जाने का बेजोड़ धंधा चल रहा है। यह सब तभी उजागर होता है जब अस्पताल स्टाफ में आपसी मतभेद हो जाए, जैसा कि महिला स्टाफ ने वीडियो में बताया है कि कमाई के दौरान उसकी ड्यूटी ओटी से हटा दी जाती है और बाहर से स्टाफ बुला लिया जाता है।

# अस्पतालों में वर्दी में दिखेंगे स्वास्थ्य कर्मी, मिलेगी सहूलियतें

### जिलाधिकारी ने बैठक कर सीएमओ को कड़ाई से पालन कराने के दिए निर्देश



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

अब स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व कर्मचारी कार्यस्थल पर अनिवार्य रूप से वर्दी और पहचान पत्र के साथ दिखाई देंगे। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए हैं कि जनपद के किसी भी चिकित्सालय में बिना ड्रेस व आईडी कार्ड के कोई भी डॉक्टर या कर्मचारी तैनात न रहे। इसके लिए सात दिवस के भीतर शत- प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। यह निर्देश कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित यू- विन पोर्टल से संबंधित समीक्षा बैठक में दिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने विकास खंड गुगरापुर की यू- विन पोर्टल फीडिंग की प्रगति खराब पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यू-विन पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का शत- प्रतिशत पंजीकरण और फीडिंग अनिवार्य रूप से पूरी की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित वर्दी व पहचान पत्र के साथ ही ड्यूटी पर उपस्थित हों, ताकि आमजन को आसानी से यह पहचान हो सके कि संबंधित व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी है।

लापरवाही की स्थिति में जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी रहे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं में आक्रोश धरने पर नहीं आये अधिकारी

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

किसान यूनियन (धर्मेंद्र गुट) द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत दिए जा रहे धरने के दौरान उस समय आक्रोश फैल गया, जब किसानों की समस्याएं सुनने के लिए कोई भी जिम्मेदार अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज किसानों ने प्रदेश महासचिव सुरेश तिवारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से मिलने का निर्णय लिया। किसानों के कूच की सूचना पर पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने सुमेरगंज के पास किसानों को रोककर उनसे वार्ता की। इस दौरान किसानों ने प्रशासन को अपनी 19 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया। वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि 6 जनवरी को संबंधित सभी विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।किसानों की प्रमुख मांगों में बेसहारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, माइनरों की टेल तक खुदाई, तिलसिया माइनर को टेल तक खुदवाना, धान खरीद के लिए प्रत्येक पांच किलोमीटर पर क्रय केंद्र खोलना, रामसनेहीघाट में मंडी की स्थापना, नामित किसानों को कब्जा दिलाना, फसल बीमा में हो रहे शोषण पर रोक, वन रेंज शाहपुर में मानक के अनुसार कार्य, छतों से गुजर रहे बिजली के तार हटाना तथा लकड़ियां क्षेत्र में केयर टेकर के फर्जी भुगतान की जांच शामिल है।

# कंबल पाकर खिले गरीब बेसहारों के चेहरे

### समधन में मौलाना सरफराज के साथ मुस्लिम समुदाय ने बांटे कंम्बल, ली दुआएं

समधन, समृद्धि न्यूज।

गरीब बेसहाराओ की सेवा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने कदम आगे बढ़ाकर भीषण सर्दी को देखते हुए समधन नगर में कंम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शुक्रवार दोपहर समधन नगर के मोहल्ला लोहिया नगर में मौलाना सरफराज साबरी के नेतृत्व में करीब एक सैकड़ा से अधिक ग़रीब बेसहारा लोगों को इस भीषण सर्दी से बचाव के लिए बिना किसी भेदभाव से कंम्बल बांटे गए मौलाना सरफराज ने बताया कि इस सर्दी में उन गरीबों के घर तक कंम्बल पहुंचाने का काम करूंगा जिन्हें सर्दी बचाव के लिए कंम्बल की सख्त जरूरत है कार्यक्रम



में पहुंचे समधन चौकी प्रभारी दीपक सिंह का मौजूद लोगों ने उन्हें साल उड़ाकर सम्मानित किया गया इसी दौरान बाद में चौकी प्रभारी ने अपने हाथों से गरीबों को कंम्बल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई कंम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे चौकी प्रभारी दीपक सिंह ने कहा कि ऐसे मौसम में जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए उत्तर भारत में पढ़ रही भीषण सर्दी से लोगों का हाल बेहाल है। कार्यक्रम में हमारे संवाददाता फहीम शेख आदिल परवेज व सिराज खान ने साल उड़ाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सिराज खान, आदिल परवेज, हाफिज जाबिर खन्ना, हाफिज शमीम, अब्दुल्ला खान, मौलाना आसिफ, हाफिज अबूबकर, अंसार खान, फैनुद्दीन, मोहम्मद कैफ,राजू अली मौजूद रहे।

# नवीन मंडी हादसा: बिजली करंट लगने से ट्रक क्लीनर की मौत

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

अंबेडकर नगर जिले के जलालपुर लालकुआ निवासी 30 वर्षीय विवेक यादव पुत्र मैकुलाल यादव ट्रक क्लीनर की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह ड्राइवर के साथ नवीन मंडी में आलू लोडिंग के लिए ट्रक लेकर आए थे। ट्रक के ऊपर काम करते समय अचानक बिजली के तार से चिपक जाने से करंट लग गया। आनन-फानन में घायल विवेक को सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस में रखवाया और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से हो रहे हादसे

छिबरामऊ। नवीन मंडी में 11 हजार केवी ल लाइन के तार काफी नीचे तक झूल रहे हैं। पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी पंकज प्रसाद दुबे ने बताया कि लाइन के तार ऊंचे करने, अंडरग्राउंड करने अथवा मंडी परिसर से बाहर हटाने के लिए कई बार विद्युत विभाग में शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तार अत्यंत नीचे होने के कारण आए दिन ट्रक टकरा जाते हैं। आज का हादसा इसी वजह से हुआ।

# श्रद्धालुओं का जत्था माघ मेला स्पेशल ट्रेन से रवाना

▸ श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा पर रखा जाये विशेष ध्यान: डीएम

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

शुक्रवार को प्रयागराज में माघ मेला स्नान के सुचारु एवं सुरक्षित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन उरई के सभागार में रेलवे अधिकारियों, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक



दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज में माघ मेला स्नान का शुभारंभ हो चुका है, जो 01 फरवरी 2026 तक चलेगा। इस दौरान जनपद से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज जाएंगे।

उन्होंने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को स्टेशन परिसर में प्रवेश से लेकर प्लेटफॉर्म, ट्रेन में चढ़ने तथा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं आवश्यक सहायता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती प्रभावी ढंग से की जाए। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने माघ मेला स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर ससम्मान रवाना किया तथा उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, एसीएम रेलवे पवन कुमार सहित रेलवे, प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबे समय से लाइन लीकेज से राहगीर परेशान

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

देवनगर चौराहे से चुर्खी रोड पर निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड के सामने जल संस्थान की पाइप लाइन में लंबे समय से लीकेज बना हुआ है। पाइप लाइन सड़क के नीचे से होकर गुजर रही है, लीकेज होने से पानी सड़क पर बह रहा है। पानी के निरंतर रिसाव के कारण सड़क की सतह कमजोर हो गई है और गड्ढे बन गए हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के शैलेंद्र चौहान, कल्याण सिंह गुर्जर, बंटू सेंगर और ज्ञानेश कुमार ने बताया कि यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। लीकेज के कारण हर समय सड़क पर पानी बहता रहता है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए यह स्थान बेहद खतरनाक हो गया है। रात के समय गड्ढे नजर न आने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। आरोप लगाया कि जल संस्थान के अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित शिकायत दी जा चुकी है। इसके बावजूद लीकेज को ठीक कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। सड़क से बहता पानी न केवल सड़क को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि पेयजल की भी बर्बादी हो रही है। इस मार्ग से रोजाना बड़ी संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं।

# ग्रामीण अधिकारों के प्रति योजनाओं का उठायें लाभ

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।

महेवा विकासखंड के ग्राम बैरई में स्थित परिषदीय विद्यालय के परिसर में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों के प्रति यौन अपराधों की रोकथाम को लेकर चर्चा की तथा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं तथा कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। राजस्व विभाग तथा न्याय विभाग के तत्वावधान में आयोजित विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में कालपी के तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि वाल संरक्षण के लिये कानून में व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया



कि बाल श्रम कराना कानूनी अपराध है। तहसीलदार ने कहा कि बच्चों एवं नाबालिग के प्रति शोषण करने पर पास्को एक्ट के अंतर्गत कारवाई की जाती है। उन्होंने जमीनों के दाखिल खारिज, बिरासत तथा राजस्व विभाग के द्वारा चलाई जा योजनाओं को बतलाया। उन्होंने आव्हान किया है कि सभी ग्रामीणों को अपने अधिकारों की प्रति जागरूक रहना चाहिए। शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी हासिल करते रहना चाहिए। महिला हेल्पलाइन, एम्बुलेंस सेवा 108, 102 तथा अन्य जानकारियां दी। नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आदि विषयों पर चर्चा की। शिविर में ग्राम प्रधान, राजस्व निरीक्षक सुरेश कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल राहुल कुमार, प्रधान प्रतिनिधि रामलखन, पीएलवी, पंचायत सहायक, स्वयं सेविका सहित कई विभागों के अधिकारी तथा आसपास गांव के ग्रामीणों ने सहभागिता की।

# बैंक शाखाओं में शौचालयों की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने की उठी मांग

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

नगर में संचालित कुछ बैंकों में उपभोक्ताओं के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। बैंक में शौचालय न होने के कारण बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं को दिक्कत हो रही है। इसके अलावा अधिकांश बैंकों में शिकायत पुस्तिका सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। नगर के लोगों ने बैंकों में शौचालय की सुविध उपलब्ध कराने के अलावा बैंक में उच्चाधिकारियों के नंबर चस्पा करने व शिकायत पुस्तिका उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाने की मांग एसडीएम से की है। भारत सरकार स्वच्छ भारत मिशन अभियान चला रही है। गांवों और शहरों लोगों को शौचालय बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं नगर स्थित भारत सरकार के ही उपक्रम बैंकों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। नगर के विद्यासागर मिश्रा, अशफाक राईन, विपुल दीक्षित, अकरम सिद्दीकी, वैभव अग्रवाल आदि ने बताया कि नगर में संचालित अधिकांश बैंकों में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। बैंक में शौचालय न होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले उपभोक्ताओं खास कर महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है।

# तहसील परिसर में नववर्ष मिलन समारोह आयोजित




उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

तहसील परिसर में पहली बार प्रशासनिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के बीच नव वर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रशासनिक हेमंत पटेल, एसडीएम न्यायिक विश्वेश्वर सिंह तथा तहसीलदार अमित शेखर की उपस्थिति रही। इसके साथ ही बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं न्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं की ओर से भगवान दास तिवारी एवं योगेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि बीते वर्ष से सीख लेते हुए नए वर्ष में आपसी मतभेद भुलाकर तहसील में आने वाले किसानों एवं फरियादियों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर एडवोकेट मनोज गुप्ता, सुरेश सेंगर, अनिल कुमार, कमलेश सिंह सहित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं अन्य सम्मानित अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# डीआईजी व अपर आयुक्त कानपुर ने मेले की तैयारियों का लिया जायजा

▸ सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य सभी व्यवस्थायें दुरुस्त करने के दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर मंडल हरिश्चंद्र व अपर आयुक्त कानपुर मंडल रेनू द्वारा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के साथ मेला रामनगरिया की तैयारियों व गंगा आरती स्थल का निरीक्षण किया गया व मेले में तैनात अधिकारियों के साथ संवाद किया गया। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं के साथ व्यवहार नम्र रखें, मेले में अग्निशमन की व्यवस्था उच्च कोटि की हो, सभी बड़े पंडालों में फायर स्ट्रिंगर लगायें, सेक्टर के हिसाब से फायरकर्मी तैनात करें, ट्रैफिक व फायरकर्मी अधिकाधिक दोपहिया वाहन इस्तेमाल करें, गंगा तट पर बेरिकेडिंग अच्छी व मजबूत हो, किसी को भी बैरिकेटिंग क्रॉस न करने दें, पार्किंग की व्यवस्था अच्छी हो, हर पार्किंग का प्रभारी नामित करें, आपस मे सभी पार्किंग प्रभारी समन्वय रखें, क्रेन व हाइड्रा की तैनाती का स्थल तय किया जाये, मेला क्षेत्र की गाड़ियों को पास जारी किये जायें, पुलिस की सोशल मीडिया टीम मेला क्षेत्र में तैनात रहें, सभी पार्किंग में वाहन के प्रकार सहित साइनऐज लगाये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी अपने ड्यूटी पॉइंट चेक आज ही कर लें व समय से पहले ड्यूटी पॉइंट पर पहुँचें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित मौजूद रहे।



मेले का निरीक्षण करते डीआईजी

## डीआईजी कानपुर ने व्यवस्थाओं के संबंध में की समीक्षा

पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र हरिश्चंद्र, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत लगने वाले मेला श्री रामनगरिया 2025-26 में की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। संत महात्माओं से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान मेला व्यवस्था से जुड़े समस्त अधिकारीगण मौजूद रहे। संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा हेतु पेयजलए प्रकाश व्यवस्था, अलाव व कम्बल, ट्रैफिक डायवर्जन और संकेतक बोर्ड आदि व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने एवं यातायात की सुदृढ़ व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



साधु संतों से वार्ता करते डीआईजी व अपर आयुक्त कानपुर मंडल

# खाना खाने गए दुकानदार के गल्ले से नकदी और मोबाइल साफ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें दिन के उजाले में भी पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के ग्राम सितवनपुर पिथू का है, जहाँ बेखौफ चोरों ने एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी और मोबाइल पार कर दिया। जानकारी के अनुसार बबना रोड निवासी सुमित चौहान अपने घर के निचले हिस्से में परचून की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सुमित अपनी दुकान पर ही मौजूद थे। भूख लगने पर वे अपना मोबाइल फोन दुकान के अंदर ही चार्जिंग पर लगाकर खाना खाने के लिए मकान की ऊपरी मंजिल पर चले गए। दुकान उस वक्त खाली थी। जिसका फायदा घात लगाए बैठे चोरों ने उठा लिया। करीब 15-20 मिनट बाद जब सुमित खाना खाकर वापस नीचे अपनी दुकान पर लौटे, तो वहां का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दुकान के गल्ले का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे 20 हजार रुपये की नकदी गायब थी। इतना ही नहीं चोरों ने चार्जिंग पर लगा उनका कीमती मोबाइल भी चोरी कर लिया था। पीड़ित ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से इलाके के व्यापारियों में रोष और दहशत का माहौल है।

# प्रसूता वार्डों में सर्दी से ठिठुर रहीं महिलाएं और नवजात

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में गिरते तापमान और सर्द हवाओं के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज ठंड से ठिठुर रहे हैं। विशेषकर प्रसूता वार्डों में नवजात और उनकी माताएं सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण परेशान हैं।

सीएचसी के वार्डों में हीटर की कोई व्यवस्था नहीं है, जबकि चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के कक्षों में दिन-रात हीटर चलते पाए गए। यह स्थिति मरीजों की सुरक्षा और सुविधा पर सवाल उठाती है। अस्पताल में भर्ती प्रसूताओं ने अपनी आपबीती सुनाई। सोनी और करुणा ने बताया कि प्रसव के बाद उन्हें कंबल तो मिला है, लेकिन कड़ाके की ठंड से राहत नहीं मिल रही है।

उन्होंने हीटर की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि उन्हें और उनके नवजात शिशुओं को कुछ सुकून मिल सके। राम प्रकाश ने भी अपने रिश्तेदार के प्रसव के बाद की स्थिति साझा की। उन्होंने बताया कि मिला कंबल प्रसूता और नवजात दोनों के लिए पर्याप्त नहीं है और हीटर न होने से रात भर परेशानी होती है। कुल मिलाकर किसी भी वार्ड में हीटर की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में चिकित्सा प्रभारी डॉ0 गौरव राजपूत ने बताया कि हर वार्ड में हीटर लगाकर मरीजों को सर्दी से बचाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हीटर का प्रयोग मरीजों के लिए है, न कि नर्सिंग स्टाफ के लिए। डॉ0 गौरव राजपूत ने आगे कहा कि यदि इसमें कोई लापरवाही हो रही है, तो जिम्मेदारी तय की जाएगी और संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।



प्रसूता वार्ड में सर्दी से परेशान महिलाएं

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र अंतर्गत तौफीक की मड़ैया निवासी सचिन कुमार उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र दिनेश कुमार अपनी बाइक संख्या-यू.पी.76एसी0818 से फर्रुखाबाद से घर लौट रहा था। रात करीब 8 बजे अमृतपुर रोड पर भारत पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर हिमांशु राजपूत ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट ज्ञानपाल ने बताया कि युवक को मृत घोषित किया गया। मृतक की शादी 10 शाम पहले हुई थी। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी हैं। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की माता गीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन



स्टाक का निरीक्षण करते आबकारी निरीक्षक

## आबकारी निरीक्षक ने शराब ठेके का किया निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** आबकारी निरीक्षक सुधांशु चौधरी ने शुक्रवार को नवाबगंज नगर के मंझना मार्ग पर स्थित एक शराब के ठेके पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ठेके पर भारी मात्रा में शराब का स्टॉक पाया गया। निरीक्षण के दौरानए ठेके पर 4150 क्वार्टर देशी शराब का भंडार मिला। इसके अतिरिक्त शुक्रवार को ही आई 150 पेटी नई शराब भी स्टोर में मौजूद पाई गई। निरीक्षक सुधांशु चौधरी ने जहानगंज निवासी सेल्समैन अमित कुमार से इस संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अंग्रेजी शराब की दुकान के सेल्समैन अनिल कुमार से भी पूछताछ की। जांच दल ने ठेके के रजिस्टर, अन्य आवश्यक कागजात और पूरे स्टोर का गहनता से निरीक्षण किया।

# जनचौपाल में अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें, किया जागरुक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड क्षेत्र में सरकार के द्वारा चलाई जा रही ग्राम जन चौपाल योजना के तहत अधिकारियों ने जनता की समस्याएं सुनीं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जरहरी तथा ग्राम पंचायत खलवारा में ग्राम जन चौपाल योजना के तहत विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में विकास खंड कार्यालय के अधिकारियों ने दोनों ग्राम पंचायत में वन पर्यावरण विशेषज्ञ के साथ मिलकर जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें ग्रामीण जनता ने अधिकारियों को अपनी-अपनी समस्याएं बताईं। जिसमें वृद्धावस्था, विधवा तथा विकलांग पेंशन के लिए एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार ने ग्रामीणों की समस्यायें सुनीं। वहीं ग्रामीण समस्याओं के लिए एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह को समस्यायें सुनीं। जन चौपाल में ग्रामीणों को स्वच्छता अभियान के तहत सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आवास तथा अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। वन पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने ग्रामीणों को पर्यावरण हरा भरा रखने तथा गांव की खुशहाली पर्यावरण से मिलने के बारे में भी लोगों को जागरूक किया। गुंजा जैन ने बताया कि सभी ग्रामीण अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर वन पर्यावरण को स्वच्छ बनायें। जब हरे भरे वृक्ष होंगे तो बीमारियां भी दूर होगी और गांव में ताजी हवा मिलेगी, ऐसे ही कई अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारियां दी गईं। इस मौके पर वन पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास विभाग से सुखदेव सिंह, सीडीपीओ कार्यालय से सुनीता उपाध्याय, ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, वेद प्रकाश तथा ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व ग्रामीण मौजूद रहे।




जन चौपाल में समस्यायें सुनते बीडीओ व अन्य

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से सीडीपीओ कार्यालय द्वारा की जा रही अवैध वसूली

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सीडीपीओ कार्यालय द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से बच्चों की किट देने के नाम पर सौ रुपये की वसूली की जा रही है। जिससे आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों में रोष है। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में बने सीडीपीओ कार्यालय पर शुक्रवार को उस समय भ्रष्टाचार उजागर हुआ, जब एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया की बच्चों को बांटने वाली किट के नाम पर प्रत्येक कार्यकत्री से 100 वसूले जाते हैं। जिस पर एक कार्यकत्री ने दबी जुबान से बताया की प्रत्येक कार्यकत्री से बच्चों के उपयोग में आने वाली किट का वितरण किया जाता है। जिसमें 100 की वसूली की जाती है। जब इस बाबत कार्यालय पर जानकारी की गई, तो किसी ने भी कोई भी बात बताने से इनकार कर दिया। जिससे साफ जाहिर है कि इस अवैध वसूली में सीडीपीओ से लेकर उनके बाबू सहित सभी संलिप्त हैं।

जहां एक तरफयोगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सभी कार्यालय बना रही है, वहीं नवाबगंज के सीडीपीओ कार्यालय पर वहां तैनात कर्मचारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसके चलते क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में खासा आक्रोश व्याप्त है। जब इस बाबत कार्यालय पर तैनात कर्मचारियों से सीडीपीओ का नंबर जानना चाहा, तो किसी ने नंबर नहीं दिया।

वहीं लिपिक कुणाल मिश्रा ने बताया की 100 वसूले जाने की बात गलत है। कार्यालय पर किसी से कोई पैसा नहीं लिया जाता है। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मुताबिक हर कार्यकत्री से पैसे की वसूली की जाती है। इसके बाद बच्चों की किट उपलब्ध करायी जाती है।

# प्रतिबंधित मांगुर मछली की बाजार में जमकर हो रही बिक्री

▸ सस्ती होने के चलते लोग चाव से इसे खरीद रहे

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

मीट बाजार में मांगुर मछली खुलेआम बिक रही है, जबकि सरकार ने इसकी बिक्री पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बावजूद बाजार में कुंटलों मछली बिकती पायी गयी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कायमगंज के गल्ला मंडी के निकट मीट बाजार में जब समृद्धि न्यूज की टीम पहुंची, तो वहां देखा कि मांगुर मछली की काफी मात्रा में बिक्री होती पायी गयी। लोग बड़े चाव से इसे खरीद रहे थे, जबकि भारत सरकार ने इसे वर्ष 2000 में पूरी तरह से वैन कर दिया था, क्योंकि इसको खाने से कैंसर तथा अन्य प्रकार की बीमारियों होने का खतरा रहता है। बताते चलें कि मछली व्यापारियों के द्वारा इस मछली को कुंटलों की तादात में उतरवायी जाती है और धड़ल्ले से बेची जाती है। जिसके मुख्य कारण यह है कि यह मछली सस्ती मिलती है। जिससे अच्छी आमदनी होती है। भोले भाले ग्रामीण इसके दुष्परिणाम से अंजान होकर इसके धड़ल्ले से खरीदकर इसका मांस खा रहे हैं। हालांकि मतस्य विभाग के अधिकारियों से जब इस संबंध में बात करनी चाही, तो उनका मोबाइल स्वीच आफ मिला। बताते चलें कि राष्ट्रीय हरित क्राति न्यायाधिकरण ने 22 जनवरी को इस संबंध में निर्देश भी जारी किए हैं। जिसमें यह कहा गया हैं कि मत्स्य विभाग के अधिकारी टीम बनाकर निरीक्षण करें और जहां भी इस मछली का पालन हो रहा है उसको नष्ट कराया जाए। निर्देश में यह भी कहा गया हैं कि मछलियों और मत्स्य बीज को नष्ट करने में खर्च होने वाली धनराशि उस व्यक्ति से ली जाए जो इस मछली को पाल रहा हो। इस मछली को वर्ष 2000 देश भर में इसकी बिक्री पर प्रतिबंधित लगा दिया गया था। यह मछली मांसाहारी है। यह इंसानों का भी मांस खाकर बढ़ जाती है। ऐसे में इसक सेवन सेहत के लिए भी घातक है। इसी कारण इस पर रोक लगाई गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी मछली मंडियों में इसकी खुले आम बिक्री हो रही है। मछली पालक अधिक मुनाफे के चक्कर में तालाबों और नदियों में प्रतिबंधित थाई मांगुर को पाल रहे है, क्योंकि यह मछली चार महीने में ढाई से तीन किलो तक तैयार हो जाती है जो बाजार में काफी सस्ती मिल जाती है।



बाजार में बिक रही प्रतिबंधित मांगुर मछली

# मुख्य लाइन में फाल्ट से 70 गांव अंधेरे में डूबे

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सिवारा विद्युत केंद्र में फाल्ट के कारण लगभग 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। गुरुवार मध्य रात से शुक्रवार सुबह तक सिवारा उपकेंद्र से जुड़े लगभग 70 क्षेत्रीय गांव अंधेरे में डूबे रहे। बिजली कर्मियों द्वारा फाल्ट ठीक किए जाने के बाद शुक्रवार सुबह 10 बजे से आपूर्ति बहाल हुई। जिससे उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। 33/11 विद्युत उपकेंद्र सिवारा में मुख्य लाइन से आपूर्ति न मिलने के कारण गुरुवार रात 1 बजे के बाद बिजली ठप हो गई। इसके परिणामस्वरूप उपकेंद्र से जुड़े सभी 70 गांव पूरी तरह अंधेरे में डूब गए और बिजली के उपकरण भी अनुपयोगी हो गए। बिजली आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात भर बिजली न होने से दैनिक गतिविधियां प्रभावित हुईं। बिजली विभाग के कर्मियों ने शुक्रवार को मुख्य 33 हजार वोल्ट लाइन में आई खराबी का पता लगाया और उसे ठीक किया। इस मरम्मत कार्य के बाद ही सिवारा कस्बे सहित सभी क्षेत्रीय गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली घर के लाइनमैन सोरन सिंह ने बताया कि मुख्य लाइन में फाल्ट आ गया था। जिसके कारण आपूर्ति बाधित हुई। उन्होंने पुष्टि की कि लाइन ब्रेकडाउन होने की वजह से उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल पा रही थी।



सिवारा विद्युत केंद्र

# ईओ ने रैन बसेरा व अलाव का किया निरीक्षण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्रा ने ठन्ड के प्रकोप के बीच रैन बसेरा और अलाव का निरीक्षण किया।

उन्होंने कर्मचारियो को निर्देश दिए कि गरीब को ठन्ड में किसी भी तरह की दिक्कत न हो। शुक्रवार को ठंड व गलन का प्रकोप बढ़ने पर देर शाम नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ0 लव कुमार मिश्रा ने रैन बसेरा और विभिन्न स्थानों पर अलाव का निरीक्षण किया। जहाँ उन्हें लोग अलाव तापते मिले।

उनसे बात की। उन्होंने नगर पालिका कर्मचारियो को निर्देशित किया कि सभी जगह व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जायेगी। अधिशासी अधिकारी ने नगर में अलाव जलाकर लोगों को ठन्ड से राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य की लोग प्रशंसा कर रहे है। बताते चलें कि शुक्रवार को पारा और नीचे चला गया। जिससे जन मानस बेहाल हो उठा। पूरे दिन सूर्य के दर्शन नहीं हुए। वहीं तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सड़कों पर शाम होते ही सन्नाटा पसर गया। लोग घरों से कम ही निकलें। सिर्फ जरुरतमंद ही सड़कों पर दिखायी दिये।



अलाव तापते रैन बसेरा में रुके लोग

## सुंदरकाण्ड पाठ समिति का वार्षिकोत्सव कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 26वां वार्षिकोत्सव सुंदर काण्ड पाठ समिति द्वारा 4 जनवरी रविवार को अग्रवाल धर्मशाला स्टेट बैंक रोड पर आयोजित होगा। श्री सुंदर काण्ड पाठ समिति द्वारा हवन पूजन, सुंदरकाण्ड पाठ, बालाजी महाराज को छप्पन भोग, महाआरती, महाप्रसाद वितरण आयोजित होगा। अध्यक्ष बृजकिशोर सिंह किशोर, अशोक वर्मा मुख्य रुप से कार्यक्रम की व्यवस्था देखेंगे। यह जानकारी आयोजन प्रभारी धनश्याम बाजपेयी ने दी है।

## एशियन कम्प्यूटर सेंटर में नववर्ष कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन 3 जनवरी शनिवार को प्रातः 11 बजे जोगराज स्ट्रीट में सम्पन्न होगा। यह जानकारी सुरेंद्र पाण्डेय ने दी है।

# सर्दी से कांपे लोग, सिर्फ अलाव ही सहारा



सड़क पर सर्दी के चलते पसरा सन्नाटा



सर्दी में अलाव तापते ग्रामीण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सर्दी दिन पर दिन सुर्ख होती जा रही है। शुक्रवार को तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिससे लोग सर्दी से बचने के लिए घरों से कम निकले।

वहीं अधिकांश प्रतिष्ठानों के बाहर लोग अलाप तापते नजर आये। शुक्रवार को कोहरा ज्यादा नहीं रहा, लेकिन गलन ने लोगों को काफी परेशान किया। जिससे बाजार हाट के लिए घरों से कम निकले। सराकारी दफ्तरों व कचहरी आदि में सन्नाटा पसरा रहा। लोग पूरे दिन अलाव के आगे तापते नजर आये। सबसे ज्यादा बुजुर्गों व बच्चों को परेशानी हो रही है। चिकित्सक बच्चों व बुजुर्गों को घरों से न निकलने की नसीहत दे रहे हैं। ऐसे में जरा सी सावधानी भारी पड़ सकती है। आवागमन करने में भी लोगों को परेशानी हो रही है।

यात्राएं करने से लोग बच रहे हैं। रोडवेज बसें दो चार सवारी लेकर अपने गंतव्य को रवाना हो रही हैं। सर्दी के चलते बच्चों के स्कूल 14 जनवरी तक बंद कर दिये गये हैं। वहीं इंटर के स्कूल भी सर्दी के चलते बंद कर दिये हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रोज कमाकर खाने वालों को हो रही हैं। सर्दी के चलते रेहड़ी व खोंचे वालों के चूल्हे ठंडे पड़े हुए हैं। उनको रोटी जुटाने के लाले पड़ रहे हैं।

# जूना अखाड़ा द्वारा नगर में निकाली गई धूमधाम से शोभायात्रा

▸ जगह-जगह पुष्प वर्षा कर हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जूना अखाड़े की ओर से नगर में प्रवेश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। जूना अखाड़े के महंत सत्यगिरी महाराज ने मेला श्री रामनगरिया सीढ़ी नम्बर 6 से यात्रा प्रारंभ होकर पांचाल घाट होते हुए कादरीगेट, साहबगंज चौराहा, नाला मछरट्टा, तिकोना रेलवे स्टेशन, चौक, नेहरु रोड, घुमना, लालगेट, आवास विकास मसेनी होते हुए मेला क्षेत्र पहुंची।


यात्रा में शामिल संत व भक्तगण


यात्रा में शामिल भक्तगण

कादरीगेट पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके साथ यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जूना अखाड़ा की ओर से निकाली गई संतों की यात्रा में महंत सत्यगिरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करना व मेला क्षेत्र में आये हुए कल्पवासियों में हिन्दुत्व की भावना जाग्रत करना एवं परमात्मा के प्रति ध्यान लगाना और भगवान को मानना जरुरी है। इस उद्देश्य से जागरुक करते हुए यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के बाद मेला रामनगरिया पहुंची यात्रा में बड़ी संख्या में साधु-संत मौजूद रहे। आशीष मिश्रा भईयन, कोमल पाण्डेय, विमल यादव, प्रवक्ता वीरेन्द्र गिरी महाराज ने यात्रा की व्यवस्था देखी। बड़ी संख्या में साधु संतों के अलावा लोग शामिल हुए। जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा में प्रमुख रुप से विपिन दुबे, धर्मदेव महाराज, जयवीर पुरी, श्यामपुरी, श्यामेन्द्र गिरी, कन्हैया दास रामताल आश्रम, वीरेन्द्र पुरी, चन्द्रगिरी, शंकर गिरी, जगदीश पुरी, जयवीर पुरी मौजूद रहे। इस दौरान आचार्य अम्बरीश महाराज, सुधांशु दत्त द्विवेदी, सनी गुप्ता, शिवम गुप्ता, सुमित गुप्ता, पंकज राठौर, मनीष गुप्ता, सागर गुप्ता, ओमनिवास पाठक, गिरीराज दुबे, पप्पी दीक्षित, सोनू वर्मा, सौरव शर्मा, मोनू सक्सेना, नितिन गुप्ता, पंकज गुप्ता, शालू गुप्ता, संजू गुप्ता, शुभम सक्सेना, रतन ऋषि गुप्ता, विश्वास गुप्ता, पिन्टू वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, साहित मिश्रा, सौरव गुप्ता, गोपाल सक्सेना, कुलदीप, राज भारद्वाज, दिलीप भारद्वाज, लक्ष्मन सिंह, अजय गुप्ता, विक्रांत अवस्थी, कोमल पाण्डेय, प्रिंस शुक्ला, प्रदीप सिंह राठौर, गोविन्द वर्मा, उदित मिश्रा, अंकित पाल, विकास अग्निहोत्री, अभिषेक अग्निहोत्री, आलोक मिश्रा, बाबू अग्निहोत्री, धीरज पाण्डेय, टिंकल यादव, गोपाल सक्सेना, संजय कटियार, विनीत द्विवेदी आदि ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया।

## मेला श्रीराम नगरिया का भव्य उद्घाटन आज


कल्पवासियों की रावटी से भरा मेला परिसर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्रीरामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी पांचाल घाट का आज शुभारम्भ बड़ी भव्यता के साथ होगा। पतित पावनी मां गंगा तट पर पूरे माह चलने वाले मेला श्रीराम नगरिया के उद्घाटन से संबंधित सभी तैयारियां जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण कर ली गई है। दिनांक 3 जनवरी दिन शनिवार को मेला श्रीरामनगरिया का भव्य उद्घाटन अपरान्ह 1:30 होगा। इस संदर्भ में अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)/सचिव मेला श्रीराम नगरिया दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला श्रीरामनगरिया एवं विकास प्रदर्शनी 3 जनवरी से 3 फरवरी तक चलेगा। जनपद के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक भव्य उद्घाटन होगा। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधि, साधु-संत व बड़ी संख्या में भक्तगणों की मौजूगी रहेगी। बताते चले कि 21 हजार दीप जलाये जायेंगे। महाआरती का भी आयोजन किया जायेगा। यह दृश्य भक्तिमय व भव्यतापूर्ण होगा।

## माघ मेले में श्रीमद् भागवत कथा का होगा आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर ज्योति सेवा संस्थान की बैठक राम नगर निकट मसेनी चौराहा पर सम्पन्न हुई। माघ मेला में स्वामी विवेकानंद उद्यान वाटिका पांचाल घाट में होने वाले धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनायी गई। संस्था के महासचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति उद्यान वाटिका में धार्मिक व सेवा कार्यों का आयोजन होता है। चार जनवरी को दोपहर 1 बजे श्रीमद् भावगत कथा का शुभारम्भ होगा। जो 11 जनवरी को विराम होगा। 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भव्य समारोह एवं विशाल भाण्डारा आयोजित होगा। कथा व्यास आचार्य अतुल अग्निहोत्री के अलावा संस्था के पदाधिकारी पूरे माघ मेले में प्रतिदिन महात्माओं के साथ कल्पवास करेंगे। इस मौके पर सुधेश त्रिवेदी, अनिल तिवारी, विधु शेखर मिश्रा, ओमवीर सिंह, रमेश तिवारी, अखिलेश विश्वनाथ आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता वीर बहादुर सिंह ने की। संचालन शिवशरन मिश्रा ने किया।

# मेला श्रीरामनगरिया में लगाया गया स्वास्थ्य कैम्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्री राम नगरीया में श्रद्धालुओं के प्राथमिक उपचार वास्ते एलोपैथिक स्वास्थ्य पोस्ट की स्थापना की गई। लोगों का उपचार करने हेतु एंबुलेंस लगायी गई है।

मेला राम नगरिया में स्वास्थ सेवायें देने के लिए इस बार भी एंबुलेंस तैयार रहेगी। गंभीर मरीज को उपचार हेतु जरुरत पड़ने पर डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया जायेगा। पिछले वर्ष एंबुलेंस लगायी गई थी। एक ही समय कई मरीज बीमार होने पर विलंब हुआ था। इस बार व्यवस्था सुचारु रुप से चलाने के लिए मेला रामनगरिया में मरीजों के लिए चिकित्सा शिविर लगाया गया है। कुछ घंटों के लिए जरुरत पड़ने पर मरीजों को वहीं भर्ती किया जायेगा। गंभीर होने पर उपचार हेतु लोहिया अस्पताल भेजा जायेगा। मरीजों की सुविधाओं हेतु चिकित्सक व फार्मासिस्टों को भी तैनात किया गया है, जो प्रतिदिन अपने रोस्टर के अनुसार मेले में स्वास्थ्य सेवायें देने के लिए सुचारु रुप से तैनात रहेंगे। सीएमओ ने सख्त निर्देश दिया है कि ड्यूटी के दौरान किसी तरह की कोताही नहीं बरती जायेगी। शिकायत मिलने पर विभागीय कार्यवाही होगी।



मेला रामनगरिया में तैनात स्वास्थ्य कर्मी

# मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता के साथ फर्रुखाबाद युवा महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

▸ राजस्थानी, ब्राइडल, भरवां अरेवियन हिना से प्रतिभागियों ने सजाये हाथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

22वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ स्टेट बैंक वाली गली में भाजपा नेता रुपेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। समिति के सभागार में मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतिभागियों ने राजस्थानी, ब्राइडल, भरवां अरेवियन, वैवाहिक, ऐतिहासिक इमारत, देवताओं आदि विभिन्न प्रकार की मेहदी अपने हाथों में सजाई। सभी प्रतिभागियों ने निर्णायकों के मेंहदी से सम्बन्धित प्रश्नों के सटीक उत्तर दिये। ललिता ने बताया कि मेंहदी शुभ होती है और विवाह जैसे कार्यक्रमों में मेंहदी का विशेष महत्व होता है। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की गई। रूपेश गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई के साथ ऐसी प्रतियोगिताओं की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने ऐसे सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. सदीष शर्मा सहित सभी पदाधिकारियों की प्रशंसा की। निर्णायकों ने परिणाम की घोषणा की। जिसमें ललिता कुशवाहा को प्रथम स्थान, नन्दिनी श्रीवास्तव को द्वितीय तथा हिमांशु राठौर को तृतीय स्थान मिला। तहसीलदार सनी कनौजिया, निर्णायक मंजू मिश्रा ने सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने मुख्य अतिथि रूपेश गुप्ता, तहसीलदार सनी कनौजिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतिभागी प्रिन्सी, अंशिका, सुहानी, पूजा, मुस्कान मारवाडी, जया, खुशी, मांसी, शमा शाक्य, जाहनवी, संजना, हिना, गौरी, अंशिका राजपूत, हिमांशु राठौर, ललिता कुशवाह, नन्दिनी श्रीवास्तव ने अपने हाथ में मेहंदी की आकर्षक डिजायन बनाई। मंजू मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ. संदीप शर्मा, सच्चिदानन्द मिश्रा, डॉ. कृष्णकान्त अक्षर, मंजू मिश्रा, हर्ष दुबे उपस्थित रहे। संचालन डॉ. कृष्णकान्त अक्षर ने किया। शिवा ने व्यवस्था में सहयोग किया।


मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता में मौजूद प्रतिभागी

## खबरें एक नजर में

### नगर में जाम का कारण बन रही ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या


नगर में जाम लगाये ई-रिक्शाचालक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में ई-रिक्शा से निश्चित तौर पर लोगों को आवागमन में सुविधा हुई है, लेकिन बेलगाम संख्या की वजह से ये जाम का कारण भी बन रहे हैं। पुलमंडी, तहसील रोड से लेकर मैन चौराहे तक बाजार में ई-रिक्शा की वजह से यातायात ठप होता है। इनकी वजह से बाइक व साईकिल सवार भी जाम में फंसे नजर आते है। नाबालिग लड़के भी धडल्ले से ई-रिक्शा को दौड़ाते दिखते हैं। जिम्मेदार विभाग की ओर से इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या से शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे ई-रिक्शा पर लगाम लगाये। जिससे नागरिकों को जाम की झाम से निजात मिल सके।

### गौरक्षिणी सभा गौशाला की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गौरक्षिणी सभा गौशाला माधौपुर में शनिवार 3 जनवरी दोपहर 12 बजे डॉ. मनमोहन लाल गोस्वामी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजय कुमार अतिथि के रुप में शामिल होंगे। यह जानकारी कन्हैया लाल जैन ने दी है।

### धार्मिक स्थलों के आस-पास लघुशंकर गृह बनवाने की भक्तों ने की मांग

**जालौन (उरई)।** नगर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की सुबह शाम भीड़ रहती है। मंदिर में आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर के आसपास लघुशंका गृह नहीं है। लघुशंका गृह न होने के मंदिर आने वाले भक्तों को दिक्कत हो रही है। स्वच्छता अभियान के तहत सरकार साफसफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के साथ ही शौचालय एवं लघुशंकागृह बनवा रही है। लोगों की सुविधा के लिए जगह जगह जन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं नगर के प्रमुख मंदिर छोटी माता, द्वारिकाधीश मंदिर के पास पहले लघुशंका गृह बने थे। विकास के नाम पर इन्हें हटा दिया गया। पुराने लघुशंका गृह हटा देने के बाद नए लघुशंका गृह का निर्माण नहीं कराया गया है। बंबई वाला मंदिर, छोटी माता, द्वारिकाधीश, बड़ी माता मंदिर समेत आसपास लगभग आधा दर्जन प्रमुख मंदिर है। इन मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त प्रतिदिन दर्शन करने आते हैं। मंदिरों के आसपास लघुशंका गृह न होने के कारण मंदिर में आने वाले भक्तों को दिक्कत होती है। नगर के त्रिलोकीनाथ गुप्ता, भगवती प्रसाद मिश्रा, सुशील कुमार, अजय कुमार, इंद्रजीत, संतोष कुमार आदि ने बताया कि मंदिरों के आसपास पेशाबघर न होने के कारण आसपास के दुकानदार गलियों में पेशाब करते हैं जिससे संतोषी माता मंदिर के बगल वाली में हमेशा दुर्गंध आती है। यहां से भक्तों का निकलना मुश्किल हो जाता है। समाजसेवियों ने मंदिर के आसपास पेशाब घर बनवाने की मांग की है जिससे आसपास सफाई रहे और भक्तों को दिक्कत न हो।

## अधिकारियों की मनमानी पर सदर विधायक ने गौरीशंकर पर लगाया ब्रेक

**उरई,जालौन।** पिछले कई दिनों से गांधी इंटर कालेज के खेल मैदान में एडीएम नमामि गंगे द्वारा बीच मैदान में नलकूप की बोरिंग व टंकी का निर्माण कराने के लिये मशीनरी भेज दी थी जिसने अपना कार्य भी शुरू कर दिया था। लेकिन इसी दौरान एक ओर जहां कालेज प्रबंधन द्वारा जिलाधिकारी से मामले की लिखित शिकायत की तो वहीं दूसरी ओर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा को भी मामले से अवगत कराकर खेल मैदान को सुरक्षित करने के लिये हस्तक्षेप करने की मांग की थी। इसी के साथ शुक्रवार को जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया उस दौरान सदर विधायक भी मौके पर मौजूद थे। डीएम ने साफ तौर पर कहा कि खेल के बीच मैदान में न तो बोरिंग होगी और न ही टंकी का निर्माण होगा पूर्व में निर्धारित स्थल मस्जिद के पीछे उक्त कार्य कराये जाने के निर्देश दिये।

# आलू किसान को लागत निकालने के पड़े लाले


मण्डी में लगे आलू के ढेर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में 2 जनवरी को आलू का भाव 451 रुपये से 611 रुपये कुंतल रहा। आलू के भाव में 50 रुपये कुंतल का उछाल रहा। इस बार आलू के भाव में गिरावट होने के कारण किसान परेशान है। कर्जा हो जाने के कारण अधिकांश किसानों ने अपना आलू खोदा भी नहीं है। खाद, बीज, पानी आदि की लागत लगाने के बाद भी लागत नहीं निकल रही है। पहले से ही किसानों ने कर्जा लेकर खाद आदि में पैसा लगा दिया, अब फसल तैयार हो गयी है, दाम अच्छे न मिलने के कारण खेतों में ही फसल तैयार खड़ी है। खुदाई तक के पैसे नहीं निकल रहे है। उधर गेहूं की फसल की बुवाई शुरु हो गयी। इस बार आलू की फसल पिछड़ जाने के कारण कोल्ड स्टोरेज मालिकों की पौवारा रही है। किसान आलू की फसल में बर्बाद हो रहा है।

यही स्थिति रही तो जनपद में आलू की फसल कम हो जायेगी। जबकि अन्य जनपदों में पीली मिट्टी के आलू की मांग ज्यादा है।

यहां का आलू बाहर की मण्डियों में जाने के बाद भी अच्छा मूल्य नहीं मिलता है। ऐसे में किसान हाथों मायूसी है। सरकार से मांग है कि किसानों का आलू सातनपुर मण्डी से निर्यात किया जाये। जिससे किसानों को बाजिव मूल्य मिल सके और लिया गया कर्जा भी अदा हो सके। मामूली उछाल के साथ शुरुवार को आलू 451 रुपये से लेकर 611 रुपये कुंतल ही बिका।


कचहरी में मौजूद अधिवक्ता

## अधिवक्ताओं ने कचहरी में नववर्ष की एक-दूसरे को दी बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नव वर्ष पर अधिवक्ताओं ने कचहरी पहुंचकर अपने कार्य की शुरुआत की और एक दूसरे को नये साल की बधाई दी। बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सलीम राजा ने अधिवक्ताओं के अलावा आये हुए वादकारियों को भी नये साल की बधाई दी और एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। सलीम राजा ने कहा कि कचहरी में हर तरीके से वादकारी आते है, ऐसे में जो गरीब व असहाय वादकारी है उनको मैं अपनी तरीफ से कम शुल्क पर उनका केस लड़ूंगा और हर संभव न्याय दिलाने का कार्य करुंगा। कचहरी खुलते ही ज्यादातर अधिवक्ता एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते दिखे। सर्दी व शीतलहर होने के कारण कम संख्या में वादकारी पहुंचे।

# हाड़ कपाऊ ठंड में लोग हुए बेहाल, सूर्यदेव ने नहीं दिये दर्शन

▸ रैन बसेरा व रोडवेज बस स्टैण्ड पर पसरा सन्नाटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाड़ कपाऊ ठंड में लोग घरों में बैठे है। शीत लहर व कोहरे के कारण बाजार में सन्नाटा है। पूरे दिन इंतजार के बाद भी सूर्य नारायन का दीदार नहीं हुआ।

ऐसे में रोडवेज बस स्टैण्ड पर सवारियों का टोटा रहा। सर्दी के कारण सवारियां भी नहीं निकली। ऐसे में अधिकांश बसें खड़ी रही। सभी रोड पर बसें उपलब्ध होने के बाद भी 8-10 सवारी से ज्यादा नहीं दिखी। रैन बसेरा में भी सन्नाटा रहा। देर शाम तक कोई यात्री रैन बसेरा में नहीं ठहरा था। पिछले 11 दिन से सूर्य का दीदार न होने के कारण लोग सर्दी झेल रहे है। नव वर्ष पर कुछ पल के लिए धूप दिखी। जिससे लोगों को राहत पहुंची। दूसरे दिन घने कोहरे ने ठंड बनाये रखी। सुबह व देर शाम शीत लहर चलने से सर्दी का प्रकोप जारी है। ऐसे में घरों में हीटर व अलाव एक मात्र सहारा है। कुछ दुकानदारों ने बताया कि सर्दी होने के कारण ग्राहक नहीं आ रहे है। जरुरत वस्तुएं लोग मोहल्ले की दुकानों पर खरीद लेते है और बाजार जाने से कतराते है। यही नजारा पूरे दिन रोडवेज बस स्टैण्ड पर रहा, जिस कारण नाम मात्र की सवारियां दिखायी पड़ी।

ऐसे में ना ही सवारियां निकल रही है और न ही लोग सर्दी के कारण सफर करने को तैयार है। जानवर भी सर्दी का दर्द झेल रहे है और पक्षी में बेहाल है। झीलों व नदियों में पानी ठंडा होने के कारण पशु-पक्षी भी बेहाल हो रहे है। घरों की छत पर लगी टंकियों में पानी शीतल होता जा रहा है। हाड़ कपाऊ ठंड से एक मात्र सहारा अलाव व गर्म एवं ऊनी कपड़े है।


रोडवेज रैन बसेरा में पड़ा सन्नाटा


सर्दी के कारण खड़ी बसें

## विभागीय श्रमिकों को कम्बलों के साथ दिये स्टील बाक्स



**कालपी,जालौन।** शुक्रवार को झांसी क्षेत्र के मुख्य वन संरक्षक तथा जनपद के प्रभागीय वनाधिकारी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रमों में नूतन वर्ष के अवसर पर विभाग में कार्य करने वाले श्रमिकों को कम्बलो तथा स्टील वाक्स का वितरण किया गया। भीषण ठंड के मौसम में कम्बल पाकर जरुरतमंद श्रमिकों के चेहरों पर राहत दिखाई दी। वन विभाग कार्यालय कालपी के परिसर में आयोजित कंम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रदीप कुमार ने कहा कि विभाग में कार्य करने वाले दैनिक श्रमिकों तथा पौधशाला श्रमिकों को ठंडक के मौसम में राहत पहुंचाना हम सभी लोगों का दायित्व है। इसलिये भीषण ठंड के मौसम में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कम्बल वितरण किये गये हैं। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि जरुरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुनीत धर्म है। इसलिए सभी लोगों को मानव की सेवा करने के लिए सक्रिय भूमिका अदा करना चाहिए। उन्होंने बताया कि शीतलहर में दैनिक श्रमिकों तथा पौधशाला श्रमिकों को कंबलों का वितरण प्राथमिकता से किया गया है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को वन विश्राम गृह में झांसी क्षेत्र के मुख्य वन संरक्षक एचवी गिरीश की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में श्रमिकों को कम्बल तथा स्टील वाक्स का वितरण किया गया।

# धर्म छुपाकर नाबालिग का किया शारीरिक शोषण

▸ शादी के लिए धर्म परिवर्तन का बना रहा दबाव

▸ पीड़िता की मां की तहरीर पर दो आरोपी गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के एक मोहल्ले में किराये के मकान में रह रही नाबालिग से उसी मोहल्ले के रहने वाले समुदाय विशेष के एक युवक ने अरसा करीब ढाई वर्ष पहले धर्म छुपा कर और नाम बदलकर शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना लिए। अब वह धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। ऐसा न करने पर जान माल की धमकी दी जा रही है। पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने बताया कि वह क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। नगर के एक मोहल्ले में वह किराये पर पुत्री के साथ रह रही है। उसी मोहल्ले के रहने वाले समुदाय विशेष के एक युवक ने नाम बदलकर और धर्म छुपा कर उसकी पुत्री को अपनी बातों में फंसा लिया। उसको शादी का झांसा देकर उसका लगातार शारीरिक शोषण करता रहा और उससे रुपये भी ठगता रहा। जब उसकी पुत्री को सच्चाई का पता चला तो, उस युवक से शिकायत की। उसने कहा कि वह उसके साथ शादी नहीं करेगा। वह दलित समाज की है। यदि शादी करनी है तो उसे इस्लाम कबूल करके अपना धर्म बदलना पड़ेगा। उसने तो मौज मस्ती के लिए झूठ बोलकर उससे शारीरिक संबंध बनाए थे। उसके बाद जब वह थाने जाने के लिए घर से निकली तो उस युवक ने उसकी पुत्री का सिर दीवार में मार दिया तथा उसके अन्य साथियों ने भी बेरहमी से उसकी पुत्री को मारा, जिसके उसकी पुत्री नगर के सौ शैया अस्पताल में भर्ती रही। जब कोतवाली में शिकायत देने की बात कही तो उपरोक्त लोगों ने उसकी पुत्री को गालियां देते हुए धमकी दी कि यदि थाने में शिकायत करने गई, तो तुझे जान से मार देंगे।पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# नववर्ष पर शिक्षकों ने कमियों को दूर करने का लिया संकल्प

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के सभागार में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने नव वर्ष के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रत्येक शिक्षक ने इस वर्ष एक नया संकल्प लिया कि वह इस वर्ष उसे पूरा करेगा और अपनी कमियों को दूर करेगा। संचालन डॉ. संजीव कुमार त्रिवेदी ने किया।

प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने कहा कि नव वर्ष पर हम एक दृढ़ संकल्प लेकर विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, अनुशासन को मजबूत बनाएं। अखिलेश कुमार पांडे ने कहा कि नव वर्ष हमें अपनी असफलताओं एवं कमियों को दूर करके नए संकल्प एवं उत्साह के साथ शामिल होने चाहिए। सरिता शर्मा, निशांत यादव, अंकुर त्रिपाठी, नितिन यादव, प्रवीन कुमार, डॉ0 ब्रजमोहन, डॉ0 जगवीर सिंह यादव, संजीव कुमार, देवाशीष पाठक, संजय गिरी, नितिन यादव, दिलीप कुमार आदि ने भी संबोधित किया। प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकों ने नववर्ष पर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया कि हमें 12वीं और 10वीं के परीक्षार्थियों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम के साथ-साथ एक करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम भी आयोजित करना चाहिए, इसके लिए सभी ने सहमति व्यक्ति की और यह तय किया गया कि जनवरी के मध्य में किसी दिन सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, इंजीनियरिंग, एजुकेशन आदि से संबंधित विशेषज्ञों को बुलाकर विद्यालय में 12वीं और 10वीं के छात्रों को कैरियर काउंसलिंग की सुविधा दी जाएगी।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक

# खनन विभाग पर लापरवाही का आरोप

## जौरहा नाले पर अवैध पुल निर्माण को लेकर किसान अनिश्चितकालीन धरने पर

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद लखीमपुर खीरी के सिंगाही थाना क्षेत्र अंतर्गत जौरहा नाले पर आवंटित खनन पट्टे को लेकर किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

मंझा गांव के समीप जौरहा नाले के किनारे किसान छोटे-छोटे बच्चों के साथ कड़ाके की ठंड में टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुए हैं। किसानों का आरोप है कि खनन विभाग ने नियमों की अनदेखी करते हुए गाटा संख्या 947 पर पुनः खनन पट्टा आवंटित कर दिया है, जिससे आसपास की कृषि भूमि और आबादी पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

धरने पर मौजूद मंझा गांव के किसान परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कि पूर्व में इसी नाले पर हुए खनन के चलते करीब आधा दर्जन मकान कटान की चपेट में आ चुके हैं। अब दोबारा खनन पट्टा दिए जाने से किसानों की जमीनें फिर से कटान के खतरे में आ गई हैं, जिससे ग्रामीण भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

किसानों का आरोप है कि खनन ठेकेदारों ने बालू से लदे भारी वाहनों की आवाजाही के लिए नियमों को ताक पर रखकर जौरहा नाले पर दर्जनों होम पाइप डालकर एक अवैध पुल का निर्माण कर दिया है। इससे नाले का प्राकृतिक जल प्रवाह बाधित हो रहा है और भविष्य में बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई है।

ग्रामीणों के अनुसार, वे इस मामले को लेकर दो बार जिलाधिकारी से मिल चुके हैं। जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम भी दो बार मौके पर पहुंची, लेकिन किसानों का कहना है कि खनन विभाग के अधिकारियों ने उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। न तो अब तक जांच का कोई ठोस निष्कर्ष सामने आया है और न ही जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है।

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि खनन ठेकेदार द्वारा पीडब्ल्यूडी मार्ग के किनारे बालू तौलने के लिए एक कांटा (वेइंग मशीन) स्थापित किया गया है। इसके लिए बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत कनेक्शन भी दे दिया गया, जिससे विभिन्न विभागों की मिलीभगत के आरोप और गहराते जा रहे हैं।

धरना दे रहे किसानों का स्पष्ट कहना है कि जब तक खनन पट्टा निरस्त नहीं किया जाता और जौरहा नाले पर बनाए गए अवैध पुल को हटाया नहीं जाता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। किसानों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि उनकी जमीन, घर और आजीविका सुरक्षित रह सके।

## दो नेपाली तस्कर गिरफ्तार
### 50 ग्राम स्मैक बरामद

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।** कमांडेंट देवानंद के निर्देशन में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) तृतीय बटालियन, लखीमपुर खीरी द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई। सीमा चौकी दीपनगर (बीओपी) के बीओपी कमांडर एवं डागां चौकी के असिस्टेंट कमांडेंट चेतराम नेगी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिकुनिया की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो नेपाली नागरिक मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए आ रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु गुलरिया घाट के पास तिकुनिया थाना पुलिस तथा बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक यादव के साथ संयुक्त रूप से विशेष नाका लगाया गया। नाकाबंदी के दौरान एक नेपाली मोटरसाइकिल को रोका गया। तलाशी के समय मोटरसाइकिल पर रखे आलू के कट्टे के भीतर एक पेपर बैग, जिसके चारों ओर प्लास्टिक टेप लिपटा हुआ था, बरामद हुआ। संदिग्ध वस्तु के संबंध में पूछताछ करने पर उसमें स्मैक होने की पुष्टि हुई। मौके से 50 ग्राम स्मैक, एक मोटरसाइकिल तथा दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में थाना तिकुनिया में प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# किशन नगर में मोबाइल टावर पर चढ़े अधेड़ की बची जान

▸ पुलिस व ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**



तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किशननगर गांव में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अधेड़ व्यक्ति अचानक गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया। घटना पर ग्रामीणों की नजर पड़ते ही हड़कंप मच गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही तिकुनिया कोतवाली पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से टावर पर चढ़े अधेड़ व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशननगर कड़िया निवासी लगभग 55 वर्षीय हैरानू पुत्र गणेशी बीते दो-तीन दिनों से ब्लड प्रेशर की बीमारी से पीड़ित था। शुक्रवार सुबह अचानक मानसिक तनाव की स्थिति में वह गांव के मोबाइल टावर पर चढ़ गया। ऊपर पहुंचने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया, जिससे उसकी जान को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से हैरानू को होश में लाकर सुरक्षित नीचे उतारा। इस सराहनीय बचाव कार्य में कल्पनाथ, छोटू, छोटेलाल, विनय, रामबहादुर और सचिन सहित कई ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई। बताया गया कि हैरानू का एक बेटा और बहू बाहर रहते हैं।

घटना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, बेलरायां चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर मौजूद रहे। तिकुनिया कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि मोबाइल टावर पर चढ़े अधेड़ को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह ब्लड प्रेशर का मरीज है और बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। समय रहते पुलिस, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे पूरे क्षेत्र ने राहत की सांस ली।

## खबरें एक नजर में

### हर तहसील में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर व जूनियर अधिवक्ताओं को स्टाइपेंड देने का वादा

▸ अक्शा अज़ीम ने अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर मांगा समर्थन



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** बार काउंसिल उत्तर प्रदेश की सदस्य पद की प्रत्याशी अक्शा अज़ीम ने तहसील गोला में अधिवक्ताओं से मुलाकात कर जनसंपर्क अभियान चलाया और उनसे समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ता सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित किया। अपने संबोधन में अक्शा अज़ीम ने कहा कि यदि अधिवक्ताओं ने उन्हें अवसर दिया और वे बार काउंसिल की सदस्य निर्वाचित होती हैं, तो तहसील स्तर के अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान को अपनी प्राथमिकता बनाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक तहसील में अधिवक्ताओं के लिए चैंबर की व्यवस्था कराना उनकी पहली पहल होगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जूनियर अधिवक्ताओं को ?5000 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिलाने, प्रत्येक तहसील में अधिवक्ताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त शौचालयों का निर्माण कराने तथा अधिवक्ताओं के हित से जुड़ी सभी कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए वे निरंतर संघर्ष करेंगी। अक्शा अज़ीम ने कहा कि वे अपने सभी अधिवक्ता साथियों के सुख-दुख में सदैव सहभागी रहेंगी और उनकी आवाज को मजबूती के साथ बार काउंसिल में उठाएंगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लाल बिहारी वर्मा, महामंत्री अनूप वर्मा, उपाध्यक्ष तारिक इस्लाम, संयुक्त मंत्री सुमित गिरी, पूर्व मंत्री नरेंद्र शुक्ला, हरिनाम पांडेय, बिजेंद्र यादव, नागेंद्र सिंह एडवोकेट, सत्यनारायण पांडे एडवोकेट, बच्चा बाबू मिश्र एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे और प्रत्याशी को पूर्ण समर्थन व सहयोग देने का भरोसा जताया।

### जेसीआई लखीमपुर ने कड़ाके की ठंड में नवजात शिशुओं को बांटे कम्बल



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** कड़ाके की ठंड के बीच जेसीआई लखीमपुर ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए जिला चिकित्सालय पहुंचकर नवजात शिशुओं को कम्बल वितरित किए। संस्था के सदस्यों ने रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान नवजात शिशुओं एवं उनकी माताओं को ठंड से बचाव हेतु कम्बल प्रदान कर राहत पहुंचाई। यह समाजसेवी कार्यक्रम संस्थाध्यक्ष सचिन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में कार्यक्रम निदेशक ज्योति शर्मा एवं सुमित शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी राजेश पटेल के साथ-साथ पूर्वाध्यक्ष राम मोहन गुप्ता, तुषार गर्ग, योगेश जोशी, निवर्तमान अध्यक्ष शुभम टण्डन, सचिव राहुल अग्रवाल, राहुल माथुर, विश्वास सेठ, अर्चित महेन्द्रा, कुशाग्र अग्रवाल, मीता गर्ग, शोभना गुप्ता, मुक्ति अग्रवाल, पारुल पटेल, श्वेता अग्रवाल, पूजा पूरी सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। इस पहल से जिला चिकित्सालय में जन्मे 100 से अधिक नवजात शिशु लाभान्वित हुए। संस्था द्वारा शीघ्र ही गर्म जैकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी योजना है। संस्था के मीडिया प्रभारी एवं पूर्वाध्यक्ष आर्येन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जेसीआई लखीमपुर ने इस समाजसेवी कार्य के माध्यम से अपने नवीन सत्र की सकारात्मक शुरुआत की है, और भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

### शराब के नशे में व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बबेरू/बाँदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कस्बे में अज्ञात कारणों के चलते शराब के नशे में एक 54 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही की गई है। बबेरू कस्बे के विभार थोक मोहल्ले के रहने वाले राकेश सोनी पुत्र विश्वनाथ सोनी उम्र करीब 54 वर्ष यह गुरुवार व शुक्रवार की मध्य रात्रि अपने सुने मकान पर शराब के नशे में मफलर के सहारे कमरे के रोशनदान में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार की सुबह परिजनों ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतर कर नीचे उतरवाया और कमरे में जांच की गई, तो कमरे के अंदर ही शराब की सीसी मिली, शव का पंचनामा की कार्यवाही की गई है. जानकारी के मुताबिक मृतक राकेश सोनी तीन भाइयों में सबसे बड़ा था, इस घटना को देखते हुए मृतक की मां संपत देवी भाई गोपाल सोनी, घनश्याम सोनी सहित पूरे परिवार का रो कर बुरा हाल है।

# गुलरिया चीनी मिल में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

▸ जागरूकता रैली निकालकर दिया संदेश

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड इकाई-गुलरिया में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ किया गया। मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। यह अभियान एक जनवरी से 31 जनवरी तक चलाया जाएगा।

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मिल प्रबंधन द्वारा किसानों, कर्मचारियों व अधिकारियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की गई। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

इस अवसर पर सड़क सुरक्षा संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली को मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली मिल परिसर से निकलकर आसपास के क्षेत्रों से होते हुए वापस पहुंची। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, किसान (फार्म एवं सेफ्टी) तथा बड़ी संख्या में मिलकर्मी मौजूद रहे। मिल प्रबंधन ने सड़क सुरक्षा माह के दौरान इसी तरह के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाने की जानकारी दी।

# सीडीओ अभिषेक सिंह ने रकेहटी गोशाला का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



रकेहटी के झोलहू मेला मैदान में स्थित अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल का मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 390 गौवंश संरक्षित मिले, जिनमें 179 नर और 211 मादा पशु शामिल हैं। इस दौरान तीन पशु बीमार पाए गए, जिनके उपचार के लिए मौके पर मौजूद चिकित्सक को तत्काल इलाज के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। गौशाला में कुल पांच शेड बने पाए गए, जिनमें ठंडी हवा से बचाव के लिए त्रिपाल ढके हुए थे। पशुओं को ठंड से राहत देने के लिए अलाव जलते मिले। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि गौशाला में 70 बैग पशु आहार और 180 कुंतल भूसा स्टोर में उपलब्ध है। इसके अलावा हरे चारे और स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है।

सीडीओ ने मौके पर मौजूद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सचान को पशुओं के नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही गौशाला के अभिलेखों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। अभिलेखीय और भौतिक निरीक्षण के बाद सीडीओ ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सर्दी से बचाव के लिए पशुओं को प्रतिदिन ताजा पानी उपलब्ध कराने, बैठने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों का प्रयोग करने तथा बीमार पशुओं को अलग रखने और उनके उपचार की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। बीमार पशुओं के रखरखाव और इलाज की व्यवस्था पर भी संतोष जाहिर किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर के टीन शेड में संचालित अस्थायी पंचायत घर का भी अवलोकन किया गया। ग्राम पंचायत में स्थायी पंचायत भवन न होने पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को डीपीआरओ से वार्ता कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। गौशाला में ही अस्थायी पंचायत भवन संचालित होने के कारण पंचायत सहायक से जन्म-मृत्यु पंजिका का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही गौसेवकों से उनके पारिश्रमिक के संबंध में जानकारी ली गई। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह, पंचायत सचिव पवन द्विवेदी, ग्राम रोजगार सेवक संजय कुमार सहित केयर टेकर और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निघासन में 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब



भक्तिमय वातावरण में दस हजार श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** निघासन कस्बे के झंडी रोड पर आयोजित राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 251 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिरस से सराबोर नजर आया। सुबह से देर शाम तक चले धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। महायज्ञ स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, परियोजना निदेशक सोमनाथ चौरसिया, खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा भी पहुंचे। अधिकारियों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

## 25 हजार रुपए के इनामियां वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वाछिंत/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी के क्रम में थाना चिल्ला पुलिस द्वारा 25 हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना चिल्ला क्षेत्रान्तर्गत युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व दहेज मांगने के मामलें में धारा 376/323/504/506 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था । जिसमें अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा था जिसके शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में आज थाना चिल्ला पुलिस द्वारा अभियुक्त को सादीमदनपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम नवाजुद्दीन उर्फ सद्दाम उर्फ नयाजुद्दीन पुत्र नजीबुद्दीन निवासी सादीमदनपुर थाना चिल्ला जनपद बांदा है।

# कांग्रेस नेता के निधन पर प्रदेश अध्यक्ष ने भेजा संवेदना पत्र



**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस नेता ज्वाला प्रसाद ओझा के निधन पर कांग्रेसियों ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का अशोक संवेदना पत्र देकर पारिवारिक जनों का बंधाया ढाहस।

अतर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम तुर्रा के मजरा ओझन पुरवा निवासी कांग्रेस नेता ज्वाला प्रसाद पूर्व कल्लू ओझा का बीते दिनों निधन हो गया जिस पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने निधन पर शोक व्यक्त किया प्रदेश अध्यक्ष के शोक संवेदना पत्र को कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के निर्देश पर कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व नरैनी विधानसभा प्रभारी सूरज बाजपेई ने कांग्रेस नेता की घर पहुंच कर उनके बेटे नर्मदा प्रसाद ओझा अशोक पत्र देकर परिवारजनों का ढाहस बढ़ाया व कांग्रेस पार्टी द्वारा उनके मदद का हर संभव भरोसा दिया बताते चले की ज्वाला प्रसाद ओझा कांग्रेस के इंदिरा गांधी के समय से कांग्रेस से जुड़े रहे हैं कई पदों पर रहे वह पूर्व विधायक हरबंस पांडे के करीबी रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ उत्तर प्रदेश युवा प्रदेश अध्यक्ष सुधीर चक्रवर्ती का जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया वही सभी लोगों ने जन्मदिन पर उनको ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई दी। इस मौके पर सहयोगी सुल्तान प्रजापति युवा जिला अध्यक्ष बांदा, निरंजन चक्रवर्ती,भाऊराम प्रजापति ,डा.विनय प्रजापति, दीपक कुमार निरंजन, रामकुमार प्रजापति, देव कुमार निषाद,प्रोफेसर बी डी प्रजापति,प्रोफेसर गोरेलाल प्रजापति,शिवकुमार प्रजापति मास्टर साहब, शेफाली प्रजापति, मलखे श्रीवास महासचिव बसपा, भोला नेताजी, शिवमोहन मास्टर, रमेश डॉक्टर, प्रेम प्रजापति ,पप्पू , नत्थू फौजी साहब सहित सैकड़ों साथी मौजूद रहे।

## पत्रकार महेश द्विवेदी बने बांदा प्रेस ट्रस्ट के विस्तारक



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पत्रकारिता के क्षेत्र में लम्बे अनुभव और बेदाग छवि के लिए जाने जाने वाले वरिष्ठ पत्रकार महेश द्विवेदी ने आज बांदा प्रेस ट्रस्ट के विस्तारक पद का औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बीपीटी के जिला कार्यालय में सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महेश द्विवेदी ने पैलानी क्षेत्र में लगातार 17 वर्षों तक एक समाचार पत्र में सेवाएं देकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। ग्रामीण पत्रकारिता से लेकर प्रशासनिक, सामाजिक और जनसमस्याओं पर उनकी मजबूत पकड़ रही है। हाल ही में उन्होंने नवसत्ता समाचार पत्र में ब्यूरो चीफ के रूप में नई जिम्मेदारी संभाली है, जिससे उनके अनुभव को और व्यापक मंच मिला है। पदभार ग्रहण के बाद महेश द्विवेदी ने कहा कि 卐बांदा प्रेस ट्रस्ट केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों का परिवार है। संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना और ईमानदार पत्रकारों को साथ लेकर चलना मेरी प्राथमिकता रहेगी।卐बीपीटी पदाधिकारियों ने उनके आगमन का स्वागत करते हुए कहा कि महेश द्विवेदी जैसे अनुभवी और जमीनी पत्रकार के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और पत्रकारों के हितों की रक्षा को लेकर जल्द ही नई कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अवसर पर ट्रस्टी अनिल तिवारी, जिलाध्यक्ष रमाकांत तिवारी, महासचिव अंशू गुप्ता एवं सुशील मिश्रा नरेश निगम पत्रकार सहित अनेक पत्रकार साथी उपस्थित रहे। सभी ने महेश द्विवेदी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प को दोहराया।

# मछली पालन से संपन्नता की राह पर बढ़ रहीं महिलाएं

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



▸ उत्तर प्रदेश और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की योजना बना रही निर्भर

▸ अलग-अलग ब्लाकों में 19 समूह कर रहे हैं मछली पालन, 350 महिलाएं जुड़ीं

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से शुरू किए गए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन का प्रभाव अब दिखाई देने लगा है। जिले में महिलाएं मछली पालन से आर्थिक संपन्नता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। जिले में इसके लिए 19 समूह काम कर रहे हैं। इनमें लगभग 350 महिलाओं का चयन व प्रशिक्षण भी हुआ है। अलग-अलग क्षेत्र में 82 बायो फ्लॉक टैंक बनाए गए हैं जिनमें मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार से नामित एक प्राइवेट कंपनी इसकी देखरेख कर रही है जिस पर मछलियों के उत्पादन से लेकर बिक्री तक की जिम्मेदारी है।

बांदा जिले में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिले के चार ब्लाकों में मछली पालन का स्टार्टअप हुआ है जिसमें नरैनी, बबेरू, बिसंडा व बड़ोखर खुर्द शामिल है।19 महिला समूह मछली पालन का कार्य कर रहे हैं। इसके लिए बबेरू क्षेत्र में 50, बिसंडा क्षेत्र में 22 व नरैनी क्षेत्र में 10 जगह बायो फ्लाक टैंक बनाये गए हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इन महिला समूहों को सब्सिडी दिलाने की भी प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी कराए गए हैं। एक फ्लाक टैंक की पूरी प्रक्रिया में 60 हजार रूपये तक का खर्च होता है जिसमें 30 हजार रुपए सब्सिडी देने का प्रावधान है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से नामित नेचर जनिक्स कंपनी पूरी प्रक्रिया की देखरेख कर रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के डिप्टी कमिश्नर भईयन लाल ने बताया कि बांदा जिले में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्टार्टअप के रूप में 4 ब्लाकों में महिला समूहों के द्वारा मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। महिला समूह इसको करने में अपनी रुचि भी दिखा रही हैं। आने वाले समय में महिलाओं के और भी समूह इससे जुड़ेंगे और मछली पालन कर अच्छा मुनाफा कमाएंगे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नए वर्ष

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नूतन वर्ष पर ग्राम भदेहदू की सिद्धपीठ मां गौरिया दाई मंदिर में कन्या पूजन प्रीति भोज, हवन यज्ञ, माताजी की झांकी लेकर प्रभात फेरी बुन्देलखण्ड की प्रसिद्ध दिवारी नृत्य, रामलीला ,अतिथि स्वागत, महा प्रसाद वितरण के साथ साथ विशाल मेले का आयोजन शांति पूर्ण संपन्न हुआ इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अजय सिंह पटेल पूर्व प्रत्याशी विधानसभा बबेरू, मुँगीलाल पटेल अध्यक्ष पटेल सेवा संस्थान बांदा, नीरज पांडे प्रबंधक रामलीला कमेटी बबेरू सहित क्षेत्र के गणमान्य प्रतिनिधि एवं लाखों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र सिंह पटेल अध्यक्ष पटेल उत्थान समिति बबेरू ने की। आयोजित सामूहिक कार्यक्रमों एवं मेले में सेवा सहयोग में महेश मास्टर, राजेश, मास्टर, विजय कुमार मास्टर, सदाशिव मास्टर, सभाजीत पटेल विनय सिंह, शिवनारायण कल्लू, अमर सिंह, प्रदीप पटेल, राजेश कुमार, वेदप्रकाश, विक्रम, राजू, बुद्धविलास, हीरालाल, राममूरत, संजय मुखिया, विनोद कुमार, रणविजय, रामखेलावन, श्रीराम, मुन्ना बाथम, सहित सैकड़ों ग्राम वासियों ने दिन रात सेवा में लगे रहे। वहीं संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक ने किया।

# नरैनी में शिवशक्ति अखाड़ा ने भरी हुंकार

▸ रामलीला मैदान से निकली भव्य रैली, शस्त्र प्रदर्शन देख दंग रह गए लोग

**नरैनी (बांदा), समृद्धि न्यूज।**



सनातन संस्कृति की रक्षा और हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से शिवशक्ति अखाड़ा द्वारा नगर में शौर्य प्रदर्शन एवं जनजागृति रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह रैली ऐतिहासिक रामलीला मैदान से जयघोष के साथ प्रारंभ हुई, जो नगर के चारों मुख्य मार्गों से होते हुए प्रमुख चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई।

रैली के दौरान नगर का दृश्य उस समय अत्यंत जोशपूर्ण हो गया जब हनुमान चौक और मुख्य चौराहे पर संन्यासियों ने पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन किया। संन्यासियों द्वारा किए गए शस्त्र अभ्यास को देखकर स्थानीय नागरिक मंत्रमुग्ध रह गए। अखाड़े के संन्यासियों ने युवाओं को संदेश दिया कि आज के समय में केवल शास्त्र ही नहीं, बल्कि स्वरक्षा के लिए शस्त्र अभ्यास का ज्ञान होना भी अनिवार्य है। उन्होंने समाज को शारीरिक रूप से सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनने पर विशेष बल दिया।

अखाड़े के संस्थापक मधुरामशरण शिवाजी ने अपने संबोधन में जातिवाद और आपसी भेदभाव पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि हिंदू समाज संगठित नहीं हुआ, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिहंदू राष्ट्रश् की संकल्पना तभी पूरी होगी जब समाज के अंतिम छोर पर खड़ा व्यक्ति भी अपनी पहचान के प्रति गर्व महसूस करेगा और राष्ट्र रक्षा के लिए एकजुट होगा। आयोजक सोनू करवरिया के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में सनातनी बंधु और युवा शामिल हुए। रैली में सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनसमूह ने शिवशक्ति अखाड़ा के सिद्धांतों का पालन करने और समाज की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।